CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 27°C
न्यूनतम : 14°C

मुजफ्फरनगर, गुरुवार 26 मार्च 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 67 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com | चैत्र कृष्ण पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2083 | 6 शव्वाल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



केवाईसी सख्ती से उप्र में 20 लाख एलपीजी कनेक्शन निष्क्रिय पेज 2



मार्क्स स्टोइनिस और कूपर कोनोली पंजाब किंग्स टीम में शामिल हुए खेल टाइम्स



चंद्रमा के प्राचीन चुंबकीय क्षेत्र का रहस्य सम्पादकीय



ट्रम्प के लिए होर्मुज स्ट्रेट खुलवाना मुश्किल! पेज 12

# ईरान की मिसाइलों से घबराकर भागा 'USS अब्राहम लिंकन'



**ईरान ने मिसाइलों से किया अटैक, अमेरिकी युद्धपोत ने इलाका छोड़ा**

**ईरानी अधिकारी बोले- रेंज में आया, तो फिर हमला करेंगे**

**ईरानी सेना ने जंग के 26वें दिन की कार्रवाई**

**तेहरान।** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच ईरान ने बड़ा दावा करते हुए कहा है कि उसने अमेरिका के सबसे ताकतवर युद्धपोत यूएसएस अब्राहम लिंकन को मिसाइलों से निशाना बनाया है। ईरान का कहना है कि उसके तटीय क्रूज मिसाइलों ने समुद्र में तैनात इस युद्धपोत को टारगेट किया।

इस दावे ने पहले से ही तनावपूर्ण हालात को और ज्यादा गंभीर बना दिया है। हालांकि इस हमले को लेकर अमेरिका की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। ईरान की सेना के मुताबिक युद्ध के 26वें दिन यह कार्रवाई की गई। ईरानी नौसेना ने कहा कि अब्राहम लिंकन लगातार उसकी निगरानी में था और जैसे ही वह मिसाइल की रेंज में आया, उसे निशाना बनाया गया। ईरान ने साफ किया है कि वह अमेरिका के हर कदम पर नजर रखे हुए है और जरूरत पड़ने पर जवाबी कार्रवाई जारी रखेगा। इस बीच पाकिस्तान ने अमेरिका के युद्धविराम प्रस्ताव को ईरान तक पहुंचाया है, लेकिन तेहरान ने बातचीत के संकेतों को खारिज कर दिया है। ईरान का दावा है कि उसने सफलतापूर्वक हमला किया, लेकिन अमेरिका की तरफ से इस पर कोई पुष्टि नहीं आई है। ऐसे में इस दावे की सच्चाई को लेकर सवाल बने हुए हैं। हालांकि यह साफ है कि दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर है और सैन्य गतिविधियां लगातार बढ़ रही हैं। ईरानी नौसेना प्रमुख शहराम ईरानी ने कहा कि अमेरिकी कैरियर स्ट्राइक ग्रुप की हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि जैसे ही यह बेड़ा मिसाइल रेंज में आएगा, उस पर और भी शक्तिशाली हमले किए जाएंगे।

# भारत में ईंधन का कोई संकट नहीं: केंद्र सरकार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और सोशल मीडिया पर फैल रही भ्रामक खबरों के बीच केन्द्र और राज्य संचालित तेल कंपनियों ने स्पष्ट किया है कि भारत में पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है।

पिछले 48 घंटों के दौरान पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति बाधित होने की अफवाहें तेजी से फैलीं, जिससे देश के कुछ हिस्सों में लोगों में चिंताएं बढ़ीं और कुछ पेट्रोल पंपों पर भीड़ देखी गई। हालांकि अधिकारियों ने इन आशंकाओं को पूरी तरह निराधार बताया और कहा कि भू-राजनीतिक तनाव के बावजूद भारत की ईंधन सुरक्षा मजबूत बनी हुई है। एक विस्तृत परामर्श में भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने नागरिकों को आश्वस्त किया है कि देश में ईंधन का पर्याप्त भंडार मौजूद है और सभी आपूर्ति श्रृंखलाएं सामान्य रूप से काम कर रही हैं। कंपनी ने कहा कि पेट्रोल और डीजल की कमी की अफवाहें पूरी तरह गलत हैं और घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। पेट्रोल और डीजल की कमी को लेकर फैलाई जा रही खबरें पूरी तरह निराधार हैं। भारत में ईंधन का पर्याप्त भंडार है और आपूर्ति व्यवस्था सामान्य है। बीपीसीएल पूरी तरह संचालन में है और निर्बाध ईंधन आपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है। कृपया अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल आधिकारिक स्रोतों पर ही भरोसा करें।

## 35 नहीं, 25 दिन में ही मिलेगा शहरों में सिलेंडर



**नई दिल्ली।** एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग समयसीमा में बदलाव को लेकर फैल रही खबरों को केंद्र सरकार ने पूरी तरह खारिज कर दिया है।

पेट्रोलियम मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि बुकिंग नियमों में कोई बदलाव नहीं किया गया है और मौजूदा व्यवस्था ही लागू है। मंत्रालय के अनुसार, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स और सोशल मीडिया पोस्ट में दावा किया जा रहा था कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना कनेक्शन के लिए 45 दिन, गैर-पीएमयूवाई सिंगल सिलेंडर के लिए 25 दिन और डबल सिलेंडर के लिए 35 दिन की नई समयसीमा लागू की गई है। सरकार ने इन दावों को भ्रामक और गलत बताया है। एलपीजी रीफिल बुकिंग की मौजूदा समयसीमा पहले की तरह ही लागू रहेगी। शहरी क्षेत्रों में 25 दिन और ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन, जो सभी प्रकार के कनेक्शनों पर समान रूप से लागू है। सरकार ने नागरिकों से अपील की है कि वे ऐसी अफवाहों पर विश्वास न करें और न ही उन्हें आगे फैलाएं। साथ ही, अनावश्यक या घबराहट में एलपीजी बुकिंग करने से बचने की सलाह दी गई है।

# सार्वजनिक कार्यक्रमों में वंदेमातरम अनिवार्य नहीं: SC

## कोर्ट ने कहा: जब इसके लिए सजा होने लगेगी, तब विचार करेंगे, याचिका खारिज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' गाने को लेकर गृह मंत्रालय के सर्कुलर के खिलाफ दायर याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि पब्लिक प्लेस और सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिए जारी यह निर्देश अनिवार्य नहीं है। सर्कुलर को चुनौती देने वाली याचिका समय से पहले दायर की गई है। मामला सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम. पंचोली की बेंच में था।

बेंच ने कहा कि गृह मंत्रालय की एडवाइजरी में वंदेमातरम न गाने पर किसी भी तरह की सजा का प्रावधान नहीं है। बेंच ने कहा कि ये दिशानिर्देश केवल एक प्रोटोकॉल हैं और इनका पालन करना अनिवार्य नहीं है। जब याचिकाकर्ता के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई होगी, या फिर उसके लिए गाना अनिवार्य किया जाएगा, तब हम इन सब बातों पर ध्यान देंगे। अदालत मुहम्मद सईद नूरी द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी। सीजेआई ने कहा कि हमें वह नोटिस दिखाइए जिसमें आपको राष्ट्रगान बजाने के लिए मजबूर किया गया है। आप एक स्कूल चलाते हैं, हमें यह भी नहीं पता कि वह मान्यता प्राप्त है या नहीं। इस पर उनके वकील ने कहा कि जो व्यक्ति वंदेमातरम गाने या राष्ट्रगीत के समय खड़े होने से इन्कार करता है, उस पर हमेशा बहुत बड़ा बोझ होता है। सलाह देने के बहाने लोगों को साथ गाने के लिए मजबूर किया जा सकता है। इस पर जस्टिस बागची ने कहा कि यह सिर्फ एक दृष्टिकोण है और लोग इससे असहमत हो सकते हैं। अगर आपके खिलाफ कोई एक्शन होता है, नोटिस आता है, तो आप फिर से कोर्ट आ सकते हैं। फिलहाल यह याचिका भेदभाव के एक अस्पष्ट अंदेशे के अलावा और कुछ नहीं है। गृह मंत्रालय ने 28 जनवरी को एक आदेश जारी किया था। जिसमें कहा गया था कि अब सरकारी कार्यक्रमों, स्कूलों या अन्य औपचारिक आयोजनों में 'वंदे मातरम' बजाया जाएगा। इस दौरान हर व्यक्ति का खड़ा होना अनिवार्य होगा। यह आदेश 28 जनवरी को जारी हुआ, लेकिन मीडिया में इसकी जानकारी 11 फरवरी को आई।

## रेप पीड़ित बच्ची को थाने बुलाने पर सुप्रीम कोर्ट नाराज

**गुरुग्राम पुलिस से कहा: यह शॉकिंग, पुलिस पीड़ित के घर क्यों नहीं जा सकती, क्या वे राजा हैं**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने तीन साल की बच्ची से रेप के मामले में असंवेदनशील रवैये के लिए हरियाणा पुलिस और बाल कल्याण समिति को जमकर फटकार लगाई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हरियाणा पुलिस द्वारा पीड़ित से मिलने के बजाय उसे थाने बुलाना शर्मनाक है। कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि पुलिस अफसरों को देखिए, उनकी पोजिशन देखिए। पुलिस स्टेशन में डीसीपी, एएसपी रहते हैं। इस अपराध में आपकी यही समझ है, तो फिर कानून किसे कहेंगे? यह शॉकिंग है। पुलिस पीड़ित के घर क्यों नहीं जा सकती? क्या वे राजा हैं? सुप्रीम कोर्ट ने मामले की जांच के लिए हरियाणा कैडर की महिला आईपीएस अधिकारियों सहित तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया है।



## आर्थिक बोझ का हवाला देकर मुआवजा नहीं छीन सकते

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को 2019 से पहले हुए भूमि अधिग्रहण मामलों में सोलाटियम और ब्याज देने से जुड़े अपने फैसले पर नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) की पुनर्विचार याचिका खारिज कर दी है। इससे किसानों और जमीन मालिकों को राहत मिली है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने कहा कि जमीन अधिग्रहण के मामलों में सही मुआवजा मिलना संवैधानिक अधिकार है। इसे कमजोर नहीं किया जा सकता। इसे सरकार पर पड़ने वाले आर्थिक बोझ से नहीं जोड़ा जा सकता। पूरा मामला उन भूमि अधिग्रहण मामलों से जुड़ा है जो 2019 से पहले हुए थे, जिसमें प्रभावित लोगों को सोलाटियम और ब्याज देने का सवाल था।

एनएचएआई ने पहले के फैसले को चुनौती देते हुए पुनर्विचार याचिका दायर की थी, लेकिन कोर्ट ने इसे खारिज करते हुए अपने पुराने फैसले को बरकरार रखा।

## उप्र में रामनवमी पर 26-27 मार्च को अवकाश घोषित

**लखनऊ।** रामनवमी पर योगी सरकार ने बड़ा निर्णय लिया है। पहले से घोषित 26 मार्च के सार्वजनिक अवकाश के साथ अब 27 मार्च को भी छुट्टी घोषित कर दी गई है। मंदिरों में रामनवमी के दौरान श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है। हर साल इस पर्व पर बड़ी संख्या में लोग पूजा-अर्चना और दर्शन के लिए मंदिरों में पहुंचते हैं।

## अजित पवार प्लेन क्रैश मामले में बेंगलुरु में एफआईआर

**बेंगलुरु।** महाराष्ट्र के बारामती में हुए विमान हादसे में डिप्टी सीएम अजित पवार की मौत के मामले में बेंगलुरु में जीरो एफआईआर दर्ज की गई है। एफआईआर उनके भतीजे और एनसीपी (एसपी) विधायक रोहित पवार की शिकायत पर दर्ज हुई है। उन्होंने हादसे को आपराधिक साजिश बताया है। उन्होंने 5 मुख्य आरोप लगाए हैं। रोहित ने कहा कि उन्होंने मुंबई के मरीन ड्राइव पुलिस स्टेशन, बारामती पुलिस और महाराष्ट्र सीआईडी से संपर्क किया, लेकिन कहीं भी एफआईआर दर्ज नहीं की गई। इसके बाद उन्होंने 23 मार्च को बेंगलुरु में जीरो पर एफआईआर दर्ज कराई। जहां अपराध हुआ है उसे छोड़कर देश के किसी भी थाने में उस अपराध की एफआईआर दर्ज कराई जाती है तब उसे जीरो एफआईआर कहते हैं। इसे फिर संबंधित थाने में ट्रांसफर कर दिया जाता है। कर्नाटक पुलिस ने केस दर्ज कर इसे महाराष्ट्र पुलिस को ट्रांसफर कर दिया है।

# केंद्र से उड़ान 2.0 योजना को मंजूरी, 100 एयरपोर्ट बनेंगे

शाह टाइम्स ब्यूरो



- **कैबिनेट बैठक में लिए कई अहम फैसले**
- **इमिग्रेशन, वीजा और विदेशी नागरिक ट्रैकिंग से जुड़ी IVFRT योजना पांच साल के लिए बढ़ी**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बुधवार को कैबिनेट बैठक में कई अहम फैसले लिए हैं। इनमें 2030-35 के नए पर्यावरण लक्ष्य तय करना, मोडिफाइड उड़ान योजना को मंजूरी और इमिग्रेशन सिस्टम के आधुनिकीकरण के लिए आईवीएफआरटी 3.0 योजना शामिल हैं। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि कैबिनेट ने मोडिफाइड रीजनल एयर कनेक्टिविटी योजना उड़ान 2.0 को मंजूरी दी है। इसके तहत 100 नए एयरपोर्ट विकसित किए जाएंगे। इस पर 28,840 करोड़ रुपये खर्च होंगे। कैबिनेट ने इमिग्रेशन, वीजा और विदेशी नागरिक ट्रैकिंग से जुड़ी आईवीएफआरटी 3.0 योजना को 31 मार्च 2031 तक 5 साल के लिए बढ़ाने को मंजूरी दी है। इसके लिए 1,800 करोड़ का बजट रखा गया है, जिसका इस्तेमाल इमिग्रेशन चेक पोस्ट पर एआई टूल्स, आइरिस स्कैनिंग (आंखों की स्कैनिंग) और बायोमेट्रिक आथेंटिकेशन के लिए इस्तेमाल होगा। अश्विनी वैष्णव ने बताया कि भारत ने जीडीपी के मुकाबले उत्सर्जन तीव्रता (एमिशन इंटेंसिटी) में 36 फीसदी की कमी हासिल कर ली है। 2030 का एक लक्ष्य 2025 में ही हासिल कर लिया गया और 2026 में उसे पार भी कर लिया गया।

## कांग्रेस को 24 अकबर रोड स्थित कार्यालय खाली करने का नोटिस

**नई दिल्ली।** सरकार ने कांग्रेस पार्टी को उसके 24 अकबर रोड स्थित कार्यालय और पांच रायसीना रोड स्थित युवा कांग्रेस कार्यालय को खाली करने को कहा है। सूत्रों के अनुसार संपदा निदेशालय ने नोटिस भेजकर कांग्रेस से ये दोनों कार्यालय 28 मार्च तक खाली करने को कहा है। कांग्रेस पार्टी ने पिछले वर्ष अपना मुख्यालय इंद्रा भवन में स्थानांतरित कर लिया था, लेकिन वह 24 अकबर रोड पर अपना कार्यालय बनाए हुए है। नोटिस के संबंध में कांग्रेस के राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि यह नोटिस दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार लोकतांत्रिक नहीं है। पार्टी इस मसले पर वैधानिक और राजनीतिक रूप से चर्चा कर आगे कदम उठाएगी। पार्टी सूत्रों के अनुसार कांग्रेस इस मसले पर अदालत का रुख अख्तियार करने की तैयारी कर रही है। गौरतलब है कि करीब 48 वर्षों से 24 अकबर रोड के बंगले में कांग्रेस का मुख्यालय है।



## संक्षिप्त समाचार

### बीएसएफ ने एक पाक घुसपैठिए को किया गिरफ्तार

**जम्मू।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के चौकस जवानों ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले के रामगढ़ सेक्टर में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास से एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने बताया कि बीएसएफ के जवानों ने रामगढ़ सेक्टर में भल्लर सीमा चौकी के पास एक पाकिस्तानी व्यक्ति की हलचल देखकर उसे ललकारा और जब वह सीमा के इस तरफ आ गया, तो उसे पकड़ लिया। अधिकारियों ने बताया कि शुरुआती रिपोर्टों के अनुसार उसके पास से कोई भी आपत्ति. जनक चीज नहीं मिली और उसने अनजाने में सीमा पार कर ली थी। उन्होंने कहा कि आगे की कार्रवाई के लिए मामले की जांच की जा रही है।

### पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर रहे

**नई दिल्ली।** देश में सामान्य पेट्रोल और डीजल के दाम बुधवार को अपरिवर्तित रहे। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आज पेट्रोल की कीमत 94.77 रुपये और डीजल की 87.67 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर रही। सामान्य पेट्रोल-डीजल के दाम में 30 अक्टूबर 2024 के बाद से कोई बदलाव नहीं किया गया है। इस बीच अंतर्राष्ट्रीय बाजार में आज कच्चे तेल में नरमी देखी गई और लंदन का ब्रेंट क्रूड का मार्च वायदा पांच प्रतिशत के करीब चढ़कर 100 डॉलर प्रति बैरल से नीचे उतर गया। इससे पहले कच्चे तेल में तेज उछाल के बाद इंडियन ऑयल के प्रीमियम पेट्रोल एक्सपी95 का मूल्य 20 मार्च को दो रुपये बढ़ाया गया था। इस बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में इसकी कीमत अब 101.89 रुपये प्रति लीटर हो गई है। इंडियन ऑयल के प्रीमियम डीजल एक्सजी का मूल्य 91.49 रुपये प्रति डॉलर पर स्थिर है।

### पिछली सरकारों ने समाज को जातिवाद के आधार पर बांटा: योगी

# बिना भेदभाव सबका पुनर्वास सरकार की प्राथमिकता

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ सीएम ने बहराइच में 136 परिवारों के पुनर्वास को बांटे भूमि पट्टे के प्रमाणपत्र

**लखनऊ/बहराइच।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बहराइच के मिहिरपुरवा क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम में 136 परिवारों को मुख्यमंत्री आवास, शौचालय और आवास हेतु भूमि के पट्टों का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने लाभार्थियों को आवास निर्माण के लिए धनराशि डिजिटल माध्यम से हस्तांतरित की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने बहराइच की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत का उल्लेख करते हुए इसे सुहेलदेव के शौर्य की धरती बताया। उन्होंने कहा कि महाराजा सुहेलदेव का पराक्रम आज भी समाज को प्रेरित करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों द्वारा उपेक्षित रहे करीब 500 परिवारों के पुनर्वास के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार सेवा और संवेदना के आधार पर बिना किसी भेदभाव के 25 करोड़ प्रदेशवासियों के लिए कार्य कर रही है। योगी ने कहा कि सरकार जाति, पंथ या संप्रदाय के आधार पर नहीं, बल्कि हर जरूरतमंद को परिवार का हिस्सा मानकर योजनाओं का लाभ दे रही है। उन्होंने कहा कि इस पुनर्वास योजना में दलित, पिछड़े, जनजातीय समुदाय समेत विभिन्न वर्गों के लोग शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब थी और जातिवाद के आधार पर समाज को बांटने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले प्रदेश में माफिया, गुंडागर्दी और दंगों का माहौल रहता था, जिससे विकास बाधित होता था। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश में कानून-व्यवस्था बेहतर हुई है और सभी त्योहार शांति व सौहार्द के साथ मनाए जा रहे हैं। नवरात्रि और आगामी रामनवमी के आयोजन का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में भयमुक्त वातावरण बना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य हर परिवार को सुरक्षित आवास, मूलभूत सुविधाएं और बेहतर जीवन स्तर उपलब्ध कराना है, ताकि वे अपने भविष्य को सशक्त बना सकें।

### कांग्रेस कब्जा संस्कृति की पर्याय बन चुकी है: केशव प्रसाद मौर्य



**लखनऊ।** दिल्ली में कांग्रेस के पुराने मुख्यालय 24 अकबर रोड को खाली करने के नोटिस के बाद राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। उप्र के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि 'कांग्रेस कब्जा संस्कृति की पर्याय बन चुकी है।' बुधवार को सोशल मीडिया के जरिए उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आरोप लगाया कि कांग्रेस अपने नए मुख्यालय में शिफ्ट होने के बावजूद पुराने दफ्तर को खाली नहीं कर रही है, जबकि उसे सरकार को वापस कर देना चाहिए था। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस की ऐसी नीतियां गलत संदेश देती हैं और इससे प्रशासनिक व्यवस्था पर भी असर पड़ता है। गौरतलब है कि एस्टेट विभाग ने कांग्रेस को 24 अकबर रोड स्थित अपने पुराने मुख्यालय को 28 मार्च तक खाली करने का नोटिस दिया है। यह परिसर करीब 48 वर्षों तक कांग्रेस का केंद्रीय मुख्यालय रहा है।

# केवाईसी सख्ती से उप्र में 20 लाख एलपीजी कनेक्शन निष्क्रिय

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ नौ महीने या उससे अधिक समय से सिलेंडर बुक नहीं कराने वाले उपभोक्ताओं की पहचान कर रहीं कंपनियां

**लखनऊ।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के चलते वैश्विक ऊर्जा बाजार में बढ़ती अनिश्चितताओं के बीच तेल कंपनियों ने उप्र में एलपीजी वितरण व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए बड़ा अभियान शुरू किया है।

केवाईसी सत्यापन प्रक्रिया को सख्ती से लागू किया जा रहा है, जिसके चलते लखनऊ में 1.10 लाख से अधिक और पूरे प्रदेश में करीब 20 लाख एलपीजी कनेक्शन अस्थाई रूप से निष्क्रिय कर दिए गए हैं। प्रदेश में कुल लगभग 4.87 करोड़ घरेलू एलपीजी उपभोक्ता हैं। गैस कंपनियों के अधिकारी ऐसे उपभोक्ताओं की पहचान कर रहे हैं, जिन्होंने नौ महीने या उससे अधिक समय से सिलेंडर बुक नहीं कराया। अधिकारियों के अनुसार कई मामलों में उपभोक्ताओं ने पाइप्ड नैचुरल गैस (पीएनजी) कनेक्शन ले लिया है या पता बदल लिया है, लेकिन यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि सब्सिडी और गैस की आपूर्ति वास्तविक उपभोक्ताओं तक ही पहुंचे। तेल कंपनियों ने ऐसे उपभोक्ताओं को चिन्हित कर उनका कनेक्शन अस्थाई रूप से बंद कर दिया है। अब कनेक्शन को पुन: सक्रिय करने के लिए केवाईसी अनिवार्य कर दिया गया है। इस प्रक्रिया के चलते लखनऊ की गैस एजेंसियों पर उपभोक्ताओं की भीड़ बढ़ गई है, जहां बड़ी संख्या में लोग अपने दस्तावेज अपडेट कराने पहुंच रहे हैं।

आलमबाग निवासी आनंद चतुर्वेदी को भी इसी समस्या का सामना करना पड़ा। उन्होंने बताया कि सिलेंडर बुक न होने पर उन्हें पता चला कि उनका कनेक्शन निष्क्रिय हो चुका है और अब दोबारा केवाईसी कराना जरूरी है, क्योंकि कनेक्शन उनके दिवंगत पिता के नाम पर था। सूत्रों के मुताबिक शहर की प्रत्येक गैस एजेंसी में 1200 से 1500 तक निष्क्रिय कनेक्शन हैं। हालांकि एजेंसी संचालकों का कहना है कि यह प्रक्रिया सिस्टम में मौजूद अनियमित और निष्क्रिय कनेक्शनों को हटाने में मदद कर रही है।

# महिला आरक्षण को लेकर मोदी का यू टर्न: कांग्रेस



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर 'नारी वंदन अधिनियम, 2023' के लागू होने के मामले में ष्अचानक यू-टर्नष लेने का आरोप लगाया और इसे जरूरी राष्ट्रीय मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाने की कोशिश करार दिया।

रमेश ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि सितम्बर 2023 में जिस नए संसद भवन का उद्घाटन हुआ था, वहीं इस ऐतिहासिक कानून को पारित किया गया था। इस कानून के जरिए संविधान में संशोधन करके लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक-तिहाई आरक्षण का प्रावधान किया गया था। इस कानून में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजा. तियों के लिए आरक्षित सीटों के भीतर भी एक-तिहाई आरक्षण का प्रावधान शामिल था। उन्होंने कहा कि इन आरक्षणों को लागू करने का काम स्पष्ट तौर पर परिसीमन और जनगणना की प्रक्रिया पूरी होने से जोड़ा गया था। रमेश ने कहा कि ये दोनों आरक्षण तभी लागू होने थे, जब परिसीमन और जनगणना का काम पूरा हो जाता। कांग्रेस नेता ने बताया कि विधेयक पर संसदीय बहस के दौरान कांग्रेस ने 2024 के लोकसभा चुनावों से ही इसे तुरंत लागू करने की जोरदार मांग की थी। उन्होंने कहा कि तब मोदी सरकार ने यह तर्क दिया था कि परिसीमन और जनगणना का काम पहले पूरा किए बिना ऐसा करना संभव नहीं है।

# एमओयू से पहले एआई से ही पूछ लेते

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उप्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पार्क की स्थापना को लेकर हुए एमओयू को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सरकार को एमओयू करने से पहले कम से कम एआई (एआई) से ही इस कंपनी की 'पूच' (पहुंच) के बारे में पूछ लेना चाहिए था। बुधवार को सोशल मीडिया के जरिए अखिलेश यादव ने कहा कि अपने आस-पास के ऐसे 'फ़ाइव परसेंटिया' घूसखोर व खुदगर्ज लोगों से बचना चाहिए, जो आपकी अनभिज्ञता या अज्ञान का दुरुपयोग करते हैं। इससे आपकी एआई (आर्टिफिशियल इमेज) मतलब ले-दे के बनाई गई 'कृत्रिम छवि' पर भी बहुत खराब प्रभाव पड़ता है, साथ ही आपके समय में धूमिल हुई प्रदेश की असली छवि और भी अधिक बद से बदहाल होती है। उन्होंने कहा कि इन भ्रष्ट कांडों के उजागर होने से अच्छे, सच्चे और ईमानदार निवेशक हतोत्साहित भी होते हैं, और प्रदेश में निवेश करने से विमुख भी होते हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि आप तो लौट जाएंगे लेकिन प्रदेश को तो जनता का खडाल रखना है, यही सोचकर कम-से-कम एक तो अच्छा काम करते जाइए। गौरतलब है कि एक दिन पूर्व 'इन्वेस्ट यूपी' ने पूच एआई (पूच एआई) नाम की कंपनी के साथ प्रदेश में एआई पार्कों के विकास के लिए 25 हजार करोड़ रुपये के निवेश का समझौता किया है।

### बयान देकर फंसे एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष

**लखनऊ।** उप्र में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक तपिश अभी से बढ़ने लगी है। इस बीच ए बयान देकर फंसे एआईएमआईएम उप्र के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली ने खुद के एनकाउंटर की संभावना जताई है। उन्होंने कहा है कि हमें तो लगता है जल्द ही हमारा एनकाउंटर भी हो सकता है, क्योंकि हम उर्दू नाम वाले हैं। इस बाबत बुधवार को सोशल मीडिया के जरिए एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली ने कहा है कि मेरठ पुलिस द्वारा मेरे और मेरी पार्टी के लोगों के ऊपर राजनीतिक दबाव में फ़र्जी तरीक़े से मुक़द्दमा दर्ज किया है। उन्होंने कहा कि मेरे बयान को पूरा सुनना चाहिए था, लेकिन बगैर जांच के हम पर कार्यवाही की गई।

### अतीक की करोड़ों की जमीन पर अवैध प्लाटिंग को लेकर चला बुलडोजर

**प्रयागराज।** उप्र के प्रयागराज में योगी सरकार नें ऑपरेशन माफिया चला कर अतीक अहमद के आर्थिक साम्राज्य पर चोट की थी, जिसमें कसारी मसारी की अतीक की जमीन की खरीद फरोख्त और रजिस्ट्री पर रोक भी लगाई थी, लेकिन समय के साथ खेल बदलने लगा, अब अतीक अहमद का करीबी शकील और उसका भाई वकील अहमद इन्हीं जमीनों पर अवैध प्लाटिंग करके रजिस्ट्री कर रहें हैं। सूत्रों के मुताबिक जिस जमीन की रजिस्ट्री पर रोक थी उन्हीं जमीनों से ये लोग लाभ कमा रहें हैं, प्रयागराज पीडीए ने इस 5 बीघा जमीन पर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर से ध्वस्त किया हैं पीडीए अब शकील और इसके साथी पर मुकदमा भी दर्ज कराएगी। एसटीएफ की टीम नें अतीक की जमीनो का स्थलीए निरीक्षण किया था और इन जमीनो पर खरीदने बेचने पर रोक लगाई थी, लेकिन ये लोग अतीक की ही इन जमीनो से बिजनेस करने लगे, सूत्रों के मुताबिक अतीक के परिवार के लोगो की मदद में शकील आगे रहा हैं।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## अर्थ व्यापार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 75273.45 |
| निफ्टी | 23306.45 |
| सोना (प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)) | 145000 |
| चांदी रु. (प्रति किलो) | 234000 |

# शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन तेजी, सेंसेक्स व निफ्टी चढ़े

मुंबई, वार्ता



विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही और बीएसई का सेंसेक्स 1,205 अंक (1.63 प्रतिशत) चढ़कर 75,273.45 अंक पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 394.05 अंक यानी 1.72 प्रतिशत ऊपर 23,306.45 अंक पर बंद हुआ। पिछले कारोबारी दिवस पर भी दोनों प्रमुख सूचकांक 1.8 प्रतिशत के आसपास चढ़े थे।

पश्चिम एशिया में ईरान युद्ध को लेकर शांति वार्ता की उम्मीद में शेयर बाजारों में तेजी लौटी है। मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने ज्यादा विश्वास दिखाया। निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक 2.07 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 2.59 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, ऑटो, वित्त, बैंकिंग, धातु, फार्मा, रियलटी, स्वास्थ्य और रसायन समूहों के सूचकांक दो फीसदी से अधिक चढ़े। तेल एवं गैस, मीडिया और आईटी समूहों में भी तेजी रही। सेंसेक्स की कंपनियों में अल्ट्राटेक सीमेंट का शेयर करीब साढ़े चार प्रतिशत की बढ़त में रहा। बजाज फाइनेंस, एलएंडटी, टाइटन, इंडिगो, ट्रेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाटा स्टील के शेयर तीन से चार प्रतिशत चढ़े। भारतीय स्टेट बैंक, सनफार्मा, एक्सिस बैंक, हिंदुस्तान यूनीलिवर, बजाज फिनसर्व, अडानी पोर्ट्स, एशियन पेंट्स और एचडीएफसी बैंक के शेयर ऊपर रहे। इटरनल, भारती एयरटेल, मारुति सुजुकी, आईटीसी और कोटक महिंद्रा बैंक में एक से दो प्रतिशत तक की तेजी रही। एनटीपीसी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और आईसीआईसीआईसीआई बैंक के शेयर भी ऊपर बंद हुए। टेक महिंद्रा में डेढ़ प्रतिशत और पावर ग्रिड में सवा प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट रही। टीसीएस का शेयर भी नीचे बंद हुआ।

### चांदी 2.34 लाख पर पहुंची, सोना 1.45 लाख पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी की कीमत में बुधवार 25 मार्च को तेजी देखी गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 5 हजार बढ़कर 1.45 लाख रुपए पर पहुंच गया है। वहीं एक किलो चांदी की कीमत 9 हजार बढ़कर 2.34 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इस साल सोने-चांदी की कीमत में तेजी देखने को मिली है। बीते साल के आखिर में सोना 1.33 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम पर था, जो अब 1.45 लाख रुपए पर है। यानी इसकी कीमत इस साल अब तक 11 हजार बढ़ चुकी है। वहीं चांदी भी इस दौरान 3 हजार रुपए महंगी हुई है। एक्सपर्ट्स के अनुसार रिकॉर्ड ऊंचाई छूने के बाद सोने की कीमत में फिलहाल सुधार है। शॉर्ट टर्म में मोमेंटम थोड़ा कमजोर जरूर हुआ है, लेकिन लॉन्ग टर्म में तेजी का रुझान बरकरार है। ऐसे में निवेशक सोने में थोड़ा-थोड़ा करके निवेश कर सकते हैं। हमेशा ब्यूरो आफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें।

# टाटा पावर ने उप्र में दो ट्रांसमिशन लाइनें कमीशनिंग की घोषणा की

नई दिल्ली, वार्ता

टाटा पावर ने बुधवार को उप्र में 154 सर्किट किलोमीटर में फैली दो ट्रांसमिशन लाइनों- 400 किलोवोल्ट टांडा-गोंडा और 400 किलोवोल्ट (केवी) गोंडा-बस्ती डबल सर्किट- की कमीशनिग की घोषणा की। कंपनी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि इसके साथ ही उसने साउथ ईस्ट यूपी पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड (एसईयूपीपीटीसीएल) परियोजना के अंतर्गत सभी एक्स्ट्रा हाई वोल्टेज (ईएचवी) ट्रांसमिशन लाइनों और सबस्टेशनों का सफलतापूर्वक कमीशनिंग कर लिया है। इस नेटवर्क में अब राज्य भर में 951 सर्किट किमी की तीन 765 केवी लाइनें, 566 सर्किट किमी की चौदह 400 केवी लाइनें और 3,460 एमवीए ट्रांसफॉर्मेशन क्षमता वाले तीन 765/400 केवी सबस्टेशन हैं। टाटा पावर ने बताया कि चार ट्रांसमिशन लाइनों 765 केवी मैनपुरी-बारा सिगल सर्किट लाइन, 765 केवी मैनपुरी-उन्नाव सिगल सर्किट लाइन, 400 केवी टांडा-गोंडा और 400 केवी गोंडा-बस्ती डबल सर्किट लाइन की कमीशनिग से उप्र में उत्पन्न 4,000 मेगावाट से अधिक तापीय बिजली के सुरक्षित और विश्वसनीय निष्कासन में सहायता मिलेगी। इससे राज्य की बढ़ती बिजली मांग को पूरा करने, ग्रिड स्थिरता को मजबूत करने और दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। इस परियोजना में टावर के रूप में 45,000 टन से अधिक स्टील का उपयोग किया गया है, 8,600 किलोमीटर से अधिक कंडक्टर की स्ट्रिंगिग की गई है और 139 महत्वपूर्ण क्रॉसिंग्स का काम किया गया है, जिनमें मौजूदा ट्रांसमिशन लाइनें, रेलवे ट्रैक, गैस पाइपलाइन, राजमार्ग और नदियां शामिल हैं। इसके साथ ही टाटा पावर का कुल परिचालन ट्रांसमिशन नेटवर्क बढ़कर 5,466 सर्किट किलोमीटर हो गया है, जबकि अतिरिक्त 1,863 सर्किट किलोमीटर वर्तमान में निर्माणाधीन हैं।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# उप्र में 2026 में 35 करोड़ से अधिक पौधरोपण करने का लक्ष्य

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ बीते नौ वर्षों 242.13 करोड़ से अधिक पौधे लगाए जा चुके

**लखनऊ।** उप्र 'हरित प्रदेश' बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बीते 9 वर्षों में प्रदेश में 242.13 करोड़ से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं। वर्ष 2026 के वर्षाकाल में 35 करोड़ से अधिक पौधरोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के साथ ही राज्य में कुल पौधरोपण का आंकड़ा 277 करोड़ के पार पहुंच जाएगा। वन विभाग के अनुसार, 2008 से 2016 के बीच जहां केवल 65.27 करोड़ पौधे लगाए गए थे, वहीं 2017 के बाद इस अभियान ने जनआंदोलन का रूप ले लिया है। इसके परिणामस्वरूप प्रदेश का वनाच्छादन भी 559.19 वर्ग किलोमीटर बढ़ा है। वर्ष 2025 में 9 जुलाई को एक ही दिन में 37.21 करोड़ पौधे लगाकर उप्र ने नया कीर्तिमान स्थापित किया था। इसी क्रम में वर्ष 2026 के लिए भी व्यापक तैयारी शुरू कर दी गई है। विभागीय स्तर पर 52 करोड़ से अधिक पौधों को पौधशालाओं में तैयार किया जा रहा है, ताकि लक्ष्य से अधिक उपलब्धि हासिल की जा सके। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हर वर्ष 5 जून, विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अपने जन्मदिन की शुरुआत पौधरोपण से करते हैं और इसे जनभागीदारी से जोड़ते हैं। सरकार ने पौधरोपण को जनआंदोलन बनाने के लिए स्कूली बच्चों, युवाओं, महिलाओं और सामा. जिक संगठनों को भी इससे जोड़ा है। इसी कड़ी में 1 से 7 जुलाई 2025 के बीच जन्मे 18,348 बच्चों को 'ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट' प्रदान किए गए। अभिभावकों को पौधे देकर उनके संरक्षण का संकल्प भी दिलाया गया। वाराणसी के सुजाबाद-डोमरी क्षेत्र में आयोजित वृहद पौधरोपण कार्यक्रम में एक घंटे में 2,51,446 पौधे लगाकर उप्र ने चीन का आठ वर्ष पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। इस उपलब्धि को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड ने प्रमाणित किया है। प्रदेश सरकार ने बजट में सामाजिक वानिकी योजना के लिए 800 करोड़ रुपये, पौधशाला प्रबंधन के लिए 220 करोड़ रुपये तथा प्रतिकारात्मक वन रोपण योजना के लिए 189 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है।

### स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की अग्रिम जमानत याचिका मंजूर

**प्रयागराज।** यौन उत्पीड़न मामले में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्य स्वामी मुकुंदानंद गिरी को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने दोनों की अग्रिम जमानत याचिका मंजूर कर ली है। ये फैसला जस्टिस जितेंद्र कुमार सिन्हा की सिंगल बेंच ने सुनाया है। इससे पहले 27 फरवरी को हाईकोर्ट ने सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रखा था। गिरफ्तारी से बचने के लिए स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्य स्वामी मुकुंदानंद गिरी ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। इस मामले में इससे पहले 27 फरवरी को फैसला सुरक्षित रखने के साथ ही हाईकोर्ट ने कहा था कि फैसला आने तक उनकी गिरफ्तारी नहीं होगी। कोर्ट के इस आदेश के बाद स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा था कि हमारे वकील ने बताया कि कोर्ट में विस्तार से चर्चा हुई। न्यायालय ने फैसला रिजर्व किया है, गिरफ्तारी पर रोक लगाई है। जज समझ रहे हैं कि ये मामला ही फर्जी है। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने ये भी कहा था कि कोर्ट में भी यह बात प्रमाणित हो गई है कि वो बालक यहां मठ में कभी नहीं रहे। कोर्ट ने भी यह कहा कि बच्चों को जुवेनाइल बोर्ड की कस्टडी में दिया जाए।

# पदोन्नति का संशोधन भी हो: आजाद

## सीएपीएफ बिल पेश होने से पहले चंद्रशेखर ने रख दी बड़ी मांग

लखनऊ, वार्ता



उत्तर प्रदेश की नगीना सीट से आज़ाद समाज पार्टी के सांसद चंद्रशेखर आजाद ने केंद्र सरकार के केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल विधेयक यानी सीएपीएफ बिल 2026 पर बयान दिया है। उन्होंने कहा कि यहां पर ग्रुप ए के अधिकारियों के साथ भेदभाव हो रहा है, हम सुनिश्चित करेंगे कि इसमें समय पर पदोन्नति का संशोधन भी शामिल हो सके।

चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि सीएपीएफ बिल राज्यसभा में पेश होने वाला है। मंगलवार को मैंने जीरो ऑवर में विषय लगाया था, लेकिन चूंकि इसे छोड़ दिया गया, मैं अपनी बात नहीं रख पाया, सीएपीएफ हमारे केंद्रीय बल की संख्या दस लाख से ज्यादा है। नगीना सांसद ने कहा कि पहले हमें समझना पड़ेगा कि हमारे जो सीआईएसएफ, सीआरपीएफ, बीएसएफ-एसएसबी और आईटीबीपी ये वो बल हो, जो अग्रिम पंक्ति में खड़े होकर देश के लिए शहादत देता है और लड़ाई लड़ता है। असम, मणिपुर और छत्तीसगढ़ हो, नक्सल-प्रभावित, सशस्त्र संघर्ष और आतंक प्रभावित क्षेत्र हो, सब जगह प्रथम पंक्ति में खड़े होकर शहादत देता है। ऑपरेशन सिंदूर में भी एसआई इम्तियाज ने शहादत दी। संसद से लेकर वीआईपी सुरक्षा हो, सीमा सुरक्षा हो हर जगह हमारा ये बल सुरक्षा प्रदान करता है। लेकिन वहां ग्रुप-ए अधिकारियों के साथ जिस तरह का भेदभाव हो रहा है, वो गलत है। हमें अपनी फोर्स का मनोबल बढ़ाना चाहिए, लेकिन हम उनका मनोबल कम कर रहे हैं, लगातार हम उनका प्रमोशन नहीं दे रहे हैं, उनकी परेशानी नहीं सुन रहे। जब देश की सेवा करने वालों का मनोबल गिर जाएगा, तो फिर ये लड़ाई कैसे आगे बढ़ेगी? उन्होंने कहा कि सरकार को मंगलवार को जवाब देना था, लेकिन वो नहीं दे पाए। अब वो बिल ला रहे हैं, तो हम कोशिश करेंगे कि अगर वो विधेयक भी ला रहे हैं, तो उसमें संशोधन जरूर आ जाए कि उनको समय पर प्रमोशन मिल सके, जैसे दूसरे कर्मचारियों और अधिकारियों को प्रमोशन मिलता है। सुरक्षा बलों के 13 हजार से ज्यादा अधिकारी हैं, जो परेशान है। हम लोग उनके साथ खड़े हैं। मैं तो हमारे जवान के लिए भी मांग करता हूं कि उसको शहीद होने पर शहादत का दर्जा मिले, हम यह सुनिश्चित करने की कोशिश करेंगे कि इसमें समय पर पदोन्नति के लिए संशोधन शामिल हो जैसा कि अन्य अधिकारियों को मिलता है।

# छपार की महिला को ट्रक ने रौंदा, हुई मौत

**पति के साथ रिश्तेदारी में रुड़की गई थी मृतका मीरजहां**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** छपार क्षेत्र की महिला की उत्तराखंड के मंगलौर में एक हादसे के दौरान दर्दनाक मौत हो गई। महिला अपने पति के साथ किसी रिश्तेदारी में गई थी और वापस लौटते समय वह अपने पति के साथ बस अड्डे पर खडी थी जहां अचानक तेज गति से आए ट्रक ने महिला को कुचल डाला जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में कार्यवाही शुरू कर दी।

मुलरूप से गांव बढ़ीवाला की रहने वाली 45 वर्षीय मीरजहां की शादी ग्राम खुड्डा निवासी तबरेज के साथ हुई थी। बताया जाता है कि मीरजहां अपने पति तबरेज के साथ रिश्तेदारीमें रूडकी गई थी। जब वह वापस लौट रही थी तो पति-पत्नी मंगलौर बस अड्डे पर खडे हो गए। इसी बीच अचानक तेज गति से आए ट्रक ने मीरजहां को रौंद डाला जिससे वह बुरी तरह कुचली गई। इस घटना के बाद तबरेज की हालत बिगड गई और किसी तरह इस घटना की जानकारी परिवार के लोगों को दी। महिला की मौत की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मीर जहां की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। परिवार के लोग तुरंत ही मंगलौर पहुंचे। उधर आसपास के रिश्तेदार भी अस्पताल और मोर्चरी पहुंचे है। मंगलौर पुलिस ने इस संबंध में परिवार के लोगों से तहरीर लेकर कार्यवाही शुरू कर दी।

# जहरखुरानी गिरोह ने यात्री को लूटा

## हरिद्वार में दर्ज हुआ मुकदमा, खतौली पुलिस को मिली जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद के कई स्थानों पर यात्रियों से ठगी करने वाला गिरोह एक बार फिर सक्रिय हो गया है। हाल में एक मामला खतौली कोतवाली के रोडवेज बस अड्डे का है जहां ठगों ने रोडवेज बस से उतरते ही एक यात्री को अपने जाल में फंसाकर नशीली चाय पिलाई और सारा सामान समेट कर फरार हो गया। पीड़ित का कहना है कि यह गिरोह पुलिस ने दो लाख की नगदी, सोने चांदी के जेवर और कुछ दस्तावेज चोरी होने का मामला दर्ज किया है। बताया जाता है कि इस मामले में हरिद्वार से जीरो एफआईआर दर्ज होने के बाद खतौली पुलिस को कार्यवाही करनी पड़ रही है।

जानकारी मिली है कि उत्तराखंड के जनपद हरिद्वार बीएचएल रानीपुर के सेक्टर पांच के निवासी नवीन पुत्र यज्ञपाल सिंह ने हरिद्वार कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए बताया था कि ग्यारह फरवरी 2026 को उसकी माता के मोबाइल पर सूचना मिली कि नवीन के पिता यज्ञ पाल सिंह रोडीबेल वाला पर्किंग के पास बेहोसी की हालत में पडे है इस सूचना पर परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए थे और घटना के समय उन्हे बीएचएलई अस्पताल में भर्ती कराया था।

होश आने पर उन्हे जानकारी मिली थी कि दस फरवरी को दिल्ली से रोडवेज बस में बैठकर वह हरिद्वार लौट रहे थे जहां रास्ते में देर रात करीब डेढ बजे बस खतौली एक ढाबे पर रूकी वह वह शौचालय के लिए बस से नीचे उतरे थे इसी बीच एक व्यक्ति ने उन्हे पीने के लिए चाय दी और चाय पीने के बाद वह बस में लौट गए थे इसके बाद ही उनके साथ घटना हुई। और होश आने पर वह रोडीबेल वाला पर्किंग में पाए गए थे जहां उनके पास से बैग गायब था। हरिद्वार पुलिस ने इस मामले की छानबीन की तो घटना स्थल खतौली का बताया गया।

अब पुलिस ने नगदी और जरूरी कागजात, अंगुठी और मोबाइल का मुकदमा दर्ज करते हुए इसकी चिक कार्यवाही के लिए खतौली कोतवाली भेज दी गई अब खतौली पुलिस इस गिरोह को पकडने के लिए खतौली रोडवेज व आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है।

# एलपीजी की कालाबाजारी पर प्रशासन का कड़ा रुख

## सीसीटीवी की निगरानी में होगी सिलेंडर की आपूर्ति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** घरेलू गैस की सुचारू आपूर्ति में लगातार मिल रही शिकायतों के बाद जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने कमर कस ली। बुधवार को पुलिस लाइन स्थित सभागार में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, एसपी सिटी, एसपी देहात और जिला पूर्ति अधिकारी ने एलपीजी वितरण व्यवस्था की समीक्षा करते हुए वित. रकों को कड़े निर्देश दिए गए।सीसीटीवी की निगरानी में होगी गैस की बिक्री सुरक्षा और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए सभी गैस एजेंसियों और गोदामों पर उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए गए हैं। वितरकों को यह सुनिश्चित करना होगा कि बिजली कटने की स्थिति में भी पावर बैकअप के जरिए कैमरे निरंतर चालू रहें। इसके अलावा, डिलीवरी मैन की गतिविधियों पर नजर रखने और किसी भी संदिग्ध कार्य की सूचना तत्काल पुलिस को देने के लिए कहा गया है। पुलिस विभाग ने वितरकों को सुरक्षा का पूर्ण आश्वासन दिया है। प्रशासन ने गैस वितरकों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि लंबित गैस ऑर्डरों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। बैठक में चेतावनी दी गई कि यदि कोई वितरक मुनाफाखोरी या कालाबाजारी में लिप्त पाया गया, तो उसके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। अधिकारियों ने जनता को आश्वस्त किया है कि जनपद में एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है, इसलिए घबराने या अफरा-तफरी की आवश्यकता नहीं है।

### केवाईसी कराने और बुकिंग वालों को घर पर मिलेगी डिलीवरी

**मुजफ्फरनगर।** अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि वे गैस एजेंसियों पर भीड़ लगाने के बजाय मोबाइल ऐप, कॉल या व्हाट्सएप के माध्यम से बुकिंग और ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूरी करें।सभी गोदामों और वितरण केंद्रों पर सूचना बोर्ड लगाना अनिवार्य होगा, जिस पर यह अंकित करना होगा कि वर्तमान में किस तारीख की बुकिंग के सापेक्ष सिलेंडरों का वितरण किया जा रहा है। अधिकारियों ने गोदामों पर होने वाली भीड़ को नियंत्रित करने के लिए उपभोक्ताओं को सीधे उनके घर पर होम डिलीवरी गैस उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन ने साफ कर दिया है कि कानून व्यवस्था बिगाड़ने या अनावश्यक दबाव बनाने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा।



मुजफ्फरनगर: ई-केवाईसी की सुविधा मिलने के बावजुद भी गैस एजेंसियों पर केवाइसी कराने के लिए उपभोक्ताओं की लम्बी कतारें नजर आ रही है। कोर्ट रोड स्थित एजेंसी के बाहर लगी लाइन।

# नवरात्रि पर चेयरपर्सन ने बच्चों संग बिताया समय, बांटे उपहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सत्यम की पाठशाला में नवरात्रि के अवसर पर बच्चों के बीच पहुंचकर नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने न सिर्फ उपहार वितरित किए, बल्कि उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरणा का संचार भी किया।



साईं धाम मंदिर के पास रेलवे रोड स्थित सत्यम की पाठशाला में नवरात्रि पर बच्चों के लिए खुशियों की सौगात और प्रमोपहार लेकर नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप बुधवार को अपनी पौत्री गौरवी के साथ पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने पाठशाला में शिक्षा ग्रहण कर रहे छोटे बच्चों को उपहार वितरित किए। पालिकाध्यक्ष ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें शिक्षा के प्रति जागरूक किया और सशक्त व स्वावलंबी बनने का संदेश दिया। पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने पाठशाला का निरीक्षण कर बच्चों से मुलाकात की और शिक्षण सामग्री तथा उपहार वितरित किए। पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि सत्यम की पाठशाला जैसे प्रयास समाज को नई दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। सीमित संसाधनों में भी यदि संकल्प मजबूत हो, तो बड़े बदलाव संभव हैं। भारत सिंघल द्वारा किया जा रहा यह कार्य निरूस्वार्थ सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण है।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले सितंबर 2025 में भी मीनाक्षी स्वरूप ने पाठशाला का दौरा कर बच्चों को शिक्षण सामग्री वितरित की थी और इस पहल की सराहना की थी। सत्यम की पाठशाला सामाजिक बदलाव की एक प्रेरणादायक पहल बन चुकी है। रेलवे स्टेशन के पास स्थित स्लम बस्ती के बच्चों के जीवन में शिक्षा की अलख जगा रहे भारत सिंघल इस प्रयास के सूत्रधार हैं। विद्युत विभाग में कार्यरत भारत सिंघल अपनी दैनिक डड्यूटी के बाद प्रतिदिन शाम 5 से 7 बजे तक बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा प्रदान करते हैं। भारत सिंघल ने पालिकाध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि करीब तीन वर्ष पहले केवल एक बच्चे से शुरू हुई यह पाठशाला आज 50 बच्चों के भविष्य को संवार रही है। यहां स्मार्ट कक्षा की सुविधा भी उपलब्ध है, जिससे बच्चों को आधुनिक तरीके से शिक्षा दी जा रही है। पाठशाला से जुड़े कई बच्चे अब उच्च शिक्षा के लिए निजी विद्यालयों में प्रवेश ले चुके हैं, वहीं कुछ बच्चे कौशल विकास के तहत विभिन्न प्रशिक्षण क्षेत्रों में आगे बढ़ रहे हैं।

# अवैध संबंधों में हुई हत्या में किशोर सहित तीन दबोचे

**मुजफ्फरनगर।** अवैध संबंधों में अब कत्ल होना आम हो गया है शायद इश्क के जूनुन और अवैध संबंधों के जुनून के आगे पुलिस का डर और कानून का खौफ फिका पड गया है। इसका उदाहरण पिछली कई घटनाओं को दोहरा कर देखा जा सकता है कि पत्नियां पतियों को खौफ नाक मौत दे रही है तो अवैध संबंधों में बाधक बनने पर बहन भाई के पूरे परिवार के खात्मे की कहानी लिख डालती है इतना नहीं अवैध संबंधों के शक में कई पत्नियों को भी मौत की खौफनाक सजा मिल चुकी है। हाल में भी एक ताजा मामला भोपा थाना क्षेत्र का देखने को मिला है जहां चाची के साथ अवैध संबंधों ने भतीजे को जुनूनी बनाया और उसने चाची के प्रेमी को कत्ल कर दिया। इस मामले में भोपा पुलिस ने कुछ ही घंटो में खुलासा करते हुए एक बाल अपचारी सहित पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर घटना मे प्रयुक्त हथियार भी बरामद कर लिए है।

बुधवार को एसपी देहात के कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान आदित्य बंसल ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि 23 मार्च को ग्राम शाहदरा बांगर थाना भोपा निवासी अर्जुन सिंह पुत्र चन्द्रपाल सिंह ने थाना पहुंचकर एक लिखित तहरीर देते हुए बताया था कि गांव का ही मनोज पुत्र महावीर ने अपने भतीजे भरत सिंह पुत्र संजय व एक नाबालिग के साथ मिलकर उसके भाई का दरांती से काटकर और गोली मारकर हत्या कर दी है। पुलिस को हत्या के मुकदमे को लिखते हुए देर ना लगी और मुकदमे के बाद तुरंत ही आरोपी की गिरफ्तारी के लिए भागदौड शुरू की। एसपी देहात ने बताया कि पुलिस ने जौली और विलायत नगर जाने वाले मार्ग से एक नाबालिग को हिरासत मे लिया और उसके कब्जे से तमंचा और कारतूस तथा दरांती बरामद की। उन्होने यह भी जानक. ारी कि मनोज पुत्र महावीर और भरत सिंह पुत्र संजय सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है जहां अब तक हुई पूछताछ में सामने आया कि मनोज कुमार की पत्नी और मृतक अक्षय के बीच संबंध थे जिसको लेकर कई बार पारिवारिक विवाद हुआ। इसी के चलते अक्षय की पत्नी ने आत्म हत्या कर ली थी। एसपी देहात ने यह भी जानकारी दी कि अक्षय मृतक के नाबालिग बेटे को लगातार अवैध संबंधों का ताना देकर प्रताडित कर रहा था। घटना 23 मार्च की है जब किशोर जंगल में चारा काट रहा था और वहां पहुंचकर मृतक अक्षय कुमार ने उसके साथ गाली गलौच और तानाकसी की थी। एक तरफ पत्नी द्वारा आत्महत्या करने के बाद परिवार में एक कोहराम सा मच गया था यहां तक की परिवार बिखर गया था और दूसरी तरफ आरोपी अक्षय उल्टी-सुधी बाते कहकर उन्हे प्रताडित कर रहा था जिससे किशोर का जुनून बढ़ता गया और इसकी के चलते युवक की हत्या कर दी गई। फिलहाल पुलिस ने आला कत्ल बरामद करने के बाद तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया।

# अवैध टेलीफोन एक्सचेंज का किया खुलासा

## एसपी क्राइम ने दो लोगों से 36 सिम कार्ड, मोबाइल किए बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** साइबर क्राइम पुलिस ने और खतौली कोतवाली ने संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए गांव शेखपुरा में अवैध रूप से चल रहे सिमबॉक्स आधारित टेलीफोन एक्सचेंज का खुलासा किया है। पुलिस ने इस मामला का पर्दाफाश करते हुए दो लोगों का गिरफ्तार होना भी बताया और यह भीजानकारी दी कि यह गिरोह वीओआईपी कॉल सामान्य वाइस काल में बदलकर सरकार को राजस्व हानि पहुंचा रहा था यह गिरोह देश विरोधी कार्य कर रहा था। पुलिस लाइन के सभागार कक्ष में एसपी क्राइम इंदू सिद्धार्थ ने जानकारी देते हुए बताया कि साइबर क्राइम पुलिस ने एक गोपनीय सूचना के आधार पर साइबर क्राइम टीम ने तकनीकी विशेषज्ञों के सहयोग से इस नेटवर्क को ट्रैक किया और शेखपुरा के रहने वाले वसीम और मुआना का रहने वाला वकील पुलिस के हत्थे चढ़ गया। उन्होने जानकारी दी कि इनके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध संचार प्रणाली में प्रयुक्त होने वाले पुर्जे और इनके कब्जे से 36 सिम कार्ड और दस मोबाइल बरामद किए। पुलिसने यहां से लैपटॉप, एटीएम कार्ड, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और डिस कार्ड भी बरामद होना बताया। पुलिस का कहना है कि वसीम से खुलासा हुआ कि वह अपने साले वासीत और अपने साथियों के साथ मिलकर इस कार्य में लिप्त था। यह गिरोह घर बैठे फर्जी सिम कार्ड का उपयोग कर सिम बॉक्स चलाते थे जिससे उन्हे मोटी कमाई होती थी वसीम के मोबाइल से फर्जी जीएसटी बील भी बरामद हुआ है। पुलिस ने इस गिरोह के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया है।

बता दे कि एसपी क्राइम और उनकी टीम लगातार ऐसे लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज रही है।

# किशोरियों का भाई बनकर पहुंचा एसपी सिटी के दरबार

## एसपी से की छपार पुलिस की झूठी शिकायत, छपार पुलिस कर रही है युवक से पूछताछ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कहते है कानून के हाथ लम्बे होते है और यह हर वारदात के खुलासे के बाद साबित भी हो जाता है यह भी सच है कि अपराधी पाताल में क्यों ना छुप जाए पुलिस उसे ढूंढ ही निकालती है इस बात को भी झुठलाया नहीं जा सकता कि अपराधी और शरीफ व्यक्ति की पहचान करने में पुलिस को जरा भी देर नहीं लगती आज भी कुछ ऐसा ही हुआ जहां एसपी सिटी के दरबार में लापता युवतियों को भाई बनकर शिकायत करने पहुचें भाई को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। युवक युवतियों का भाई बनकर नाम बदलकर एसपी सिटी के दरबार में पेश हुआ था, लेकिन उसके हाथ पर गुदे नम्बर ने सारा राज खोल दिया जहां एसपी सिटी के आदेश पर दो बहनों के चले जाने के आरोपी को हिरासत में लिया गया। अब छपार पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

बता दे कि कुछ दिन पूर्व छपार क्षेत्र से दो नाबालिग बहने अचानक गायब हो गयी थी जिसके बाद परिवार और ग्रामीणों में हड़कंप मच गया था सभी लोग दोनो किशोरियों की बरामदगी की मांग को लेकर पुलिस से क... दिन तक मुलाकात करते रहे यह मामला अधिकारियों के संज्ञान में भी पहुंचा और मंगलवार को पुलिस ने दोनो को बरामद कर लिया। किशोरियों की बरामदगी के बाद उन्हे परिजनों की सुपुदर्गी में दे दिया था जिसके बाद पुलिस ने राहत की सांस ली थी और परिजनों ने खुशी जाहिर की थी, लेकिन आज का एक अजीबो-गरीब मामला एसपी सिटी के दरबार में देखने को मिला जहां एक युवक एक लिखित तहरीर के साथ पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत से मिला। और एक पत्र देते हुए स्वयं को लडकियों का भाई बताया और छपार पुलिस की शिकायत कर डाली। एसपी सिटी को बताया कि छपार पुलिस ने उसकी दोनो बहनों को अवैध रूप से हिरासत में रखा है युवक छपार पुलिस की शिकायत करता रहा और एसपी सिटी उसको गंभीरता से सुनते रहे। एसपी सिटी उसकी फर्जी तहरीर, फर्जी नाम और झुठ शिकायत पर अंदर ही अंदर मुस्कुराते रहे क्योकि उन्हे मालूम था कि दोनो बहने बरामद करने के बाद उनके परिजनों को सौंप दी गई, लेकिन किशोरियों का भाई बनकर आया युवक छपार पुलिस पर मनघड़त आरोप लगाता रहा।

पुलिस को यह कहते देर ना लगी के उसके हाथ पर नाम कुछ ओर गुदा हुआ था, जबकि प्रार्थना पत्र में कुछ ओर नाम दिया गया था कुल मिलाकर एसपी सिटी के आदेश पर आरोपी युवक से अब छपार पुलिस पूछताछ कर रही है।

# दिल्ली-देहरादून कॉरिडोर में दोघट कट की मांग रखी

## भाकियू सुप्रीमो नरेश टिकैत ने नितिन गडकरी से की मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।**भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बागपत और मुजफ्फरनगर क्षेत्रों से जुड़ी महत्वपूर्ण समस्याओं को विस्तार से रखा।भारतीय किसान यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों को मंत्री के समक्ष रखा।

संगठन ने उम्मीद जताई है कि केंद्र सरकार जल्द ही इन मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेकर किसानों और आम जनता को राहत प्रदान करेगी। बैठक के दौरान नरेश टिकैत ने दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर पर बागपत जनपद के दोघट क्षेत्र में कट न होने की समस्या को प्रमुखता से उठाया। दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर में बागपत के दोघट क्षेत्र के लिए कट की मांग के साथ-साथ ग्रामीण सड़क नेटवर्क और नए बाईपास मार्गों के निर्माण का मुद्दा प्रमुखता से रखा गया। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि प्रस्तुत मांगों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देने की बात कही, ताकि क्षेत्रीय समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

टिकैत ने स्पष्ट किया कि यदि दोघट क्षेत्र में उपयुक्त स्थान पर कट प्रदान किया जाता है तो इससे न केवल किसानों को सीधा लाभ मिलेगा, बल्कि स्थानीय व्यापार, परिवहन और क्षेत्रीय विकास को भी गति मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि टीकरी, सिनौली और आसपास के गांवों को इस सुविधा से व्यापक लाभ पहुंचेगा।प्रस्तावित मार्ग शाहपुर ब्लॉक से दुल्हेरा, सदरूद्दीनगर, सिसौली, मुंडभर और भाज्जू होते हुए शामली तक जोड़ेगा। वहीं दूसरा मार्ग मेरठ रोड से रायपुर अटेरना, सांगड़ी, कुरावा होते हुए भौराकलां से सहारनपुर मार्ग को जोड़ेगा। इन मार्गों के निर्माण से क्षेत्रीय यातायात सुगम होने के साथ किसानों और व्यापारियों को सीधा लाभ मिलने की बात कही गई।

### जागरूक महिला ही सशक्त समाज की आधारशिला: मीनाक्षी

**मुजफ्फरनगर।** नवरात्रि सप्ताह के अवसर पर महिलाओं की सुरक्षा, अधिकारों और आत्मनिर्भरता को केंद्र में रखते हुए आयोजित मिशन शक्ति 5.0 का कार्यक्रम जागरूकता और प्रेरणा का सशक्त मंच बनकर उभरा। मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने अपनी प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराते हुए महिलाओं को आत्मनिर्भरता, जागरूकता और अधिकारों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। पुलिस अधीक्षक अपराध इंदु सिद्धार्थ ने मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए महिलाओं को सुरक्षा कानूनों, अधिकारों और विभिन्न सहायता सेवाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम की संयुक्त अध्यक्षता अनीता राजवंशी और राजेंद्र प्रसाद गर्ग ने की, जबकि संचालन शलभ गुप्ता और गुंजन गर्ग ने किया।






# चरथावल में गैस गड़बड़ी का उपभोक्ताओं ने लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** नगर में रसोई गैस वितरण व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि गैस एजेंसियों द्वारा सुनियोजित तरीके से सिलेंडरों की जमकर हेराफेरी की जा रही है, जिससे आम उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि लोगों के हिस्से का सिलेंडर कागजों में हडिलीवरह दिखाया जा रहा है, जबकि हकीकत में उन्हें गैस मिल ही नहीं रही।

**बिना बुकिंग 'डिलीवरी' के मैसेज से बढ़ा शक**

नगर के वाजिद अली, सोनू, साजिद सहित अनेको उपभोक्ताओं का कहना है कि उन्होंने न तो गैस बुक कराई और न ही हाल में केवाईसी कराया, इसके बावजूद उनके मोबाइल पर बुकिंग और डिलीवरी के संदेश आने से उपभोक्ताओं को यह आशंका लगी की कि उनके नाम पर सिलेंडर कहीं और बेचे जा रहे हैं।

**होम डिलीवरी व्यवस्था न के बराबर**

होम डिलीवरी व्यवस्था लगभग न के बराबर हो चली है मजबूर होकर उपभोक्ता गैस गोदामों पर लम्बी लम्बी कतारो मे खडे होने को मजबूर हो चले है। कई जगहों पर धक्का-मुक्की और तनाव की स्थिति बन रही है, जिससे उपभोक्ताओं को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है

**प्रशासनिक आदेशों की उड़ रही है धज्जिया**

सूत्रों के अनुसार, प्रशासनिक अधिकारियो द्वारा हाल ही में गैस एजेंसियों को होम डिलीवरी सुनिश्चित करने और पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए गए थे। बावजूद इसके, जमीनी स्तर पर इन आदेशों का पालन होता नजर नहीं आ रहा, जिससे प्रशास. निक आदेशों की जमकर धज्जिया उड़ती नजर आ रही है

**एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर उठे रहे सवाल, उपभोक्ताओं को हो रही है परेशानी**

स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर की गैस एजेंसी की कार्यशैली संदिग्ध बनी हुई है। नगर मे केवल एक एजेंसी होने के कारण भी उपभोक्ताओं को लम्बी लम्बी लाइनों मे घंटो घंटो खड़ा होना पड़ रहा है, जिससे बड़ी परेशानी उठानी पड़ रही है

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गैस की कमी होने का बनाया जाता है बहाना

क्षेत्रवासियो व उपभोक्ताओं का कहना है कि वैश्विक परिस्थितियों और आपूर्ति को लेकर बनी अनिश्चितता का फायदा उठाकर कालाबाजारी को बढ़ावा दिया जा रहा है। पहले जहां गैस आसानी से मिल जाती थी, अब नियमों का हवाला देकर उपभोक्ताओं को परेशान किया जा रहा है।और गैस की कमी का बहाना बनाकर उपभोक्ताओं को टरकाया जाता है

**उपभोक्ताओं में आक्रोश,गैस की हो रही भारी परेशानी**

लगातार बढ़ती समस्याओं के बीच उपभोक्ताओं में गुस्सा साफ नजर आ रहा हे।उपभोक्ताओं ने प्रशासन से पूरे मामले की जांच कराने और नियमों के अनुसार गैस उपलब्ध कराने और समय से सही डिलीवरी देने की मांग करते हुए कहा की गैस जीवन की बहुमूल्य वस्तुओ मे से एक है बिना गैस के बड़ी परेशानी उठानी पड़ती है और रसोई का पूरा मामला गड़बड़ा जाता है

# जंगली चोरों का आतंक जारी, टयूबवैल से चुराए ट्रांसफार्मर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** थाना क्षेत्र में जंगली चोरो का आतंक लगातार जारी है। भोकरहेड़ी-बसेड़ा मार्ग पर स्थित तीन टड्बवेल पर चोरों ने चोरी की बड़ी घटना को अंजाम देकर सनसनी फैला दी है।पीड़ित किसानों ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।लगातार हो रही चोरी की घटनाओं को लेकर किसानों में रोष व्याप्त है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव रहमतपुर निवासी सन्नी पुत्र सुरेशपाल अंतिल ने जानकारी देकर बताया कि गांव के किसान नेपाल पुत्र कालूराम अंतिल ,योगेंद्र पुत्र अनूप सिंह अंतिल तथा कस्तूरी पत्नी जल सिंह की टड्बवेल भोकरहेड़ी कस्बे के जंगल मेंहै जहां बीती रात चोरों ने कस्तूरी पत्नी जल सिंह की टड्बवेल से कीमती सामान को चुरा लिया तथा वहां आगजनी की घटना को भी अंजाम दिया है। इसके अलावा चोरों ने नेमपाल तथा योगेंद्र की टड्बवेल पर रखें ट्रांसफार्मर को नीचे गिराकर ट्रांसफार्मर के वायर आदि समान को चुरा लिया ।चोरी की बड़ी घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है।

सन्नी चौधरी ने बताया कि पीड़ित किसान बुधवार की सुबह जब खेत पर पहुंचे तो उन्हें चोरी की घटना की जानकारी हुई पीड़ित किसानों ने तुरंत ही पुलिस सहायता डायल 112 पुलिस को चोरी की घटना की जानक. ारी दी तथा क्षेत्र की सीकरी चौकी पुलिस को भी जानकारी दी गई है।

# नवारम्भ उत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया

**बुढ़ाना।** शासनादेश अनुसार बुधवार के दिन खंड शिक्षा अधिक. ारी श्रीमती किरण यादव के अनुपालन में कंपोजिट स्कूल डूंगर में स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक चौधरी जमील अहमद के नेतृत्व में नवारम्भ उत्सव समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें 03 वर्ष से 06 वर्ष के बीच के बच्चे, आंगनवाड़ी, आंगनवाड़ी सहायिका, अध्यापक तथा अध्यापिकाओं ने भाग लिया। उपस्थित बच्चों को ग्लूकोज के बिस्कुट तथा आंगनवाड़ी स्टेशनरी वितरित गयी। स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक चौधरी जमील अहमद ने बताया कि नवारम्भ उत्सव का मुख्य उद्देश्य 03 से 06 वर्ष की आयु के बीच के बच्चों का बाल वाटिका प्री- प्राईमरी में नामांकन बढ़ाना, उन्हें स्कूल के माहौल से जोड़ना और प्रारंभिक शिक्षा के प्रति अभिभावकों को जागरूक करना है। यह आज 25 मार्च को उत्तर प्रदेश के को-लोकेटेड आंगनवाड़ी केन्द्रों और प्राथमिक विद्यालयों में आयोजित एक विशेष शैक्षिक कार्यक्रम है। इसमें 03 से 04 वर्ष के बच्चों का बाल वाटिका में तथा 06 वर्ष पूर्ण कर चुके बच्चों का कक्षा एक में दाखिला सुनिश्चित करना यह नवारम्भ उत्सव की विशेषता है।

# उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ बुढ़ाना अध्यक्ष बने बिजेंद्र

**बुढ़ाना।** तहसील बुढ़ाना परिसर में स्थित बुढ़ाना बार एसोसिएशन के सभागार में बुधवार के दिन सर्व सम्मति से हुए उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ बुढ़ाना के चुनाव में अध्यक्ष पद पर लेखपाल बिजेंद्र कुमार निर्विरोध रुप से अध्यक्ष बनाए गये जबकि वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर लेखपाल प्रताप सैनी, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर लेखपाल अहसान मौहम्मद, सचिव पद पर लेखपाल सुनील कुमार, उप सचिव पद पर लेखपाल अवनीश कुमार, कोषाध्यक्ष पद पर लेखपाल अंकुर सिंघनाद और लेखा परीक्षक लेखपाल मनीष कुमार सर्व सम्मति से निर्विरोध चुने गये। इस हिसाब से चुनाव की नौबत नहीं आई। यह चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से लेखपाल संघ खतौली के अध्यक्ष और चुनावघ निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार की देखरेख में चुनावघ पर्यवेक्षक लेखपाल संघ मुजफ्फरनगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ऐनुल हसन की उपस्थिति में शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ। लेखपाल संघ के अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार और जिला मंत्री सियानंद के अलावा निवर्तमान बुढ़ाना अध्यक्ष ओमप्रकाश की भी इस चुनाव को निर्विरोध करवाने में अहम भूमिका रही। यहां पर सभी निर्वाचित पदाधिकारियों का फूल मालाओं से स्वागत कर उनको जीत की मुबारकबाद दी गयी और मिठाइयां बांटी गयी। यहां रामपाल सिंह, सौरभ सिंह, अनन्त शर्मा, ओमवीर मलिक और प्रशांत गुप्ता सहित अन्य कई लेखपालों की भी उपस्थिति देखने को मिली।

# अनुभव मेमोरियल एकेडमी में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया

**मीरापुर।** अनुभव मेमोरियल एकेडमी में बुधवार को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के अध्यक्ष पंडित सुशील शर्मा, निर्देशक राजेश शर्मा, आफताब मेवाती, कोमल प्रजापति तथा प्रबंधक शिखा शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रशासन द्वारा विभिन्न कक्षाओं के मेधावी और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कक्षा नर्सरी से ईजना, ईशान और फलक, एलकेजी से राज, एलिशबा और दक्ष, यूकेजी से शिवा, हैदर हुसैन और अनाया को पुरस्कृत किया गया। इसी प्रकार कक्षा प्रथम से तस्मिया, आराध्या, युविका, द्वितीय से अर्णव, अनु, गुड़िया, तृतीय से राहिब, शिफा, अवनी, चतुर्थ से मानव, केशव, देवांश, पंचम से साद, अवन्या, कनिका, षष्ठम से मानवी, शुभम, वाइज, सप्तम से सदफ, छवि, इशू तथा अष्टम से लक्की, अर्ष खान और यश को सम्मानित किया गया। विद्यालय ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम और विभिन्न गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को भी स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया। मुख्य अतिथि गीता शर्मा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि वे मेहनत और लगन से निरंतर आगे बढ़ते रहें। वहीं



प्रबंधक शिखा शर्मा ने कहा कि सफलता के लिए अनुशासन और कठिन परिश्रम बेहद आवश्यक है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक मनोज शुक्ला, प्रिंस बड़ोदिया, अक्सा, ज्योति, नेहा, वैशाली और मुस्कान का विशेष योगदान रहा।

## खुजेडा मारपीट व फायरिंग की घटना में मुकदमा दर्ज

**मोरना।** खुजेडा गांव में मंगलवार की शाम मारपीट, पथराव व फायरिंग की घटना को अंजाम देकर पांच व्यक्तियों को घायल करने व गांव में दहशत फैला कर कानून व प्रशासन को चुनौती देने वालों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज गिरफ्तारी की कार्रवाई शुरू कर दी है। ककरौली थाना क्षेत्र के गांव खुजेडा में मारपीट पथराव व फायरिंग की घटना के बाद ग्रामीणों में भारी दहशत व्याप्त है। घटना के सम्बंध में उपनिरीक्षक नरेन्द्र सिंह मुकदमा कायम करते हुए बताया कि गांव खुजेडा में झगड़े की सूचना पर पुलिस बल के हमराह व मौके पर पहुंचे जहां एक पक्ष के अमीर हसन, इनाम ,कल्लू उर्फ महमूद,शहजान व इनके लगभग पांच साथी व दूसरे पक्ष के शाकिर, राशिद उर्फ बड़ा, वसीम, शहजान व इनके आठ दस साथी लाठी डंडे आदि लिए हुए थे और एक दूसरे को चोट पहुंचाने के मकसद से पथराव कर रहे थे। व छतों से फायरिंग कर रहे थे।जिसमें वसीम, आयशा, इमराना ,अफजाल, अमीर हसन घायल हो गए।

पुलिस ने शहजान,शाकिर व अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।तथा आरोपी शहजान तथा शाकिर को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

## 29 मार्च की शाम 6 बजे तक मिल नहीं लेगा गन्ना

**बुढ़ाना।** बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड इकाई भैंसाना के अनुसार मिल गेट एवं गन्ना क्रय केन्द्रों पर काफी कम मात्रा में गन्ना आपूर्ति हो रहा है। जिससे प्रतीत होता हैं कि क्षेत्र में मिल को आपूर्ति योग्य गन्ना बहुत कम मात्रा में अवशेष रह गया है। गन्ने के अभाव में चीनी मिल प्रतिदिन क्षमता के अनुरूप गन्ना पेराई नहीं कर पा रही है। ऐसी स्थिति में मिल को चालू रखना असम्भव प्रतीत होता है। अत आप सभी कृषकों को सूचित किया जाता हैं कि जिस किसी भी कृषक के पास शुगर मिल को आपूर्ति के लिए अवशेष गन्ना हैं तो वह आगामी 29 मार्च की सांय 06 बजे तक अपना समस्त आपूर्ति योग्य गन्ना चीनी मिल भैसाना में आपूर्ति कर दें।

**सूचना**

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 7816/14.07.22 में नियमों की जानकारी न होने के कारण पुत्र का नाम दर्ज नहीं कराया गया। मेरे पुत्र का वास्तविक नाम अली यज़दान है। पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**ग़ज़ाल हैदर**
**149/53 किदवई नगर,**
**मुजफ्फरनगर**

# सभी कष्टों का निवारण करते हैं भगवान: आचार्य शांतनु



**मुजफ्फरनगर।** श्री बालाजी जन्मोत्सव के बीच बालाजी धाम संकीर्तन भवन में आयोजित श्री राम कथा के दूसरे दिन आचार्य श्री शांतनु जी महाराज ने विभिन्न प्रसंगों के साथ भगवान श्री राम सहित चारों भाइयों के नामकरण संस्कार व अहिल्या उद्धार की कथा का बहुत ही सुंदर वर्णन किया, कथा को आरंभ करते हुए महाराज श्री ने कहा की प्रभु श्री राम के अयोध्या में प्रकट होते हैं। उन्होंने कहा परमात्मा का दरबार नर्सिंग होम जैसा ही होता है। संस्कारों एवं परंपराओं को अपने बच्चों के जीवन में जरूर लाइए ताकि बच्चे अपनी परंपरा से हमेशा जुड़े रहे उन्होंने भगवान श्री राम के अयोध्या में जन्म लेने पर कहा कि भारतमे व सनातन धर्म में जन्म लेना ही सौभाग्य की बात है इस अवसर पर अतिथियों द्वारा श्री बालाजी भजनावली पुस्तक का विमोचन भी किया गया, राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल, पूर्व विधायक अशोक कंसल, उद्यमी भीमसेन कंसल, व्यापारी नेता संजय मित्तल, ब्रजेश कुमार, श्री मोहन तायल, सभासद देवेश कौशिक, राहुल पंवार, उधमी कुशपुरी, नगर मजिस्ट्रेट, सी ओ नई मंडी, प्रभारी निरिक्षक नई मंडी, शिवम् सिंघल, श्रवंण गोयल, अंकित गर्ग, हरिशंकर तायल, रजत राठी, रजत गोयल, मनोज खंडेलवाल, सहित काफी संख्या मे श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल घोषित



**मीरापुर।** ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल में बुधवार को वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल रहा और छात्र-छात्राओं की उपलब्धियों पर अभिभावकों एवं शिक्षकों ने खुशी जताई। विद्यालय द्वारा जारी परिणाम के अनुसार कक्षा नर्सरी, एलकेजी एवं यूकेजी में क्रमशः सूतिक्षा शर्मा, रोशनी सैनी, कुलरीत सिंह चौधरी, तनिशा पंवार, यश बरोदिया, अशर, नेक्षा काम्बोज, वैदिक, अरियांश, जगमहर सिंह, अद्विक सिड़ाना, नित्या वत्स और उज्ज्वल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा एक से अजमत अब्बास, प्रिषा, विराट और कनक चौहान, कक्षा दो से कनन धीमान एवं अली रूजम, कक्षा तीन से नुवान नंदवानी एवं अवनी सिंह, कक्षा चार से सम्राट तोमर एवं परम अरोड़ा, कक्षा पांच से जुमाना एवं कुंज, कक्षा छह से अर्पण भारद्वाज एवं उन्नति, कक्षा सात से आराध्या चौधरी एवं अनमोल, कक्षा आठ से राधा सैनी एवं श्रद्धा, कक्षा नौ से आराध्या गुप्ता एवं अनन्या सिंह तथा कक्षा ग्यारह विज्ञान वर्ग से अंशिका जैन, नमरा और वाणिज्य वर्ग से ;षिका ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

**सार्वजनिक सूचना**

मैंने अपना नाम TANISHA से बदलकर TANISHA SINGH रख लिया है। भविष्य में मुझे TANISHA SINGH D/o Late NARESH के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**TANISHA SINGH D/o Late NARESH**
म0नं0- C-119, आवास विकास कालोनी खतौली, थाना खतौली, जिला मु0नगर (उत्तर प्रदेश)

**वाद के निस्तारण हेतू प्रतिवादी की उपस्थिति के लिए समन**
(आदेश 7 नियम 1, और धारा-5)
**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जूनियर डिवीजन) बुढाना मुजफ्फरनगर।**

वाद सं0-22 सन-2024

संजीव कुमार पुत्र ब्रहमसिंह निवासी ग्राम शौरो परगना शिकारपुर तहसील बुढाना जनपद-मुजफ्फरनगर। **...वादी**

**बनाम**

रियासत अली उर्फ रासा पुत्र मुस्ताक अली निवासी मौहम्मद गोकलपुर कस्बा शाहपुर परगना शिकारपुर तहसील बुढाना जनपद-मुजफ्फरनगर। **... प्रतिवादी**

आपको इस समन द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वाद, वादी ने आपके विरूद्ध इकरारनामा महायदा बय के आधार पर सम्पत्ति का बैनामा अपने हक मे कराने हेतु न्यायालय मे योजित किया है। आपको इस न्यायालय मे उक्त वाद का उत्तर पत्र आदि प्रस्तुत करने के लिए उपसंजात, उपस्थित होने के लिए दिनांक 20 मई 2026 को दिन में 10:30 बजे नियुक्त करके यह समन प्रेषित किया जाता है आप नियत दिनांक को न्यायालय मे स्वयं या अपने अधिकृत पैरोकार, अधिवक्ता द्वारा उपस्थित / उपसंजात हो सकते है। जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से सम्बन्धित सारवान प्रश्नो का उत्तर दे सके। न्यायालय मे आपकी उपसंजाती (उपस्थित) के लिए जो उक्त तिथि नियत की गयी है। वह इस वाद के अन्तिम निस्तारण के लिए भी नियत है। इस लिए आपको उसी दिनांक अपने उन सभी साक्ष्यों को या उनसे सम्बन्धित सभी सारवान प्रपत्रो, साक्ष्यो को पेश करने के लिए तैयार रहना चाहिऐ, जिन पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते है। आपको यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर वर्णित तिथि को इस न्यायालय मे उक्त वाद के निस्तारण समय उपसंजात/उपस्थित नही होगे तो उस दशा मे उक्त वाद का निस्तारण आपकी अनुपस्थिति मे गुण दोष पर निर्णित किया जायेगा। आज दिनांक 25 माह 03 सन-2026 को यह समन मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित विधिवत न्यायालय द्वारा जारी किया गया।

आज्ञा से
मुन्सरिम / न्यायधीश

**कार्यालय ग्राम पंचायत परासौली विकास खण्ड बुढ़ाना, मुजफ्फरनगर**

पत्रांक: मेमो./अस्थायी. गोवंश. स्थल. हस्तांतरण/2026-27 दिनांक 26.03.2026

**-अल्पकालीन निविदा सूचना:-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत परासौली, वि.ख. बुढ़ाना द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल हेतु भूमि का चिन्हांकन व हस्तांतरण के सम्बन्ध में यदि कोई स्वयंसेवी संस्था पशु आश्रय स्थल स्थापित करने हेतु लीज पर भूमि की मांग करे तो सरकारी भूमि लीज पर नही दी जाएगी किन्तु संस्था द्वारा आश्रय स्थल के पशुओ की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी दी जा सकती है। 30.03.2026 को दोपहर 02.00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है जो कि 30.03.2026 को 3.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदादाता का स्वयंसेवी संस्था विभाग में पंजीकरण होना अनिवार्य है। सम्बन्धित कार्यो के लिए सामग्री आपूर्ति की निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। निविदा से सम्बन्धित अन्य जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत परासौली**
**वि.ख. बुढ़ाना, मु.नगर**

**ग्राम सचिव**
**ग्राम पंचायत परासौली**
**वि.ख. बुढ़ाना, मु.नगर**

# खटीक समाज ने भाजपा महामंत्री का किया स्वागत

**बुढ़ाना।** खटीक समाज के कद्दावर नेता सुनील दर्शन को विगत दिवस भाजपा जिला महामंत्री नियुक्त होने पर सुनील दर्शन का बीते मंगलवार को खटीक समाज के समस्त जिम्मेदार लोगों ने बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला खटीकान कुएं के समीप एक टेंट लगाकर ढोल की थाप पर फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। उन्होंने अपने खटीक समाज को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है उसको वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाएंगे। उन्होंने समाज के लोगों को साथ लेकर चलने का भी भरोसा दिलाते हुए कहा कि पार्टी संगठन को और भी मजबूत बनाने के लिए वे समाज के लोगों के बीच निरंतर कार्य करते रहेंगे। देश का खटीक समाज बिखरा हुआ नहीं है। सभी भाजपा के साथ हैं और आगामी चुनावों में भी खटीक समाज हर स्थानों पर भाजपा को और भी मजबूत करने के लिए एकजुट होकर सभी सीटें जिताने का काम करेगा। स्वागत



समारोह में खटीक समाज के सैकड़ों लोग शामिल हुए और उन्होंने उत्साहपूर्वक सुनील दर्शन का स्वागत किया। इस दौरान समाज के लोगों ने सुनील दर्शन को पटका और माला पहनाकर सम्मानित किया तथा आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया। यहां लोगों ने उनके जिला महामंत्री बनने पर गर्व जताकर समाज के लिए सम्मान की बात बताया। यहां खटीक समाज के जिलाध्यक्ष यशपाल पंवार, अनुसूचित मोर्चा के जिला मंत्री गौरव मुंडे, राजेश खटीक, विनोद खटीक, मामचंद पंवार, विक्रांत खटीक, अनिल तोमर, राजेश्वर पंवार, सतपाल पंवार, अमर सोनकर, कुलदीप बागोरिया, जयपाल पंवार, प्रदीप खटीक, सचिन खटीक, नितिन बागड़ी, मनीष, विकास मिलवानिया व प्रियांक तोमर के अलावा कफील स्वीट्स कार्नर बुढ़ाना के आनर हाजी वसीम सिद्दीकी, युवा भाजपा नेता सुमित सैनी और शाहबाज सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।

# चाची के निधन से छपार में छाया शोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपार।** वरिष्ठ पत्रकार की चाची का बिमारी के चलते निधन हो गया। जिससे क्षेत्र में शोक है। उनके आवास पर सांत्वना देने वालों का तांता लगा रहा।

मेरठ से प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र के संवाददाता दीपक त्यागी की चाची पवन देवी पत्नी योगेन्द्र उर्फ टीटू त्यागी पिछले काफी समय से बीमार चल रही थी। वह कैंसर से पीडित थी। मंगलवार दोपहर में ढाई बजे के लगभग उनकी मृत्यु हो गई। वह 50 वर्ष की थी। जिनका छपार के शमशान घाट पर शाम छ बजे अंतिम संस्कार किया गया। वह अपने पीछे पति, पुत्र अर्जुन त्यागी, पुत्रवधु प्रिया त्यागी व तीन पुत्रियों को छोड गई है। उनके आवास पर सांत्वना देने वालों की भीड लगी रही। इस दौरान भाकियू तोमर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. संजीव तोमर, जिलाध्यक्ष निखिल चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष



अंकित गुर्जर, पुरकाजी ब्लाक प्रमुख पति धनप्रकाश, भाजपा नेता पंकज त्यागी, जिला कार्यकारिणी सदस्य अमित प्रधान, भाजपा के बरला मंडल अध्यक्ष अंकुर त्यागी, मुनीश त्यागी, राजीव बालियान, सपा नेता बालेन्द्र मोर्य, पूर्व प्रधान जुबैर बबलू, गौरव गुप्ता,गौरव चौपड़ा हरिश कांतिमान लालु चन्दन त्यागी, आसपा नेता अनुज कश्यप आदि दर्जनों गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

**सूचना**

जनता इण्टर कालेज कल्लरपुर कछौली मु.नगर के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि प्रबंध समिति का चुनाव दिनांक 03.04.2026 दिन शुक्रवार, समय 10:00 बजे होना निश्चित हुआ है। सभी सदस्यों की अनिवार्यता विद्यालय प्रागंण में आवश्यक है।

**सार्वजनिक सूचना**

जानकारी में आया है कि ग्राम जोगिया खेडा में कुछ ग्रामीणों ने अवैध रूप से सरकारी नलकों पर खुद का सबमर्सिबल लगा रक्खा है जो कि पूर्ण रूप से अवैध है। अत: सभी ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आगामी 60 दिनों के भीतर भीतर सभी ग्रामीण सरकारी नलकों से अपना अपना सबमर्सिबल निकाल लें अन्यथा की दृष्टि से उनके विरुद्ध कठोर से कठोर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

**ग्राम सचिव: जोगिया खेड़ा, ब्लाक बुढ़ाना, जिला मुजफ्फरनगर।**

**सार्वजनिक सूचना**

में विनोद कुमार पुत्र होराम निवासी ग्राम बडौदा बुढाना जिला मुजफ्फरनगर का निवासी हूं। बीते 20 मई सन 2025 को मैंने अपने पुत्र सागर कुमार व उसकी पत्नी श्रीमति हेमा को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया था। जिसकी सूचना मैंने 20 मार्च 2026 को अखबार में प्रकाशित कराई थी। मेरे पुत्र सागर कुमार व उसकी पत्नी हेमा का गांव के कुछ गलत लोगों संग उठना बैठना था। जिसके चलते मेरे पुत्र का व्यवहार मेरे व मेरे परिवार के सदस्यो के प्रति आक्रमक हो गया था। इसके चलते मैंने सागर कुमार व हेमा को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया था। मेरे पुत्र सागर कुमार व हेमा का व्यवहार मेरे प्रति अब ठीक है। वे मेरी सेवा करने लगे हैं। मैं उनके व्यवहार से खुश हूं। अब मैं पूरे होशों हवास मे बेदखली की कार्यवाही निरस्त करता हूं।

**Name Change**

I MOHD UVESH ANSARI S/O MUSTAKEEM AHMAD R/O VILLAGE GOPALI PO.DEOBAND District SAHARAN-PUR have changed my name to MUHAMMAD

# दो बच्चों का बाप पड़ोसन को लेकर हुआ फरार

**बुढ़ाना।** दो बच्चों का पिता प्रेम प्रसंग के चलते अपनी पडोसनघ को बहला फुसलाकर भगा ले गया। इस मामले में पत्नि ने बुढ़ाना पुलिस से अपने पति की बरामदगी और पडोसनघ के खिलाफ कार्यवाही की गुहार लगाई है। पुलिस ने तहरीर के आधार परघ मामले की जांच शुरु कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली की बायवाला पुलिस चौकी क्षेत्र के बड़ौदा गांव का कासिम दो बच्चों का बाप है। जिसका प्रेम प्रसंग का मामला अपनी पडोसन से चल रहा था। पड़ोसन के भी आठ साल की एक बच्ची बताई गयी है। बुधवार की प्रथम रात्रि लगभग एक बजे पडोसनघ अपने पति को नशे की गोली देकर अपनी बच्ची को साथ लेकर पड़ोसी कासिम के साथ फरार हो गयी। इस घटना का पता तब लगा जब बेहोश पड़ोसी को होश आया और उसकी पत्नि व बच्ची घर पर नहीं मिली। उधर कासिम भी अपने बिस्तर से गायब मिला। पत्नि ने पहले तो अपने पति को उधर उधर तलाश किया लेकिन जब पति, पड़ोसन और उसकी पुत्री का कोई सुराग नहीं लगा तब फरार पति कासिम की पत्नि ने बुढ़ाना पुलिस कोघ एक तहरीर देते हुए अपनी पडोसन के खिलाफ कार्यवाही और अपने पति कासिम की बरामदगी की मांग करते हुए कहा कि वह दो बच्चों की मां है। अब उसका गुजरा कैसे होगा। फरार पति पर अपनी पत्नि के साथ पूर्व में समय समय पर मारपीट करते रहने का भी आरोप लगा है। बुढाना पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरु कर दी थी।

# एनएच-34 के 6-लेन कार्य में स्थानीय जरूरतों की अंदेखी

**खतौली।** दिल्ली-देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-34) के 6-लेन निर्माण के बीच अब स्थानीय लोगों की समस्याएं प्रमुखता से सामने आने लगी हैं। खासतौर पर बुढ़ाना रोड को हाईवे से जोड़ने को लेकर एक बार फिर मांग तेज हो गई है।

नगर पालिका परिषद खतौली के पूर्व सभासद डॉ. एम. अथर ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्धएनएचएआईऋ के परियोजना निदेशक को पत्र भेजकर इस मुद्दे पर तत्काल ध्यान देने की अपील की है। उन्होंने बुढ़ाना रोड के लिए स्थायी सर्विस रोड के साथ एंट्री और एग्जिट प्वाइंट बनाए जाने की आवश्यकता बताई है।

डॉ. अथर के अनुसार, बुढ़ाना रोड क्षेत्र का एक प्रमुख संपर्क मार्ग है, जिसे वर्ष 2013 में जनसुविधा के मद्देनजर अस्थायी रूप से हाईवे से जोड़ा गया था। लेकिन पिछले एक माह से इस रास्ते को पूरी तरह बंद कर दिया गया है, जिससे लोगों को शहर के अंदरूनी और संकरे रास्तों से होकर गुजरना पड़ रहा है। परिणामस्वरूप, यातायात जाम की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि जाम के चलते न केवल आम नागरिकों को असुविधा हो रही है, बल्कि आपातकालीन सेवाएं भी प्रभावित हो रही हैं। ऐसे में निर्माण कार्य के दौरान ही स्थायी समाधान निकालना बेहद जरूरी है। डॉ. अथर ने अपने पत्र में जोर देते हुए कहा कि वर्तमान में एनएच-34 के चौड़ीकरण की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की जा रही है, इसलिए यह सबसे उचित समय है कि बुढ़ाना रोड अंडरपास के पास लिंक रोड और सर्विस रोड का प्रावधान किया जाए। गौरतलब है कि इस मांग को पहले भी जनप्रति. निधियों का समर्थन मिल चुका है। मुजफ्फरनगर के सांसद हरेंद्र सिंह मलिक ने 21 अगस्त 2025 को एनएचएआई के क्षेत्रीय अधिकारी को पत्र लिखकर खतौली-बुढ़ाना-कांधला मार्ग पर बढ़ते ट्रैफिक और कट न होने से दुर्घटनाओं की आशंका जताई थी।

स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि निर्माण के दौरान ही एंट्री-एग्जिट और सर्विस रोड की व्यवस्था कर दी जाती है, तो भविष्य में न केवल जाम की समस्या से राहत मिलेगी, बल्कि शामली और हरियाणा की ओर जाने वाले यात्रियों का सफर भी अधिक सुगम और सुरक्षित हो सकेगा।

**सार्वजनिक सूचना**

में साहिबा पुत्री अय्यूब निवासी ग्राम दाहा जिला बागपत की निवासी हूं। मेरी शादी करीब 6 वर्ष पूर्व मुजफ्फरनगर जिले के बुढ़ाना थाना क्षेत्र के गांव बड़ौदा में कासिम पुत्र शकील संग हुई थी। मेरे 2 पुत्र क्रमश: 5 व 3 वर्ष के हैं। बीते 24 मार्च सन् 2026 को उसका पति कासिम व मेरी पडोसन आसमा पत्नि सद्दाम दोनों प्रेम प्रसंग के चलते फरार हो गये। इस बात से मुझे बड़ा सदमा लगा। इसलिए अब में अपने पति कासिम से भविष्य में किसी भी तरह का संबंध नहीं रखूंगी। अगर वो आगे भी कोई गलत कृत्य करता है तो उसकी जिम्मेदारी कासिम की होगी मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। अत: बुढ़ाना पुलिस मेरी गृहस्थी बर्बाद करने वाले मेरे पति कासिम व पड़ोसन आसमा के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करे व मुझे इंसाफ दे।

**गुमशुदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि रामपाल उर्फ मुन्ना पुत्र सुरेश निवासी ग्राम सिकन्दरपुर कलां, थाना रतनपुरी जिला मुजफ्फरनगर लगभग 6 माह पूर्व अपने घर से रामनगर कहकर गया था, परन्तु आज तक वापस नहीं आया। काफी तलाश के बाद भी कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी को कोई जानकारी मिले तो कृपया नीचे दिए गए मोबाइल नं. 9557377213 पर सूचना दें

**सुरेश पुत्र उद्यम**
**निवासी- सिकन्दरपुर कलां**
**थाना रतनपुरी**
**जिला मुजफ्फरनगर**
**(उ.प्र). मो. 9557377213**

# बुलडोजर कार्रवाई से लोगों का फूटा गुस्सा, किया हंगामा

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** बुढ़ाना रोड स्थित एक कॉलोनी में बुधवार को विकास प्राधिकरण द्वारा की गई ध्वस्तीकरण कार्रवाई विवादों में घिर गई। अचानक हुई इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया और स्थानीय लोगों ने प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बिना पूर्व सूचना और पर्याप्त जांच के ही बुलडोजर चलाकर प्लॉटों और निर्माणाधीन मकानों को नुकसान पहुंचाया गया। इस दौरान कई गरीब परिवारों के आशियानों की दीवारें भी तोड़ दी गईं, जिससे मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रभावित लोग अपने टूटे घरों के सामने बिलखते नजर आए और प्रशासन से न्याय की गुहार लगाते रहे। घटना की सूचना मिलते ही कॉलोनाइजर मौके पर पहुंचा और अधिकारियों से कार्रवाई का आधार पूछा। आरोप है कि बातचीत के दौरान प्रक्रियागत खामियों की बात सामने आई। कॉलोनाइजर ने यह भी दावा किया कि पहले प्राधिकरण के कुछ कर्मचारियों को धनराशि दी जा चुकी है, इसके बावजूद बार-बार कार्रवाई की जा रही है।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस कॉलोनी में पहले भी कई बार इसी तरह की कार्रवाई हो चुकी है, जिससे लोगों में डर और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। कुछ लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि एक खास समुदाय को निशाना बनाकर कार्रवाई की जा रही है, जिससे सामाजिक तनाव बढ़ सकता है। मौके पर मौजूद प्राधिकरण अधिकारी ने संबंधित जेई को फटकार लगाते हुए भविष्य में सावधानी बरतने के निर्देश दिए। हालांकि, इस पूरे मामले में प्राधिकरण की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।स्थानीय लोगों ने मांग की है कि प्राधिकरण के उच्च अधिकारी, विशेषकर वीसी, मौके का निरीक्षण कर निष्पक्ष जांच कराएं। साथ ही शहर के अन्य क्षेत्रोंक्रइस्लामनगर, सठेड़ी पुल, नई आबादी, शेखपुरा, सफेदा रोड और भूड़कृमें चल रहे कथित अवैध निर्माणों की भी समान रूप से जांच की जाए।



## फर्जी वीडियो से बदनाम करने की धमकी, पत्रकार से 50 हजार की रंगदारी मांगने का आरोप

**खतौली।** कस्बा खतौली में एक स्थानीय पत्रकार से रंगदारी मांगने और उसे झूठे मामले में फंसाने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर आरोपी के खिलाफ तहरीर दी है, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार, पत्रकार आरिफ पुत्र हाफिज इब्राहिम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 24 मार्च 2026 को वह अपने मोहल्ले में मौजूद था। इसी दौरान कस्बे का रहने वाला साजिद उसके पास पहुंचा और उससे 50 हजार रुपये की मांग की। आरोप है कि रकम न देने पर आरोपी ने फर्जी वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने और उसे बदनाम करने की धमकी दी।पीड़ित का कहना है कि आरोपी ने अपनी पत्नी के जरिए छेड़छाड़ का झूठा मुकदमा दर्ज कराने की भी धमकी दी। इतना ही नहीं, वह लगातार उच्च अधिकारियों को झूठी शिकायतें भेजकर उसे और उसके परिवार को मानसिक रूप से परेशान कर रहा है।

शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि आरोपी आपराधिक प्रवृत्ति का है और पहले भी गंभीर मामलों में जेल जा चुका है। साथ ही, वह अपने साले के नाम का डर दिखाकर दबाव बनाने की कोशिश करता है।इस पूरे मामले में पीड़ित ने पुलिस से निष्पक्ष जांच कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उधर, कोतवाली पुलिस का कहना है कि तहरीर प्राप्त हो चुकी है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### रहस्यमय परिस्थितियों में गायब हुई नवयुवती

**बुढ़ाना/भौराकला।** एक नवयुवती रहस्यमय परिस्थितियों में गायब हो गयी। भौराकला पुलिस ने परेशान भाई की शिकायत पर अज्ञात युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करते हुए गायब नवयुवती की बरामदगी के प्रयास शुरु कर दिए थे। मिली जानकारी के अनुसार भौराकला थाना क्षेत्र के कस्बा सिसौली निवासी एक पीड़ित व्यक्ति ने विगत दिवस भौराकला पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि मैं बाहर नौकरी करता हूं। जब मैं विगत दिवस छुट्टी में कुछ दिनों के लिए अपने घर पर आया तो मुझे अपने परिजनों से मालूम हुआ कि मेरी लगभग 23 वर्षीया सगी बहन बीती 20 मार्च की रात को बिना बताये किसी अज्ञात युवक के साथ चली गयी है। अब उसे हमने कई संभावित स्थानों पर तलाश कर लिया है लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल पाया है। अब थक हार कर पीड़ित भाई ने भौराकला पुलिस को एक तहरीर देते हुए अपनी गायब बहन की सकुशल बरामदगी और अज्ञात युवक के खिलाफ कार्यवाही की गुहार लगाई है। उधर भौरांकला पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध मामला दर्ज कर नवयुवती की सकुशल बरामदगी की प्रयास शुरु कर दिए थे।

### 12 घंटे में चोरी का खुलासा कर दो शातिर किए गिरफ्तार

**मीरापुर।** थाना पुलिस ने स्कूल में हुई चोरी की एक वारदात का महज 12 घंटे के भीतर सफल खुलासा करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लोगों का भरोसा मजबूत हुआ है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से चोरी किया गया सामान भी बरामद कर लिया गया है। थाना प्रभारी राजीव शर्मा के कुशल नेतृत्व में मीरापुर पुलिस टीम सक्रिय रूप से अपराधियों की धरपकड़ में जुटी हुई थी। इसी दौरान पुलिस को एक मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि दो संदिग्ध व्यक्ति भुम्मा रजवाहे की पटरी पर किसी नई चोरी की घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और दोनों आरोपियों को दबोच लिया। पूछताछ में उनकी पहचान आस मोहम्मद पुत्र हारून और शाहरुख पुत्र नूर मौ, निवासीगण ग्राम केथोड़ा के रूप में हुई। तलाशी के दौरान पुलिस ने उनके कब्जे से दिव्य ज्ञान एकेडमी से चोरी किया गया करीब 20 हजार रुपये मूल्य का एल्युमिनियम गेट, एक 12 बोर का अवैध तमंचा और एक चाकू बरामद किया। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर दोनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस अन्य घटनाओं में उनकी संलिप्तता की भी जांच कर रही है।

### चेकिंग में बाल अपचारी गिरफ्तार

**रामराज।** थाना रामराज पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान के दौरान एक बाल अपचारी को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ पकड़कर महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। थाना प्रभारी रामराज रवेन्द्र सिंह यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान हाशमपुर तिराहे के पास मॉर्डन स्कूल मैदान के समीप एक संदिग्ध किशोर मोटरसाइकिल पर आता दिखाई दिया। पुलिस द्वारा रुकने का इशारा करने पर वह बाइक मोड़कर भागने लगा, लेकिन पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए उसे घेरकर पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक चोरी की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद हुई। पूछताछ में बाल अपचारी ने बताया कि उसने यह बाइक मीरापुर में माता शीतला मंदिर मेले से चोरी की थी। पहचान छिपाने के लिए उसने बाइक पर काले रंग की लेमिनेशन कराई और पीछे की नंबर प्लेट तोड़कर फेंक दी थी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है और अन्य घटनाओं में उसकी संलिप्तता की भी जांच की जा रही ह

### प्रधानमंत्री आवास योजना नहीं चढ़ी परवान....

**( नसीम कुरैशी/महक कुरैशी )**

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनने वाले काफी मकान दूसरी किस्त के चक्कर में आधे अधूरे पड़े हुए हैं। इस योजना का हिस्सा बने गरीब वर्ग के लोग अब दूसरी किस्त के आने का इंतजार बड़ी ही बेसब्री से कर रहे हैं। जिसके चलते इनघ बेचारों कोघ आधे अधूरे मकानों में ही सदह्ल, गमह्ल और बरसात के बीच रहकर खुले आसमान के नीचे जिंदगी गुजारने के लिए विवशघ होना पड़ रहा है। मिली जानकारी के अनुसार कस्बा बुढ़ाना में प्रधानमंत्री आवास योजना कारगर साबित नहीं हो रही पा रही है। वजह एक किश्त के आने के बाद पात्रों को अभी तक भी दूसरी किश्त के दर्शन नहीं हुए। इस समस्या के कारण पात्रों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है और वे हंसी का पात्र भी बन रहे हैं। इन पात्रों को अब प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत दूसरी किस्त के आने का इंतजार है जो कि कई महीनो से लटकी पड़ी है। इसकी वजह से ही हितग्राहियों के आधे अधूरे मकान दूसरी किस्त की राह देख रहे हैं। हितग्राहियों का कहना है कि उन्होंने पहली किस्त से मकान की दीवार बनवा ली लेकिन दूसरी किस्त नहीं आने से छत डालने का काम रुका हुआ है। बारिश में घर में पानी भर जाता है, जिससे परेशानी हो रही है। कुल मिलाकर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत दूसरी किस्त न मिलने से कई लाभार्थियों के मकान अधूरे पड़े हैं। इन पात्रों ने एसडीएम बुढ़ाना से उक्त समस्या का निराकरण करवाने की गुहार लगाई है ताकि उनके मकान कंप्लीट हो सकें और वे उसमें आराम से रह सकें क्योंकि चोरों का भी खतरा उन्हें बराबर बना हुआ है। इस संबंध में जब जिले में बैठे एक अधिकारी से बात की गयी तो उन्होंने बतलाया की निर्माण के विभिन्न चरणों की समय पर फोटो अपलोड न होने से दूसरी किस्त जारी नहीं हो रही है। पहली किस्त मिलने के बाद घर का निर्माण कार्य प्लिंथ स्तर तक समय पर पूरा न करने से भी अगली किश्त रुक जाती है। कई बार राज्य सरकारों को केंद्र से फंड मिलने में देरी होने के कारण भी योजना प्रभावित होती है।

### वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित, नए शैक्षिक सत्र का शुभारंभ

**मुज़फ्फरनगर।** चिल्ड्रन एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के अंतर्गत कक्षा प्ले, नर्सरी, एल.के.जी. एवं यू.के.जी. का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन के साथ किया गया, जिसमें विद्यालय प्रशासन, शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया। पूजन के पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य अमर पांचाल ने सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा उन्हें निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विशेष रूप से उन विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया जिन्हें इस बार स्थान प्राप्त नहीं हुआ और कहा कि वे निराश न हों, बल्कि आगे और अधिक लगन के साथ अध्ययन कर सफलता प्राप्त करें। इस अवसर पर विद्यालय की उप प्रधानाचार्या सान्या निगम ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता निरंतर प्रयास और अनुशासन से प्राप्त होती है। उन्होंने सभी बच्चों को आत्मबिश्वास के साथ आगे बढ़ने तथा अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अभिभावकों और शिक्षकों के सहयोग को बच्चों की सफलता का महत्वपूर्ण आधार बताया।इसके उपरांत परिणाम घोषित किया गया। कक्षा प्ले में प्रिशा पाल ने 96.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, निदा ने 95.50 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान तथा विराट सिंह ने 93.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। कक्षा नर्सरी में अमान मलिक ने 99.25 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, आरोही शर्मा ने 99.08 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा सनाया चौधरी ने 98.92 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा एल.के.जी. में अनाया भटनागर ने 98.25 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान, रुद्र कर्ण ने 97.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा मरयम ने 93.92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। कक्षा यू.के.जी. में प्रज्ञा ठाकुर ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, ख्रषिका ने 96.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा अनाया ने 96 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया तथा सभी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें आगे भी परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय में पूरे कार्यक्रम के दौरान उत्साह एवं अनुशासन का वातावरण बना रहा और अंत में विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# सिद्धपीठ मां गोकुला देवी मंदिर मेला और श्रीरामनवमी शोभायात्रा 27 को

**शाहपुर।** सिद्धपीठ मां गोकुला देवी मंदिर के तत्वाधान मे श्रीरामनवमी भव्य शोभायात्रा और छह दिवसीय ऐतिहासिक मेले का आयोजन 27 मार्च शुक्रवार को किया जा रहा है। मन्दिर प्रबंधक अजय बंसल भगतजी ने शाह टाइम्स संवाददाता भाग्य शर्मा को बताया कि इस बार श्रीराम नवमी भव्य शोभायात्रा का शुभारंभ यशवीर महाराज के कर कमलो द्वारा किया जायेगा।

दोपहर 2 बजे प्राचीन शिव मंदिर शिवालय से आरंभ होकर नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई मेला मैदान (पीठ मैदान) पर पहुंचेगी। शाम के समय मेले का शुभारंभ भाजपा के फायरब्रांड नेता एवं बुढ़ाना विधानसभा के पूर्व विधायक उमेश मलिक के द्वारा किया जायेगा। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार कपिल देव अग्रवाल, पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉक्टर संजीव बालियान, बुढ़ाना विधायक राजपाल बालियान, भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी और भाजपा जिला महामंत्री संजय गर्ग शामिल होगे।

समारोह गौरव के रूप मे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघचालक डॉक्टर हरवीर आर्य और शाहपुर नगर कार्यवाह एडवोकेट संदीप बंसल कार्यक्रम मे शामिल रहेंगे। यह दिव्य और भव्य आयोजन चौत्र शुक्ल नवमी से लेकर चौत्र शुक्ल चतुर्दशी तक आयोजित किया जाता है। यह सिद्धपीठ आसपास के क्षेत्र मे अपनी अलग विशेषता रखता है। मान्यता है कि सच्ची भावना से मांगी गई सारी मन की मुरादे मां गो. कुला देवी पूर्ण करती है। यहा प्रसाद



भोग लगाने के लिए विशेषकर चतुर्दशी के दिन हजारो भक्तो की लाइन लगती है और चतुर्दशी के दिन ही विशाल भण्डारे का आयोजन भी किया जाता है।

# किसानों ने समस्याओं के निस्तारण को दिया धरना

**बुढ़ाना।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक मुजफ्फरनगर के जिलाध्यक्ष पहलवान सुधीर पंवार माजरा ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा देश भर में किसानों की फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने का अभियान चलाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश में भी यह कार्य तेजी से कराया जा रहा है किन्तु बुढाना तहसील मे बडी संख्या में किसान रियल टाईम खतौनी मे नाम एवं अंश निरघारण की त्रुटियो के कारण फार्मर रजिस्ट्री नहीं करा पा रहे हैं। जिला अध्यक्ष श्री पंवार बुधवार के दिन बुढ़ाना तहसील परिसर में दिए गये धरने पर बैठे सैंकडों किसानों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बजाज शुगर मिल द्वारा किसानो का भुगतान नहीं किये जाने के कारण ग्रामीण अर्थव्यवस्था प्रभावित हो रही है। तहसील मे किसान राजस्व विभाग के चक्कर काट रहे हैं। यहां पर एसडीएम बुढ़ाना के नाम 8 सूत्रीय मांगों का एक ज्ञापन भी दियि गया। जिसमें कहा गया कि खतौनी मे नाम एवं अंश निरधारण की त्रुटि के कारण फार्मर रजिस्ट्री से वंचित किसानो की समस्याओं के समाधान के लिए ग्राम सभा मे चौपाल लगाकर खतौनी ठीक करायी जाने के लिए ग्राम सभा का रोस्टर जारी किया जाये। ऐसे सभी दाखिल खारिज के बाद जिसमे कोई आपत्ति नहीं है तय सीमा में निर्धारित किये जायें। विरासत के शासनादेश के अनुसार 13 दिन के अन्दर विरासत दर्ज की जाये। लेखपाल के निजी सहायक भ्रष्टाचार का केन्द्र बन चुके हैं। ऐसे सभी व्यक्तियों



के विरूद्ध कार्यवाही की जाये।

ग्रामीण अर्थ व्यवस्था आज भी कर्ज पर आधारित है। स्मार्ट मीटर को लेकर ग्रामीणों में आशंका है वर्तमान में शंका समाधान तक स्मार्ट मीटर पर रोक लगायी जाये। नकली खाद बीज कीटनाशकों पर रोक लगायी जाये। किसानो का बकाया भुगतान तत्काल कराया जाये और बिजली विभाग के द्वारा मीटर में गडबडी करने पर डिस्प्ले में रिडिंग नहीं आती है। मीटर रीडर अपनी मजह्ल से बिल बनाकर देता है। शिकायत करने पर मीटर बैंज किया जाता है। उसमे रीडिंग बढाकर लिख दी जाती है। जिससे उपभोक्ता का बिल अधिक आता है। जिसको ठीक कराने के लिए उपभोक्ता को चक्कर कटाये जाते हैं। धरने पर सूबेदार भार्गव सहित सैंकड़ों किसान मौजूद रहे।

# जौला में एआईएमआईएम से जुड़े कई ग्रामीण

**बुढ़ाना।** बुधवार के दिन बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव जौला में स्थित शिक्षण संस्था इरम पब्लिक स्कूल के प्रागंण में ग्रामीण समीर राणा की अध्यक्षता में आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी मुजफ्फरनगर के जिला अध्यक्ष मौलाना इमरान कासमी के निर्देश पर आल इंडिया मजलिस ए इत्ते. हादुल मुस्लिमीन पार्टी मुजफ्फरनगर के ज़िला महासचिव आज़म फारुकी की जानिब से एक मीटिंग बुलाई गई। जिसमें सभी ने आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद बेरिस्टर असद्दुदीन औवेसी को अपना नेता मानते हुए आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी ज्वाइन की। जिसमें



सर्व सम्मति से तेहमूर राणा को ग्राम जौला के वार्ड नंबर 09 से आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी का वार्ड अध्यक्ष बनाया गया। अबरार को वार्ड नंबर 11 का वार्ड अध्यक्ष और खुशी मौहम्मद को वार्ड नंबर 11 से वार्ड का उपाध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावा और ग्रामीणों ने भी आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी ज्वाइन की। इस दौरान यहां पर मुख्य रुप से आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी के बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के संगठन मंत्री आसिफ मलिक, बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के महासचिव गफ्फार सिद्दीकी, सेक्टर अध्यक्ष शाहनवाज़ राजपूत और बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के सचिव अब्दुल वहाब आदि मौजूद रहे।

## भाकियू शिक्षक प्रकोष्ठ ने सेवानिवृत्त शिक्षकों का किया भव्य सम्मान

**मीरापुर।** भारतीय किसान यूनियन के शिक्षक प्रकोष्ठ द्वारा मंगलवार को ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल में सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं एआरपी के सम्मान में एक गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वर्तमान शिक्षकों ने सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित कर उनके दीर्घकालिक योगदान के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह में प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र सिंह, कार्यालय प्रमुख द्धपश्चिम उत्तर प्रदेशक्ष्र विनेश कुमार, जिला अध्यक्ष राम रतन, जिला महामंत्री अमित शर्मा, खंड शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार गौड़, विद्यालय के प्रधानाचार्य दीपक धीमान एवं सभा अध्यक्ष सिद्दीकी मंचासीन रहे। कार्यक्रम का संचालन पुष्पराज पंवार ने प्रभावशाली ढंग से किया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षक ताहिर कुरैशी, शिवकुमारी, वीना शर्मा, आशीफा बैगम, शमा इशरत, नरेश कुमार, प्रमोद कुमार एवं प्रतिभा शर्मा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने शिक्षकों को समाज का मार्गदर्शक बताते हुए उनके योगदान को अमूल्य बताया और नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रा. ेत बताया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ब्लॉक अध्यक्ष रविंद्र कुमार कोठारी, कुलदीप यादव, विकास कौशिक, दिलशाद, रजत पंवार, कुलदीप कुमार, राजीव वर्मा, पुनीत अग्रवाल, सुनील कुमार, चंद्रशेखर, कृष्णपाल, सुधा देवी, निधि रानी, हरभजन सिंह, जितेंद्र कुमार, सुजाता, विकास, वेद प्रकाश, मनोज एवं सुनीता देवी का विशेष सहयोग रहा। अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। यह समारोह शिक्षकों के सम्मान और प्रेरणा का सशक्त उदाहरण बना।फोटो कैप्शन- सेवानिवृत्त शिक्षकों के सम्मान समारोह के दौरान उपस्थित थे।

# कुन्द कुन्द जैन कॉलेज की एथलेटिक्स मीट में ज्योति और तुषार राणा का रहा जलवा



**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** स्थानीय श्री कुन्द कुन्द जैन (पीजी) कॉलेज के खेल परिसर में आयोजित वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता के अंतर्गत एथलेटिक्स मीट का आयोजन उत्साहपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। दौड़ प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने जोश और उमंग के साथ हिस्सा लेते हुए अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. नीतू वशिष्ठ, क्रीड़ा अधिकारी प्रो. अरविन्द कुमार, उप क्रीड़ा अधिक. ारी डॉ. विपिन कुमार बंसल एवं ई. आशीष जैन द्वारा फीता काटकर व मशाल प्रज्वलित कर किया गया। प्रतियोगिता का संचालन प्रो. अरविन्द कुमार और खेल प्रशिक्षक विश्वजीत सिंह ने संयुक्त रूप से किया।

छात्रा वर्ग में बीए द्वितीय वर्ष की ज्योति चौध ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए चौंपियनशिप पर कब्जा जमाया, जबकि बीए तृतीय वर्ष की शालिनी तंवर उपविजेता रहीं। वहीं छात्र वर्ग में बीए प्रथम वर्ष के तुषार राणा ने प्रथम स्थान हासिल कर चैंपियन बने और बीए तृतीय वर्ष के निखिल कुमार रनरअप रहे। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. नीतू वशिष्ठ ने खिलाड़ियों की सराहना करते हुए कहा कि खेल व्यक्ति के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उप क्रीड़ा अधिकारी डॉ. विपिन कुमार बंसल ने प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि खेल भावना ही असली जीत है। क्रीड़ा अधिकारी प्रो. अरविन्द कुमार ने सभी खिलाड़ियों को भविष्य में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में क्रीड़ा समिति के सदस्यों एवं महाविद्यालय के प्राध्यापकों व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा। अंत में क्रीड़ा अधिक. ारी प्रो. अरविन्द कुमार ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## बाइक की टक्कर से साइकिल सवार गम्भीर

**मोरना।** बेहड़ा -बैराज मार्ग पर तेज रफ्तार बाइक ने साइकिल में पीछे से टक्कर मार दी, जिसमें साईकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया।घायल को उपचार के लिये अस्पताल भेजा गया।

ककरौली थाना क्षेत्र के गांव बेहड़ा सादात निवासी सीताराम किसी काम से साइकिल पर जा रहा था। जब वह गांव के पास स्थित आश्रम के नजदीक पहुंचा, तभी पीछे से आ रही बाइक सवार ने उसकी साइकिल में टक्कर मार दी।जिससे सीताराम सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस को सूचना दी।मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल सीताराम को उपचार के लिए भोपा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया।जहां से हायर सेंटर रैफर किया गया।

वहां से हालत गंभीर होने पर उसे बेगराजपुर मेडिकल कॉलेज भतह्ल कराया गया। फिलहाल डॉक्टरों की निगरानी में उसका इलाज जारी है और उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

# अनुभव मेमोरियल एकेडमी में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया

**मीरापुर।** अनुभव मेमोरियल एकेडमी में बुधवार को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के अध्यक्ष पंडित सुशील शर्मा, निर्देशक राजेश शर्मा, आफताब मेवाती, कोमल प्रजापति तथा प्रबंधक शिखा शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रशासन द्वारा विभिन्न कक्षाओं के मेधावी और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कक्षा नर्सरी से ईजना, ईशान और फलक, एलकेजी से राज, एलिशबा और दक्ष, यूकेजी से शिवा, हैदर हुसैन और अनाया को पुरस्कृत किया गया। इसी प्रकार कक्षा प्रथम से तस्मिया, आराध्या, युविका, द्वितीय से अर्णव, अनु, गुड़िया, तृतीय से राहिब, शिफा, अवनी, चतुर्थ से मानव, केशव, देवांश, पंचम से साद, अवन्या, कनिका, षष्ठम से मानवी, शुभम, वाइज, सप्तम से सदफ, छवि, इशू तथा अष्टम से लक्की, अर्ष खान और यश को सम्मानित किया गया। विद्यालय ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम और विभिन्न गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को भी स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया। मुख्य अतिथि गीता शर्मा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि वे मेहनत और लगन से निरंतर आगे बढ़ते रहें। वहीं प्रबंधक शिखा शर्मा ने कहा कि सफलता के लिए अनुशासन और कठिन परिश्रम बेहद आवश्यक है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक मनोज शुक्ला, प्रिंस बड़ोदिया, अक्सा, ज्योति, नेहा, वैशाली और मुस्कान का विशेष योगदान रहा।

## प्रबंधक व प्रधानाचार्यों की बैठक का आयोजन

**मोरना।** ग्रामीण मान्यता प्राप्त विद्यालय महासंघ, ब्लॉक मोरना के प्रबंधक एवं प्रधानाचार्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक गंगा पब्लिक पूर्व माध्यमिक विद्यालय, मोरना में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष कन्हैयालाल ने की, जबकि संचालन महासचिव मास्टर बिजेंद्र उपाध्याय द्वारा किया गया।बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रदेश अध्यक्ष चौधरी चन्द्रपाल सिंह ने नई शिक्षा नीति के अनुरूप बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने पर जोर दिया। उन्होंने यह भी बताया कि आगामी अप्रैल माह में संगठन की ओर से एक भव्य शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम ब्लॉक मोरना के सौजन्य से संपन्न होगा।ब्लॉक अध्यक्ष कन्हैयालाल ने सदस्यों से आह्वान किया कि वे एकजुट होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दें। बैठक में सर्वसम्मति से शिक्षक सम्मान समारोह समिति का अध्यक्ष संतोष कुमार गुर्जर को नियुक्त किया गया। अवसर पर संजीव काकरान, दीपक कुमार, तेजवीर सिंह, रवि कुमार, ब्रह्मा सिंह , संतोष कुमार, विनीत उपाध्याय, योगेश कुमार, ललित कुमार, राजीव चेयरमैन, नावेद आलम, सुशील उपाध्याय, शशि भूषण, सुबोध कुमार, सोयबा फातिमा, शहजादी सिद्दकी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# 38वीं जूनियर नेशनल नेटबॉल चैंपियनशिप में पहुंची एसपी क्राइम

**बुढ़ाना।** 38वीं जूनियर नेशनल नेटबॉल चौंपियनशिप के दूसरे दिन का आज सफलतापूर्वक समापन हुआ। प्रतियोगिता के दूसरे दिन बालक वर्ग एवं बालिका वर्ग में अनेक रोमांचक मुकाबले खेले गए जिनमें विभिन्न राज्यों की टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और खेल भावना का शानदार परिचय दिया।

आज के मैचों में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा, अनुशासन एवं टीम वर्क का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को उत्साहित किया। प्रतियोगिता का स्तर काफी उच्च रहा और कई मुक. ाबले बेहद कड़े एवं रोमांचक रहे। इसी अवसर पर उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा महिला शक्ति कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान एसपी क्राइम द्वारा सभी बालिका खिलाड़ियों को महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं आत्मबिश्वास के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। उन्होंने बालिका खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने और आत्मनिर्भर



बनने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम से बालिका खिलाड़ियों में नई ऊर्जा एवं आत्मबिश्वास का संचार हुआ जो उनके खेल एवं जीवन दोनों में सकारात्मक प्रभाव डालेगा। प्रतियोगिता के आगामी दिनों में भी इसी प्रकार के रोमांचक मुकाबलों की उम्मीद की जा रही है। आयोजन समिति द्वारा सभी खिलाड़ियों, अधिकारियों व दर्शकों का आभार जताया। यहां ब्वायज में हिमाचल प्रदेश और पश्चिम बंगाल के बीच मुकाबला हुआ। जिसमें हिमाचल प्रदेश ने 21 और पश्चिम बंगाल ने 6, दूसरे राउंड मे उत्तर प्रदेश और आसाम की टीम भिडी। जिसमें उत्तर प्रदेश की टीम जीती। टीम ने 20 और आसाम ने 10 अंक बनाए। बिहार और जम्मू कश्मीर की टीम के बीच हुई भिड़ंत में बिहार ने 21 तो जम्मू कश्मीर की टीम कुल 11 अंक पर ही सिमट गयी। गर्ल्स में गुजरात व छत्तीसगढ़ की टीम मैदान में उतरी। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य की टीम ने 19 अंक प्राप्त कर जीत हासिल की वहीं गुजरात राज्य की महिला खिलाड़ियों को 14 अंकों से ही संतोष करना पड़ा। आंध्र प्रदेश और राजस्थान की टीम भी भिंडी। जिसमें आंध्र प्रदेश की खिलाड़ियों का प्रदर्शन बहुत ही खराब रहा। इसमें राजस्थान के खिलाड़ियों ने 21 अंक तो आंध्र प्रदेश की खिलाड़ियों ने कुल 04 अंक ही प्राप्त किए। पश्चिम बंगाल और ओडिसा की टीम भी भिडी। जिसमें पश्चिम बंगाल ने 22 तो ओडिसा की खिलाड़ियों को कुल 13 अंक ही मिले। इस दौरान यहां मानव सेवा धर्म प्रचार समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित जोगेंद्र शास्त्री समेत अन्य सैंकड़ों गणमान्य लोगों की भी उपस्थित रही।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## 27 मार्च को होगा रामनवमी का अवकाश:डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान ने बताया कि प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन अनुभाग, लखनऊ के निर्देशन में घोषित अवकाशों की सूची के प्रस्तर-2 (1) में वर्ष 2026 के राजपत्रित अवकाश की सूची में निगोशिएबुल इन्स्ट्रुमेन्ट एक्ट, 1881 के अधीन 26 मार्च, को राम नवमी का सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।

उक्त के क्रम में ही 27 मार्च, 2026 को भी निगोशिएबुल इन्स्ट्रुमेन्ट एक्ट 1881 के अधीन राम नवमी का सार्वजनिक अवकाश घोषित किये जाने का निर्णय लिया गया है। उक्त लिये गए निर्णय के आलोक में राम नवमी के पावन अवसर पर 27 मार्च, (दिन शुक्रवार) को भी जनपद शामली में निगोशिएबुल इन्स्ट्रुमेन्ट एक्ट 1881 के अधीन एतद्वारा सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है।इस कार्यालय द्वारा निर्गत वर्ष 2026 की सार्वजनिक अवकाश की अनुसूची इस सीमा तक संशोधित समझी जाए।

# विकास भवन से केंद्रीय विद्यालय तक डीएम ने की व्यवस्थाओं की जांच

### डीएम के निरीक्षण से अधिकारियों में मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शामली में प्रशासनिक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान ने बुधवार को विभिन्न विभागों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विकास भवन से लेकर जिला संयुक्त चिकित्सालय और केंद्रीय विद्यालय के प्रस्तावित स्थल तक व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को कार्यों में सुधार और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बुधवार को जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान ने निरीक्षण में सर्वप्रथम विकास भवन में संचालित समस्त कार्यालय का निरीक्षण कर विभागीय कार्यक्रमों की जानकारी प्राप्त करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कार्यालयों का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी द्वारा समाज कल्याण विभाग का निरीक्षण करते हुए फाइलों को रखरखाव आदि को लेकर निर्देशित किया मौके पर समाज कल्याण अधिकारी से पेंशन संबंधी जानकारी भी प्राप्त की गई। निरीक्षण के समय जिलाधिकारी द्वारा आईजीआरएस कक्ष में जाकर शिकायत रजिस्टर चेक करते हुए आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की गई। निरीक्षण के समय मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी, पीडी डीआरडीए प्रेम चन्द, डीपीआरओ संदीप अग्रवाल, समाज कल्याण अधिकारी आदि मौजूद रहें। निरीक्षण के अगले क्रम में जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान द्वारा जिला संयुक्त चिकित्सालय शामली का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा अस्पताल में प्रवेश करते ही मरीजों से बात की गई उनसे इलाज संबंधी जानकारी प्राप्त की गई यहां डीएम ने मरीजों से पूछा कोई दवाई का पैसा तो नहीं लेता है इलाज कराने आए मरीजों ने कहा नहीं कोई दवाई का पैसा नहीं लेता है साहब। संयुक्त जिला चिकित्सालय का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने शौचालय में साफ सफाई आदि की व्यवस्था को भी देखा जो ठीक मिली। इसके पश्चात जिलाधिकारी द्वारा जनरल वार्ड, महिला व पुरुष वार्ड का निरीक्षण कर मरीजों से बात की उनका हाल जाना और उनसे अस्पताल से दी जाने चिकित्सा सुविधाओं के बारे में जानकारी ली गई जिसमें मरीजों ने संतोष व्यक्त करते हुए डॉक्टर द्वारा समय से इलाज मिल रहा है कि बात कही। निरीक्षण के समय सीएमओ डॉ अनिल कुमार, सीएमएस डॉ किशोर आहुजा आदि चिकित्सक मौजूद रहे। निरीक्षण के अगले क्रम में जिला. धिकारी अरविन्द कुमार चौहान द्वारा केंद्रीय विद्यालय के संचालन हेतु कृष्णा विद्या मन्दिर हाईस्कूल कबड़ौत भवन का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं को देखा और संबंधित को निर्देशित किया गया। इसके साथ ही जिलाधिकारी द्वारा केंद्रीय विद्यालय के लिए गांव में जो भूमि आवंटित है उसे भूमि का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय तहसीलदार शामली मनोज कुमार सहित आदि स्कूली स्टाफ मौजूद रहा।






## घसौली मार्ग पर व्यक्ति पर लाठी-डंडों से किया जानलेवा हमला

शाह टाइम्स संवाददाता

कांधला। कस्बे के घसौली मार्ग पर एक व्यक्ति पर कई लोगों ने लाठी-डंडों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित के पुत्र ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।कस्बा निवासी जीशान ने बताया कि मोहल्ले के कुछ लोग उनके परिवार से पुरानी रंजिश रखते हैं। आरोप है कि मंगलवार देर शाम उसके पिता तस्लीम घसौली मार्ग पर खड़ा हुआ था, तभी आरोपियों ने एक राय होकर गाली-गलौज शुरू कर दी और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इसी दौरान हमलावरों ने उनके सिर पर धारदार हथियार से वार कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया।शोर-शराबा होने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घायल को उपचार के लिए ले जाया गया, जहां उसका मेडिकल परीक्षण कराया गया। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर किया है।पीड़ित पक्ष ने थाने में तहरीर देकर आरो. पियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और आरोपियों की तलाश जारी है।

# जलेबी खाने को लेकर हुए विवाद में बाजार बंद

### गरम तेल फेंकने का लगाया आरोप, दोनों ओर से कई घायल

**■ व्यापारियों ने बाजार बंद की दी चेतावनी, पुलिस कार्रवाई में जुटी।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के कस्बा एलम में जलेबी खाने को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दुक. ानदार और ग्राहकों के बीच हुई मारपीट में दोनों पक्षों के दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों ने मेडिकल परीक्षण कराने के बाद थाने में तहरीर दी है। वहीं, दुकानदार पक्ष का मुकदमा दर्ज न होने से नाराज व्यापारियों ने बाजार बंद करने की चेतावनी देते हुए कार्रवाई की मांग की है और कई व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान भी बंद कर दिए। थाना क्षेत्र के कस्बा एलम के मोहल्ला जवाहर नगर निवासी इकबाल पुत्र मुंशी ने थाने पर तहरीर देकर बताया की उसका पौत्र तनवीर अपने साथी जुनैद के साथ मोहल्ला प्रेम नगर स्थित आशीष की दुकान पर जलेबी खाने गया था। आरोप है कि रुपए के लेन देन को लेकर कहासुनी के बाद दुक. ानदार ने अपने साथियों के साथ मिलकर तनवीर व उसके साथी के साथ मारपीट की और उन पर खौलता तेल डाल दिया, जिससे वे झुलस गए। दूसरे पक्ष दुकानदार आशीष पुत्र सुरेंद्र का कहना है कि मंगलवार शाम तनवीर अपने आधा दर्जन साथियों के साथ दुकान पर आया और जलेबी खाने के बाद पैसे देने से इनकार कर दिया। विरोध करने पर आरोपितों ने लाठी-डंडों व धारदार हथियार से हमला कर दिया। साथ ही गाली-गलौज करते हुए दुकान पर काम कर रहे शुभम पर भी गरम तेल डाल दिया, जिससे वह घायल हो गया। घटना के दौरान मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। दोनों पक्षों के परि. जनों ने घायलों को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से चिकित्सकों ने गंभीर हालत देखते हुए दोनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मामला दो समुदायों से जुड़ा होने के कारण कस्बा एलम मे पुलिस बल तैनात किया गया है। खुफिया विभाग भी स्थिति पर नजर बनाए हुए है। बुधवार को दुकानदार की ओर से मुकदमा दर्ज न होने पर व्यापारियों में रोष फैल गया। दर्जनों व्यापारी एकत्र होकर बाजार बंद करने की चेतावनी देते हुए थाने पहुंचे, और कहीं दुकानदारों ने अपने प्रतिष्ठान भी बंद कर दिए और शीघ्र कार्रवाई की मांग की।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों से तहरीर प्राप्त हुई है। मामले की जांच की जा रही है, जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



# शराब की दुकान में चोरी का खुलासा

### चौसाना पुलिस ने वांछित चोर को दबोचा, 20,300 रुपये बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** पुलिस ने शराब की दुकान में हुई चोरी की घटना का सफल खुलासा करते हुए वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई नगदी में से 20,300 रुपये भी बरामद किए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वादी चन्द्रमोहन पुत्र प्रीतम सिंह निवासी कस्बा व थाना तितावी, जनपद मुजफ्फरनगर की गंगोह रोड स्थित मुडेट चौराहे के पास शराब की दुकान में 4/5 मार्च 2026 की रात अज्ञात चोरों ने धावा बोल दिया था। चोर दुकान से नगदी के साथ शराब की बोतलें और बीयर कैन चोरी कर फरार हो गए थे। मामले में पीड़ित की तहरीर पर थाना झिंझाना में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में चलाए जा रहे संदिग्ध वाहन व व्यक्ति चे. कंग अभियान के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी कैराना के नेतृत्व में झिंझाना पुलिस को सफलता हाथ लगी। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए वांछित अभियुक्त फहीम पुत्र जाजू निवासी ग्राम बेगी नाजर, थाना गंगोह, जनपद सहारनपुर को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 20,300 रुपये नकद बरामद किए गए, जो चोरी की रकम का हिस्सा बताए जा रहे हैं।

पुलिस के अनुसार इस मामले में पूर्व में 17 मार्च 2026 को एक अन्य अभियुक्त मुजाहिर पुत्र हासिम को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। फिलहाल गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। चौकी प्रभारी संदीप कुमार यादव का कहना है कि क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।



## स्कूल से लौट रहे छात्र पर सरिया-बेल्ट से हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कोतवाली क्षेत्र के गांव मलकपुर में स्कूल से घर लौट रहे एक छात्र पर तीन युवकों द्वारा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि हमलावरों ने छात्र को रोककर लोहे के सरिये और बेल्ट से मारपीट की, जिससे वह घायल हो गया। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव मलकपुर निवासी अर्चना सैनी पत्नी तेजपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मंगलवार दोपहर करीब 2:10 बजे उनका बेटा स्कूल से घर लौट रहा था। आरोप है कि रास्ते में गांव के ही गौरव उर्फ मक्खी पुत्र तेज कुमार, खुशहाल पुत्र राजबीर कश्यप तथा कमल ने उसे रोक लिया और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर तीनों ने छात्र पर लोहे के सरिये और बेल्ट से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। घटना के दौरान शोर-शराबा होने पर आरोपी छात्र को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे। घायल छात्र ने रोते हुए परिजनों को पूरी घटना की जानकारी दी। पीड़ित मां ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# दुर्गाष्टमी पर निकली माँ शाकुंभरी की शोभायात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** चैत्र नवरात्र की दुर्गाष्टमी पर बुधवार को कस्बा भक्तिमय माहौल में सराबोर नजर आया। मोहल्ला रायजादगान स्थित सिद्धपीठ पुराने शाकुंभरी देवी भवन से माँ शाकुंभरी की परंपरागत शोभायात्रा धूमधाम और गाजे-बाजे के साथ निकाली गई। शोभायात्रा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा वातावरण जय माता दी के जयकारों से गूंज उठा।सुबह से ही श्रद्धालु शाकुंभरी देवी भवन पर एकत्र होने लगे। ब्रह्मचारी आशुतोष महाराज ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर माँ शाकुंभरी के विग्रह को सुसज्जित कर शोभायात्रा का शुभारंभ किया। ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों के बीच श्रद्धालु झूमते हुए आगे बढ़े। महिलाओं ने मंगलगीत गाए, जबकि युवाओं ने नृत्य कर उत्साह बढ़ाया।शोभायात्रा आर्य समाज मंदिर, लक्ष्मी नारायण मंदिर होते हुए मुख्य बाजार पहुंची, जहां व्यापारियों और नागरिकों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। अनाज मंडी स्थित श्रीदेवी मंदिर पर पारंपरिक रीति से देवी स्वरूप बहनों का मिलन कराया गया, जो आकर्षण का केंद्र रहा। इसके बाद शोभायात्रा जैन स्थानक व जैन मंदिर होते हुए पुन: सिद्धपीठ पहुंची। शोभा यात्रा के दौरान मार्ग में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही और जगह-जगह स्वागत किया गया।सुरक्षा व्यवस्था के लिए थाना पुलिस मुस्तैद रही, जिससे आयोजन शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। अंत में सिद्धपीठ पर मंगला आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान प्रदीप कुमार भार्गव, अनिल बोहरा, तनुज कुमार, विनीत शर्मा, तेजपाल, मोहित गर्ग, अक्षय शर्मा सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

# भैंसवाल-झिंझाना नाले की सफाई हुई आधी अधूरी

### किनारों पर पड़े कूड़े के ढेर भी नहीं अभी उठाए गए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** भैंसवाल से झिंझाना तक करीब 10 किलोमीटर लंबे नाले की सफाई का कार्य भले ही कागज़ों में पूरा हो गया हो, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। सफाई के दौरान निकाली गई गंदगी, मिटी और कूड़े के बड़े-बड़े ढेर पिछले 8:10 दिनों से नाले की पटरी पर ही पड़े हैं। जिससे स्थानीय लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

नाले के किनारे जमा कूड़ा न केवल दुर्गंध फैला रहा है, बल्कि आसपास के माहौल को भी प्रदूषित कर रहा है। वहीं, सड़क किनारे डाले गए मिट्टी के ढेर से आवागमन में दिक्कत हो रही है और दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई है। राहगीरों और स्थानीय निवासी ओम प्रकाश सैनी, राजेश, राकेश, राजकुमार, नेपाल आदि का कहना है कि सफाई कार्य भी अधूरा है, क्योंकि कूड़ा हटाए बिना इसे पूरा नहीं माना जा सकता। और नाले में अभी कूड़ा कचरा और घास साफ दिखाई पड़ रहा है। इस संबंध में जब अवर अभियंता कुलदीप सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि भैंसवाल से झिंझाना तक लगभग 10 किलोमीटर नाले की सफाई कराई गई है। यदि कहीं कोई कमी रह गई है तो उसे दोबारा ठीक कराया जाएगा। साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया कि नाले के किनारे डाली गई मिट्टी और कूड़े को जल्द ही उठवा लिया जाएगा। हालांकि, सवाल यह उठता है कि सफाई के बाद कूड़ा उठाने में हो रही देरी के कारण आम जनता को कब तक इस समस्या से जूझना पड़ेगा। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द कूड़ा उठवाकर क्षेत्र को स्वच्छ और सुरक्षित बनाने की मांग की है।



## समोसे के पैसे मांगने पर मारपीट , गरम तेल डाला, तीन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू में समोसे के पैसे मांगने पर विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने दो भाईयो के साथ मारपीट कर उन पर खौलता तेल डाल दिया, जिससे दोनों गंभीर रूप से झुलस गए। पुलिस ने मामले में तीन आरो. पियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

कस्बे के मोहल्ला रायजादगान निवासी मोहित ने बताया कि गंगेरू बस स्टैंड पर उसके परिजन ठाकुर समोसे वाले के नाम से हलवाई की दुकान चलाते हैं। आरोप है कि सोमवार को पड़ोस में हकीम की दुकान करने वाले यूनुस, कय्यूम और मुस्कान दुकान पर आए और समोसे खाए। जब उसके भाई कपिल और अंकित ने समोसे के पैसे मांगे तो तीनों आरोपी भड़क गए।आरोप है कि आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए दोनों भाइयों के साथ मारपीट की और उन पर खौलता तेल डाल दिया, जिससे वे बुरी तरह झुलस गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

बुधवार को पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए कय्यूम व जुल्फिकार को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया है। पुलिस की कार्रवाई से पीड़ितों ने राहत की सांस ली। थाना प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि मामले मैं दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया एक फरार आरोपी की तलाश की जा रही है जल्दी उसे भी गिरफ्तार किया जाएगा। क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए हर संभव प्रयास को किया जाएगा।

### धोखाधड़ी कर जमीन हड़पने में चौसाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, फर्जी आधार कार्ड बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** पुलिस ने जमीन हड़पने और धोखाधड़ी के एक गंभीर मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक फर्जी आधार कार्ड और उसकी छायाप्रति भी बरामद की है।

पुलिस के अनुसार, यह मामला वादी सोनू पुत्र रामकुमार निवासी क्षेत्र से जुड़ा है, जिसमें अभियुक्त यामीन पुत्र सद्दीक निवासी ग्राम मंसूरा थाना झिंझाना समेत कुल 7 लोगों पर धोखाधड़ी कर जमीन हड़पने का आरोप है। आरोप है कि जब वादी ने अपने पैसे वापस मांगे, तो आरोपियों ने उसे जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौच की और जान से मारने की धमकी दी। इस संबंध में थाना झिंझाना पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह ने सभी आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन और क्षेत्राधिक. ारी कैराना के पर्यवेक्षण में झिंझाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वांछित अभियुक्त मोनू पुत्र शिवचरण निवासी ग्राम खानपुर अफगान, थाना तितरो जनपद सहारनपुर को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपी के पास से एक फर्जी आधार कार्ड और उसकी फोटो कॉपी बरामद की, जो धोखाधड़ी में प्रयुक्त किए जाने की आशंका है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ पूर्व में भी गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है, जिसमें धोखाधड़ी, जालसाजी, आपराधिक साजिश और एससी/एसटी एक्ट से संबंधित धाराएं शामिल हैं। फिलहाल पुलिस ने आरा. `पी के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है और अन्य फरार अभियुक्तों की तलाश जारी है। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में अपराध और अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।



## ठोकरें तोड़कर खनन रास्ता बनाने पर भड़के ग्रामीण, जांच को पहुंची टीम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** नाइनगला जाटान में प्रस्तावित रेत खनन पट्टे के लिए रास्ता बनाए जाने को लेकर मंगलोरा में ग्रामीणों के विरोध के बाद प्रशासन हरकत में आ गया। मंगलवार को पंचायत व प्रदर्शन के बाद बुधवार को एसपी व डीएम कार्यालय से टीम मौके पर पहुंची। टीम ने ग्रामीणों से बातचीत कर जानकारी जुटाई और टूटी ठोकरों का निरीक्षण कर फोटोग्राफी की।

मामला यमुना किनारे स्थित मंगलोरा क्षेत्र का है, जहां वर्ष 1970 में बिडौली पुल से मंगलोरा तक करोड़ों रुपये की लागत से सात ठोकरें बनाई गई थीं, ताकि नदी के कटान से गांवों को बचाया जा सके। ग्रामीणों का आरोप है कि नाइनगला जाटान में करीब पांच किलोमीटर दूर खनन पटा स्वीकृत है और निर्धारित रास्ता भी उसी दिशा से है, लेकिन ठेकेदार ने मंगलोरा क्षेत्र की चार ठोकरें तोड़कर जबरन रास्ता निकालना शुरू कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि हर साल यमुना में जलस्तर बढ़ने से उनकी जमीन कटान का शिकार होती है। अब ठोकरें टूटने से स्थिति और गंभीर हो सकती है तथा आने वाले समय में बाढ़ जैसे हालात बन सकते हैं।

उन्होंने 2013 की घटना का भी जिक्र किया, जब इसी क्षेत्र में बांध टूटने से गांवों में पानी भर गया था और ग्रामीणों को दिन-रात मशक्कत कर हालात पर काबू पाना पड़ा था। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कई दिनों से वे डीएम कार्यालय में शिकायत कर रहे थे। मंगलवार को पंचायत कर विरोध प्रदर्शन किया गया, जिसके बाद प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची। इस दौरान अनिल चौधरी, रोहतास, राजबीर, राजकुमार सिंह, देविंदर सिंह, संजीव कुमार, राहुल चौहान, जगत सिंह, बबलू, काला, सचिन कुमार, नितिन कुमार और मैनपाल ऊदपुर सहित कई ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द रास्ते पर रोक नहीं लगाई गई तो बिडौली हाईवे पर जाम लगाया जाएगा।

# पुलिस ने चेकिंग में कच्ची शराब सहित चार को दबोचा

### जनपद के कस्बों में चल रहा है कच्ची शराब का अवैध कारोबार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था को सुखढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा लगातार संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस ने क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दो अभियुक्तों के कब्जे से अवैध चाकू तथा दो अन्य के पास से करीब 20 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उनका चालान कर दिया।

पुलिस अधीक्षक शामली नरेंद्र प्रताप सिंह के निर्देश पर जनपद के सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सतर्कता बरतते हुए संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने और नियमित चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। इसी के तहत थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे और संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने दो युवकों को पकड़कर उनकी तलाशी ली, जिनकी पहचान आसिफ और बिलाल निवासी मोहल्ला खेल के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से 20 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई।दूसरी और पुलिस ने गांव खंद्रावली निवासी सावेज और राशिद को संदिग्ध अवस्था में घूमते हुए पकड़ा। तलाशी लेने पर उनके पास से अवैध चाकू बरामद किए गए। पुलिस ने मौके पर ही चारों आरोपियों को हिरासत में लेकर थाने ले आए और पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चारों का चालान कर दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। पुलिस की कार्रवाई से अवैध कच्ची शराब माफियाओं में हड़कंप मचा रहा।

**सूचना**

**जनपद शामली के कस्बा एलम, गढ़ीपुख्ता, बाबरी, बनत व जलालाबाद में संवाददाताओं के आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करे। अनुभवी को वरियता दी जाएगी।**

**सुनील वर्मा**
**(जिला प्रभारी/ब्यूरो चीफ)**
**मो. 8630354443**
**कार्यालय पता:- ऊपरी मंजिल ओम प्लाजा मार्केट, इलाहाबाद बैंक, धीमानपुरा, शामली**

# दिव्यांग की फरियाद सुनने खुद उसके पास पहुंचे सीडीओ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद शामली के विकास भवन में बुधवार को प्रशासन की संवेदनशीलता और मानवीय दृष्टिकोण की एक मिसाल देखने को मिली, जब मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी ने एक दिव्यांग फरियादी की समस्या सुनने के लिए स्वयं अपने कार्यालय से नीचे पहुंचकर उसकी बात सुनी। इस पहल की मौके पर मौजूद लोगों ने सराहना की।



क्षेत्र के गांव बुटराड़ा निवासी रीनू पुत्र मदन, जो पैरों से दिव्यांग है, अपने जर्जर मकान की शिकायत लेकर विकास भवन पहुंचा था। भवन में निर्माण कार्य चलने के कारण वह सीढ़ियां चढ़ने में असमर्थ रहा और नीचे ही बैठकर अपनी बारी का इंतजार करता रहा। जब इस बात की सूचना सीडीओ विनय कुमार तिवारी को मिली, तो उन्होंने तत्परता दिखाते हुए स्वयं नीचे आकर फरियादी से मुलाकात की और उसकी समस्या को ध्यानपूर्वक सुना। रीनू ने बताया कि उसका मकान अत्यंत जर्जर स्थिति में है, जिसके कारण उसमें रहना बेहद मुश्किल हो गया है। बरसात के दिनों में घर में पानी भर जाता है और छत लगातार टपकती रहती है, जिससे कभी भी मकान गिरने का खतरा बना रहता है। उसने प्रशासन से अपने मकान को पक्का बनवाने की मांग की, ताकि वह और उसका परिवार सुरक्षित रह सके। सीडीओ ने मामले की गंभीरता को समझते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मौके पर जाकर स्थिति का निरीक्षण करें और जल्द से जल्द उचित कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने आश्वासन दिया कि पात्रता के अनुसार सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। सीडीओ की इस मानवीय पहल से न केवल फरियादी को राहत मिली, बल्कि प्रशासन के प्रति आमजन का विश्वास भी मजबूत हुआ। स्थानीय लोगों ने इस कदम को सराहनीय बताते हुए कहा कि ऐसे अधिकारी ही वास्तव में जनता की समस्याओं को समझते हैं और उनके समाधान के लिए तत्पर रहते हैं।

# ग्लोबल समिट में उन्नति योग सेंटर जलालाबाद का जलवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** ऋषिकुल योगपीठ एवं वि श्व आरोग्य संवर्धन संस्थान द्वारा 22 मार्च को कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया के डिप्टी स्पीकर हॉल रफी मार्ग नई दिल्ली में ग्लोबल समिट ऑन हाइड्रो-थेरेपी एंड अवार्ड फंक्शन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जल चिकित्सा के वैज्ञानिक चिकित्सीय एवं व्यावहारिक पहलुओं पर विशेषज्ञों द्वारा विस्तृत चर्चा एवं कार्यशालाएं आयोजित की गईं। अंतरराष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन में उन्नति योग सेंटर जलालाबाद के 8 विद्यार्थियों ने सामूहिक योगासन की प्रस्तुति देकर सभी को प्रभावित किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सभी 8 विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र ट्रॉफी एवं बेस्ट परफॉर्मर अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की विशेष उपलब्धि यह रही कि सामूहिक प्रस्तुति देने वाले सभी 8 विद्यार्थियों का चयन आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है जो कि अयोध्या में आयोजित होगी। संस्थान के प्रशिक्षक योगाचार्य विशाल शर्मा ने बताया कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत अनुशासन एवं समर्पण का परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि विद्यार्थी भविष्य में इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान एवं क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। चयनित विद्यार्थियों में जीविका सैनी अनन्या शर्मा, अभिनंदन सैनी, आरव राणा, अवनीश, हार्दिक रॉय, अर्पित कश्यप एवं रुद्र सैनी पुत्र रविंद्र सैनी शामिल हैं।

## जिलाध्यक्ष रामजीलाल कश्यप का हुआ स्वागत

**चौसाना।** गढ़ी हसनपुर में रामजीलाल कश्यप को भारतीय जनता पार्टी की तरफ से जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर स्वागत समारोह का आयोजन किया गया जिसमें कार्येक्रम की अध्यक्षता ओमप्रकाश कश्यप सिसौली ने की। वही रामजीलाल कश्यप का सम्मान चौबीसी खाप के चौधरी राजवीर उर्फ काला व ताराचंद ने किया। मंच पर रामजीलाल कश्यप, सुरेश कश्यप, मनीष चौहान, रूबी चौधरी, अभय तोमर रहे। इसी क्रम मे मनीष चौहान ने कहा भारतीय जनता पार्टी काबिलियत के हिसाब से काम को देखकर जिमेमदारी देती है इसीलिए 60 से 65 लोगो मे से रामजीलाल कश्यप को जिलाध्यक्ष चुना है और कश्यप समाज को बीजेपी की रीड की हड्डी बताया, वही रामजीलाल कश्यप ने खुद को अंत्योदय श्रेणी से बताते हुए आभार व्यक्त किया,ओर कहा बीजेपी राष्ट्रवाद,सुशासन,विकाश की स्थापना करती है। इसी मोके पर राजवीर उर्फ काला चौधरी चौबीसी खाप, ताराचंद, रामपाल, सुरेंदर, धर्मवीर मौजूद रहे।

## आरके पीजी में शिविर का हुआ शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर के आरके पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) प्रथम इकाई के चतुर्थ एक दिवसीय शिविर का शुभारंभ बुधवार को विधिवत रूप से किया गया। कार्यक्रम का उद्‌घाटन मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो. एमके जैल्ली, मुख्य वक्ता डॉ. चंद्रबली पटेल, डॉ. सौरभ कुमार पांडे तथा कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रोहित राणा ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन और राष्ट्रगान के साथ किया। मुख्य वक्ता डॉ. सौरभ कुमार पांडे ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धी दौर में केवल शैक्षणिक ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि व्यावहारिक कौशल का होना भी बेहद जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों को विभिन्न स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रमों से जुड़ने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि कौशल आधारित शिक्षा से न केवल रोजगार के अवसर बढ़ते हैं, बल्कि आत्मनिर्भरता भी विकसित होती है। वक्ता डॉ. चंद्रबली पटेल ने स्किल इंडिया मिशन के तहत उपलब्ध विभिन्न अवसरों की जानकारी दी। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रोहित राणा सहित अन्य शिक्षकगण और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। शिविर के माध्यम से छात्रों को सामाजिक सेवा और कौशल विकास के प्रति जागरूक किया गया।

# पांचों ब्लॉकों में हुआ कन्या पूजन कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद शामली में नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मिशन शक्ति-5.0 (द्वितीय चरण) के तहत बुधवार को सभी पांचों ब्लॉकों में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। महिला कल्याण विभाग तथा बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के संयुक्त प्रयास से कन्या पूजन कार्यक्रम आयोजित कर बालिकाओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर बालिकाओं का विधिवत पूजन कर उन्हें उपहार भेंट किए गए।

कार्यक्रम मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान का हिस्सा है, जिसके अंतर्गत जनपद में विभिन्न स्तरों पर जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। महिला कल्याण विभाग की टीम ने इस दौरान बालिकाओं, महिलाओं और माताओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। डिस्ट्रिक्ट मिशन कोऑर्डिनेटर सदफ खान ने बताया कि समाज में महिलाओं और बालिकाओं का स्थान शक्ति के रूप में है। वर्तमान में चल रहे वासंतिक नवरात्र के दौरान शक्ति के विभिन्न रूपों की पूजा की जाती है, उसी परंपरा के तहत कन्या पूजन का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम समाज में महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के प्रति सकारात्मक संदेश देते हैं। कार्यक्रम में जेंडर स्पेशलिस्ट कुलदीप शर्मा ने छात्राओं को विभिन्न आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों 112, 1090, 1076, 181, 108, 102, 101, 1930 और 1098 की जानकारी देते हुए बताया कि ये सेवाएं महिलाओं की सुरक्षा और सहायता के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना और निराश्रित महिला पेंशन योजना जैसी सरकारी योजनाओं के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर सीडीपीओ ममता, सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी सहायिकाएं, महिला कल्याण विभाग के कर्मचारी, शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## राम श्याम दुर्गा मंदिर में अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ, श्रद्धालुओं में दिखा उत्साह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** कस्बे के प्रसिद्ध राम श्याम दुर्गा मंदिर में बुधवार से अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ श्रद्धा और भक्ति के माहौल में किया गया। मंदिर परिसर में सुबह से ही भक्तों की आवाजाही बनी रही और पूरे वातावरण में भक्ति रस की धारा प्रवाहित होती रही। नवरात्र के पावन अवसर पर आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। अष्टमी और नवमी तिथि एक साथ होने के कारण इस बार कार्यक्रम का समापन बृहस्पतिवार को महा आरती के साथ किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। अखंड रामायण पाठ का वाचन विद्वान पंडित वीरेंद्र दत्त शर्मा द्वारा विधि-विधान के साथ किया जा रहा है। पाठ के दौरान भक्तगण पूरे श्रद्धा भाव से उपस्थित रहकर धर्म लाभ ले रहे हैं। मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है, जिससे वातावरण और अधिक भक्तिमय हो गया है। कार्यक्रम के आयोजन में आशीष मित्तल, हरिओम वर्मा, प्रवीण शर्मा, आलोक शर्मा, नवीन गुप्ता, गौरव संगल, जितेंद्र व विकास गोयल सहित अन्य गणमान्य लोग सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

## चेकिंग के दौरान युवक गिरफ्तार,

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कोतवाली पुलिस ने देर रात गश्त व संदिग्ध व्यक्ति-वाहन चेकिंग के दौरान एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद किया है। कोतवाली में तैनात उपनिरीक्षक जितेंद्र कुमार त्यागी पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान खुरगान-मलकपुर मार्ग पर गांव मलकपुर के पास एक युवक संदिग्ध अवस्था में खड़ा दिखाई दिया। पुलिस को देखते ही वह भागने लगा। शक होने पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम गौरव पुत्र तेजकुमार कश्यप निवासी ग्राम मलकपुर बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से 12 बोर का एक अवैध देशी तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने तमंचा दिल्ली क्षेत्र में किसी अज्ञात व्यक्ति से लिया था और गांव में चल रहे विवाद के चलते अपनी सुरक्षा के लिए अपने पास रखा हुआ था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 9/25 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। बरामद तमंचा व कारतूस को कब्जे में लेकर आरोपी को न्यायालय में पेश किया।

## बाइक से घर जा युवक के साथ हुई मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** अंकित पुत्र रामकुमार निवासी गांव कुआं खेड़ा थाना नानौता सहारनपुर ने थानाभवन थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि् वह अपने चचेरे भाई के साथ दिनांक 13 मार्च को दोपहर के समय बाइक द्वारा थानाभवन से अपने गांव वापस जा रहा था जैसे ही वह जलालाबाद रेलवे स्टेशन के पास ऊन तिराहे पर पहुंचा तो रास्ते मे कुछ अज्ञात लोगों ने उनके साथ गाली गलौज करनी शुरू कर दी और जव उन्हे गाली देने से मना किया तो उन्होंने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी और उनकी बाइक को लोहे की राड से क्षतिग्रस्त कर दिया और जाते हुए जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए घटना में उन्हें गंभीर चोट पहुंची जिसका मेडिकल थानाभवन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर कराया स घटना के समय उन्हें जानकारी नहीं थी की मारपीट करने वाले कौन लोग हैं स जब इसकी जानकारी हुई तो पता चला कि मारपीट करने वाले प्रिंस पुत्र महिपाल व आशीष पुत्र नैन सिंह गांव गोगर ऊन थाना झिंझाना व दो अज्ञात व्यक्तियों ने उनके साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया था। अंकित ने थानाभवन पुलिस मे प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज पर कार्रवाई शुरू कर दी है स थानाभवन प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि घटना की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# कश्यप समाज के साथ अन्याय की घटनाएं बढ़ रहीं:किरणपाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर के चौधरी चरण सिंह बारातघर में बुधवार को अखिल भारतीय श्री महर्षि कश्यप विकास चौरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे एमएलसी किरणपाल कश्यप ने आगामी 5 अप्रैल को आयोजित होने वाली महर्षि कश्यप जयंती को भव्य और सफल बनाने का आहवान किया।



बैठक को संबोधित करते हुए एमएलसी किरणपाल कश्यप ने कहा कि कश्यप समाज का अपना गौरवशाली इतिहास रहा है और इस समाज ने हमेशा देशहित में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में समाज के लोगों को एकजुट होकर अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने की आवश्यकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में कश्यप समाज के लोगों के साथ अन्याय और उत्पीड़न की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने बताया कि 5 अप्रैल को इसी स्थल पर महर्षि कश्यप निषाद राज जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग भाग लेंगे। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा, जो समाज की परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करेंगे। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों से अपील की कि वे कार्यक्रम की तैयारियों में अभी से जुट जाएं और ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर लोगों को जागरूक करें, ताकि अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता सुनिश्चित की जा सके। एमएलसी ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से समाज में एकता और जागरूकता बढ़ती है तथा नई पीढ़ी को अपने इतिहास और संस्कृति से जुड़ने का अवसर मिलता है। उन्होंने सभी से कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सामूहिक प्रयास करने की बात कही। बैठक में गौरव कश्यप, संजीव राठी, मिंटू प्रधान, उमेश प्रधान, मदन प्रधान, मांगेराम कश्यप, चौधरी भोपाल कश्यप भैंसवाल, भारत कश्यप, सोनू कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने कार्यक्रम की सफलता के लिए अपने-अपने सुझाव भी साझा किए।

## कहासुनी के बाद दो भाइयों पर हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कोतवाली क्षेत्र के गांव गन्दराऊ में सड़क पर हुई कहासुनी के बाद दबंगों ने दो भाइयों पर लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से हमला कर दिया। मारपीट में दोनों घायल हो गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव गन्दराऊ निवासी फारुख पुत्र लियाकत ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 22 मार्च की शाम करीब छह बजे गांव की गली के सामने सड़क पर उसकी शौकीन पुत्र रफीक से कहासुनी हो गई थी। आरोप है कि इस दौरान शौकीन ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर शौकीन अपने साथ सादिक पुत्र शौकीन, साजिद पुत्र रफीक और मोबीन पुत्र रफीक को लेकर मौके पर पहुंच गया। आरोप है कि चारों ने लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से उस पर हमला कर दिया। शोर सुनकर उसका भाई इकराम बचाने के लिए आया तो आरोपियों ने उस पर भी हमला बोल दिया। मारपीट में दोनों भाई घायल हो गए। शोर-शराबा होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## श्रमिक कल्याण कैंप आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** विकासखंड क्षेत्र के ग्राम गंगेरू स्थित पंचायत सचिवालय परिसर में श्रम विभाग शामली द्वारा एक जागरूकता एवं पंजीकरण कैंप का आयोजन किया गया। कैंप सहायक श्रम आयुक्त अरविंद कुमार के निर्देशानुसार आयोजित किया गया, जिसमें असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।कैंप में प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना, लघु व्यापारी मानधन पेंशन योजना तथा उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत संचालित योजनाओं के बारे में श्रमिकों को जागरूक किया गया। अधिकारियों ने श्रमिकों को योजनाओं के लाभ, पात्रता एवं पंजीकरण प्रक्रिया की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक संख्या में लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।इस दौरान श्रम विभाग से मुनव्वर जंग व गुलजार अंसारी मौजूद रहे। वहीं ग्राम पंचायत गंगेरू की ओर से ओवैस अंसारी, बिलाल अंसारी, पंचायत सहायक रुखसार परवीन तथा जन सेवा केंद्र संचालक मुनव्वर सहित बड़ी संख्या में श्रमिकों ने भाग लिया।

# पउप्र व्यापार मंडल उतारेगा अपना प्रत्याशी:गर्ग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल ने आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ा राजनीतिक ऐलान किया है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने बुधवार को सुभाष चौक स्थित प्रांतीय मुख्यालय पर आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में घोषणा की कि व्यापार मंडल प्रदेश के प्रत्येक जिले से अपने प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारेगा।



बैठक को संबोधित करते हुए घनश्याम दास गर्ग ने प्रदेश सरकार पर व्यापारियों की अनदेखी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि लंबे समय से व्यापारी वर्ग अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर संघर्ष कर रहा है, लेकिन सरकार उनकी ओर कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है। उन्होंने बताया कि व्यापार मंडल ने कई बार विधायकों और सांसदों के माध्यम से, साथ ही सीधे मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के समाधान की मांग की, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि अब व्यापारियों ने खुद राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने का निर्णय लिया है, ताकि वे अपने प्रतिनिधियों को विधानसभा तक भेज सकें और अपनी आवाज को प्रभावी तरीके से उठा सकें। उन्होंने कहा कि व्यापारी वर्ग प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देता है और हर माह करोड़ों रुपये का जीएसटी राजस्व सरकार को देता है, इसके बावजूद उनकी समस्याओं की अनदेखी की जा रही है। बैठक में व्यापारियों की कई प्रमुख मांगों को भी उठाया गया। इनमें कमर्शियल बिजली दरों को घरेलू दरों के बराबर करने की मांग प्रमुख रही। इसके अलावा व्यापारियों को सरकारी निगमों और संस्थाओं में प्रतिनिधित्व देकर सम्मान देने की भी बात रखी गई। घनश्याम दास गर्ग ने बताया कि संगठन के इस निर्णय पर आगामी 7 अप्रैल को मथुरा में होने वाली मंत्री परिषद की बैठक में औपचारिक मुहर लगाई जाएगी। बैठक में सुभाष चंद्र धीमान, रवि संगल, नरेंद्र अग्रवाल, ऋषभ जैन, महेश धीमान, आदेश जैन, आशु बत्रा और अमित गर्ग सहित कई व्यापारी नेता मौजूद रहे।

## मुख रोगों के प्रति चलाया जागरूकता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** क्षेत्र में मुख रोगों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर बुधवार को विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान दंत चिकित्सक द्वारा लोगों के दांतों की जांच कर उन्हें मुख स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया और गुटखा तंबाकू आदि को छोड़ने के लिए शपथ भी दिलाई। बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आए दंत मरीजों का नि:शुल्क परीक्षण किया गया। चिकित्सा अधीक्षक डा रजत चौहान के निर्देशन और नेतृत्व में दंत चिकित्सक डा सुनील ने मरीजों को दांतों व मसूड़ों से संबंधित बीमारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने दांतों की देखभाल करने के घरेलू तरीके भी बताएं। चिकित्सक ने बताया कि तंबाकू, गुटखा व अन्य नशीले पदार्थों का सेवन मुख कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का प्रमुख कारण बनता है, इसलिए इनसे दूरी बनाना बेहद आवश्यक है। इस दौरान दंत चिकित्सक ने उपस्थित लोगों को तंबाकू और नशे से दूर रहने के लिए शपथ भी दिलाई। सभी ने एक स्वर में स्वस्थ जीवन शैली अपनाने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और इस पहल की सराहना की।

# बी सर्टिफिकेट प्रेक्टिकल परीक्षा हुई संपंन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** 85 यूपी बटालियन एनसीसी शामली के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कैडेट्स की 'बी' सर्टिफिकेट प्रैक्टिकल परीक्षा बुधवार को शहर स्थित वीवी डिग्री कॉलेज के क्रीड़ास्थल पर सफलतापूर्वक आयोजित की गई। परीक्षा को लेकर कैडेट्स में खासा उत्साह देखने को मिला और उन्होंने विभिन्न गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

परीक्षा में कुल 446 कैडेट्स पंजीकृत थे, जिनमें से 391 कैडेट्स उपस्थित रहे, जबकि 55 कैडेट्स अनुपस्थित पाए गए। परीक्षा की निगरानी प्रोसिडिंग ऑफिसर के रूप में 74 बटालियन एनसीसी बड़ौत के कमान अधिकारी कर्नल सौरव सक्सेना ने की। वहीं 36 बटालियन बुलंदशहर के प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल अमित रावत सदस्य के रूप में मौजूद रहे। दोनों अधिकारियों के निर्देशन में परीक्षा शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराई गई। इस दौरान सूबेदार मेजर सुनील कुमार, ट्रेनिंग जेसीओ सूबेदार राघवेंद्र तथा ट्रेनिंग एनसीओ हवलदार ओमप्रकाश के नेतृत्व में कैडेट्स की विभिन्न प्रैक्टिकल परीक्षाएं आयोजित की गईं। इनमें ड्रिल टेस्ट, मैप रीडिंग, वेपन टेस्ट, फील्ड क्राफ्ट एवं बैटल क्राफ्ट के साथ-साथ कम्युनिकेशन टेस्ट शामिल रहे। सभी कैडेट्स ने पूरे अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ परीक्षा में भाग लेते हुए अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कैप्टन रजनीश कुमार, लेफ्टिनेंट संजीव कुमार, लेफ्टिनेंट अरुण बालियान, लेफ्टिनेंट शिवकुमार, सीटीओ प्रियंका सहित अन्य अधिकारियों और स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। परीक्षा के सफल आयोजन पर अधिकारियों ने संतोष व्यक्त करते हुए कैडेट्स के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार की दी चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर पालिका परिषद में कर्मचारियों की कमी और उनकी लंबित मांगों को लेकर स्वायत्त शासन कर्मचारी महासंघ ने सख्त रुख अपना लिया है। महासंघ के पदाधिकारियों ने अधिशासी अधिकारी (ईओ) और चेयरमैन को ज्ञापन सौंपकर चेतावनी दी है कि यदि 27 मार्च तक उनकी मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो वे कार्य बहिष्कार करने को मजबूर होंगे। ज्ञापन में बताया गया है कि नगर क्षेत्र का लगातार विस्तार हो रहा है, लेकिन इसके अनुपात में नगर पालिका में आउटसोर्स कर्मचारियों की संख्या नहीं बढ़ाई जा रही है। इसका सीधा असर विभिन्न विभागों के कार्यों पर पड़ रहा है और कामकाज प्रभावित हो रहा है। हर बार उनकी मांगों को नजरअंदाज कर दिया गया या टाल दिया गया। इस बार कर्मचारियों ने स्पष्ट कर दिया है कि वे अब और इंतजार नहीं करेंगे। महासंघ ने 25 मार्च से 27 मार्च तक का समय प्रशासन को दिया है। यदि इस अवधि में उनकी मांगें पूरी नहीं होती हैं, तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे। इसके तहत नगर पालिका के जलकल, लाइट, सफाई, निर्माण, कर और लेखा सहित सभी विभागों का काम पूरी तरह ठप कर दिया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान महासंघ के अध्यक्ष प्रवीण कुमार, अमित कुमार सहित अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## घर के बाहर बैठे परिवार पर हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** गांव गन्दराऊ निवासी शौकीन पुत्र रफीक ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि 22 मार्च की शाम करीब सवा छह बजे वह अपने परिवार के साथ घर के बाहर बैठा था। आरोप है कि तभी गांव के ही इकराम, फारुख, असलम तथा अजमल पुत्र इस्लाम वहां पहुंचे और पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने लात-घूंसे,लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। शोर सुनकर बचाव के लिए पहुंचे उसके बेटे सादिक, भाई साजिद और मोबीन को भी आरोपियों ने पीट दिया, जिससे सभी घायल हो गए। पुलिस का कहना है कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# किसान सेना ने एसपी को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद शामली में ईद के त्योहार को शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न कराए जाने पर किसान सेना के राष्ट्रीय प्रवक्ता विक्रांत चौधरी ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक नरेंद्र प्रताप सिंह से मुलाकात कर उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने एसपी को स्मृति चिन्ह (मोमेंटो) भेंट कर पुलिस प्रशासन के कार्यों की सराहना की।



विक्रांत चौधरी ने कहा कि एसपी नरेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में शामली पुलिस बेहतर कार्य कर रही है और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पूरी तरह सफल रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में ऐसे अधिकारियों की आवश्यकता है, जो निष्पक्षता, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए जनता का विश्वास जीत सकें। उन्होंने पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए कहा कि जनपद में शांति और सौहार्द बनाए रखने में पुलिस की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने आगे कहा कि ईद के त्योहार को लेकर कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा आपत्तिजनक बयानबाजी की गई थी, जिससे माहौल खराब होने की आशंका बनी हुई थी। बावजूद इसके, शामली पुलिस ने सतर्कता और कुशल प्रबंधन का परिचय देते हुए पूरे जिले में शांति व्यवस्था कायम रखी और त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया। इसके लिए पुलिस प्रशासन बधाई का पात्र है। विक्रांत चौधरी ने कहा कि पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय से ही समाज में शांति और भाईचारा कायम रह सकता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी पुलिस प्रशासन इसी तरह सजग रहकर जनहित में कार्य करता रहेगा। इस अवसर पर उनके साथ झाल सरपंच के पौत्र उत्तम खरब, हर्ष वर्मा और जितेंद्र भी मौजूद रहे। सभी ने पुलिस अधीक्षक के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

# ट्रैक्टर ट्राली में लगाई आग, लाखों की पराली जलकर राख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के बुढ़ाना मार्ग पर बुलेट बाइक सवार तीन अज्ञात युवकों ने पराली से भरी चलती ट्रैक्टर ट्राली में आग लगा दी। आग लगने से पूरी ट्राली जलकर राख हो गई और पीड़ित को लाखों रुपये का नुकसान हो गया पीड़ित ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।कैराना कस्बे के खुरागान मार्ग निवासी राशिद ने थाने में तहरीर देकर बताया कि वह ट्रैक्टर ट्राली में पराली और भूसा भरकर बेचने का काम करता है, जिससे उसके परिवार का भरण-पोषण होता है। मंगलवार देर शाम वह अपनी ट्राली में पराली भरकर मेरठ जा रहा था। आरोप है कि जैसे ही वह बुढ़ाना मार्ग पर गाव अटटा के पास पहुंचा, तभी पीछे से बुलेट बाइक पर सवार तीन अज्ञात युवक आए और चलते ट्रैक्टर ट्राली में आग लगा दी। इसके बाद आरोपी ओवरटेक कर मौके से फरार हो गए।देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और पराली से भरी उसके ट्रैक्टर ट्राली जलकर पूरी तरह राख हो गई। और पीड़ित ने खुद कर अपनी जान बचाई इस घटना में पीड़ित को लाखों रुपए का आर्थिक नुकसान हुआ है।बुधवार को पीड़ित ने थाने पहुंचकर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

## दबंग युवकों की पिटाई से किशोर गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** मोहल्ला दरबार खुर्द निवासी दिलशाद पुत्र सफीक ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि 22 मार्च की रात करीब नौ बजे उसके पुत्र अनस के साथ कुछ युवकों ने मारपीट कर दी। आरोप है कि गुलशन नगर निवासी अनस पुत्र शमीम व फरहान पुत्र असद समेत अन्य युवकों ने उसके पुत्र को घेर लिया और पंच-मुक्कों से बेरहमी से पीटा।पीड़ित का आरोप है कि मारपीट के दौरान आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। हमले में अनस गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। पुलिस का कहना है कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## संदीप कुमार ने नेशनल पैरा एथलेटिक्स में जीते दो पदक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़ीपुख्ता।** क्षेत्र के गांव राझड़ निवासी संदीप कुमार ने 24वीं नेशनल पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए दो पदक जीतकर गांव व क्षेत्र का गौरव बढाया है। 17 से 21 मार्च तक उडीसा के भुवनेश्वर में आयोजित इस चैंपियनशिप में राझड निवासी संदीप ने लांग जंप में रजत पदक और 100 मीटर रेस में कांस्य पदक हासिल किया। संदीप कुमार की इस उपलब्धि से उनके गांव राझड़ में खुशी का माहौल है। संदीप के स्पांसर बीएल एग्रो बरेली ने भी इस सफलता पर खुशी व्यक्त की है। बुधवार को गांव पहुंचने पर संदीप का परिजनों व ग्रामीणों ने फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। संदीप कुमार ने इससे पहले 2025 में चेन्नई में



आयोजित पैरा एथलेटिक्स नेशनल चैंपियनशिप में दो रजत पदक जीते थे। इसके अलावा वे बरेली में हुई स्टेट चैंपियनशिप में दो स्वर्ण पदक भी अपने नाम कर चुके हैं। उनकी खेल उपलब्धियों के लिए उन्हें शामली के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्मानित भी किया जा चुका है। संदीप ने बताया कि अब उनका अगला लक्ष्य देश के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतना है।

## दुर्घटना में बाइक सवार घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मलकपुर हाइवे में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल हो गए।

शामली के गऊशाला रोड़ निवासी अनिल पुत्र बालकराम व नीटू पुत्र मेघराज निवासी तिरपडी नकुड के साथ बाइक पर सवार होकर जा रहे थे। रास्ते में मलकपुर के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार दोनों युवक घायल को गए। घायलों को उपचार के लिए सीएससी लाया गया।

# पुलिसकर्मी पर सुविधा शुल्क मांगने का लगाया आरोप

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** आसपा युवा मोर्चा के विधानसभा अध्यक्ष अक्षय कुमार ने कचहरी गेट पर तैनात पुलिसकर्मी पर बाइक खड़ी करने के नाम पर सुविधा शुल्क मांगने और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए मारपीट करने का आरोप लगाया है। गुस्साएं असपा कार्यकर्ताओं ने इस संबंध में पुलिस क्षेत्राधिकारी को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की है।

अक्षय कुमार संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ सीओ कार्यालय पहुंचे और ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि बुधवार को वह ग्राम प्रधान पहल सिंह के साथ कचहरी में किसी काम से गए थे। आरोप है कि कचहरी गेट पर तैनात पुलिसकर्मी ने बाइक खड़ी करने के नाम पर सौ रुपये मांगे इंकार करने पर जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया और मारपीट की गई। ग्राम प्रधान बमुश्किल उन्हें पुलिसकर्मी से बचाया। ज्ञापन में मामले की जांच कर आरोपी पुलिसकर्मी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। इस संबंध में पुलिस का कहना है मामले की जांच कराई जा रही है।

ज्ञापन देने वालों में तहसील अध्यक्ष नरेंद्र लांबा, जिला संगठन मंत्री सुमित कुमार, पंकज दास, दीपक, दीन मोहम्मद, छोटू, अमित आदि संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल रहे।



# कांस्य पदक जीतकर क्षेत्र का नाम किया रोशन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** भोपाल (मध्य प्रदेश) में आयधेजित सीनियर नेशनल कराटे चैपिंयनशिप में देवबंद की दो बेटियों ने कांस्य पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया। विजयी प्रतिभागियों को मध्यप्रदेश सरकार में खेल मंत्री द्वारा पदक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

मध्य प्रदेश के भोपाल स्थित कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में आयोजित तीन दिवसीय नेशनल कराटे चौपिंयनशिप में देवबंद स्थित बसंत एकेडमी की खिलाड़ी निशु प्रजापति और तनु प्रजापति ने उप्र. की ओर से प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। एकेडमी कोच बसंपत उपाध्याय ने बताया कि दोनों खिलाड़ियों ने अपने से कई मजबूत प्रतिद्वंद्वियों को हराकर सेमीफाइनल का सफर तय किया। बताया कि खिलाड़ियों को मध्यप्रदेश सरकार में खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने पुरस्कृत करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान रेफरी सिहान अमित गुप्ता, केएआई प्रेसिडेंट बैकुंठ सिंह, सिहान जयदेव शर्मा और कोच बसंत उपाध्याय को भी ट्राफी देकर सम्मानित किया गया।



# मां दुर्गा के स्वरूप कालरात्रि की पूजा अर्चना की

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** चैत्र नवरात्र के सातवें दिन श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मंदिर में मां दुर्गा के स्वरूप कालरात्रि की पूजा अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने मां जगदंबा की उपासना कर परिवार में सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान मंदिर परिसर माँ के जयकारों से गुंजायमान रहा।

बुधवार को मंदिर परिसर में माँ के दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मंदिर सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष पंडित सतेंद्र शर्मा ने बताया कि माँ दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि अंधकारमय स्थितियों का विनाश करने वाली शक्ति है। इस देवी के तीन नेत्र हैं ये तीनों नेत्र ब्रह्मांड के समान गोल हैं। माता कालरात्रि गर्दभ की सवारी करती हैं। इनके दाहिने हाथ की वर मुद्रा भक्तों को वर देती है। बांये हाथ में लोहे का कांटा तथा नीचे वाले हाथ में खडग है। इनका रूप भले ही भयंकर हो लेकिन ये सदैव शुभ फलदायी देने वाली मां है। बताया कि कालरात्रि की उपासना करने से ब्रह्मांड की सारी सिद्धियों के दरवाजे खुलने लगते हैं। मां कालरात्रि सभी बाधाओं को दूर करती हैं। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर मंदिर क्षेत्र के आस पास पुलिस बल तैनात रहा।

# नवीन सत्र में बच्चों के प्रवेश के लिए नवारंभ उत्सव का आयोजन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** ब्लॉक के परिषदीय विद्यालयों में स्थित को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों में नवीन सत्र में बच्चों के प्रवेश के लिए नवारंभ उत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान अभिभावकों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी भी दी गई।

खंड शिक्षा अधिकारी नीलम तोमर ने कई स्कूलों में पहुंचकर बाल वाटिका केंद्रों की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि नवारंभ उत्सव एक विशेष नामांकन और स्वागत अभियान है। जिसका मुख्य उद्देश्य 3 से 6 वर्ष की आयु के बच्चों को बाल वाटिका और कक्षा एक में प्रवेश दिलाकर प्रारंभिक शिक्षा से जोड़ना है।



इस दौरान स्कूलों में नये प्रवेश लेने आए बच्चों का अध्यापकों ने तिलक लगाकर, पुष्प वर्षा और तालियों के साथ स्वागत किया। वहीं, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा परिषदीय स्कूलों में बाल वाटिका केंद्रों को रंगोली, फूल, गुब्बारों और झालरों से सजाया गया।


# स्वामी यशवीर महाराज के बयान पर किया पलटवार

## पंडित सतेंद्र शर्मा ने कहा कि यह मेला हिंदू-मुस्लिम एकता का प्रतीक रहा है

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** योग साधना आश्रम मुजफ्फरनगर के पीठाधीश्वर स्वामी यशवीर महाराज के बयान पर श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मंदिर सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष पंडित सतेंद्र शर्मा ने कहा कि यह मेला हिंदू-मुस्लिम एकता का प्रतीक रहा है। इसमें 90 प्रतिशत दुकानदार मुस्लिम होते हैं।

श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मंदिर सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष पंडित सतेंद्र शर्मा ने जारी अपने बयान में कहा कि यशवीर महाराज को देवबंद के बारे में जानकारी नहीं है। यह मेला नगर पालिका परिषद के तत्वावधान में हर वर्ष लगता है। शुरु से ही पालिकाध्यक्ष मुस्लिम बनता रहा है और सभी व्यवस्था वही देखते थे। उन्होंने कहा कि मेले में 90 प्रतिशत दुकानें मुस्लिम दुकानदार ही लगाते हैं। अगर मेले में मुस्लिमों की एंट्री बंद कर दी गई तो यह मेला हमेशा के लिए खत्म हो जाएगा। कहा कि आज तक इस मामले में किसी भी प्रकार का कोई झगड़ा या विवाद नहीं हुआ और न ही कभी आपसी सौहार्द खराब हुआ। मेले में मुस्लिम दुकानदार और नगर पालिका पूरा सहयोग करते हैं। इसलिए मेले में यह चीज असंभव है कि मुस्लिम की एंट्री बंद कर दी जाए। यह मेला सभी के साथ चलने से ही कामयाब होता है। नगर में दोनों संतो को बयान चर्चा का विषय बना है।



बता दें, कि मंगलवार को योग साधना आश्रम के पीठाधीश्वर स्वामी यशवीर महाराज ने वीडियो बयान जारी कर एक अप्रैल से आरंभ होने वाले श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मेले में दुकानें लगाने वाले मुस्लिमों को विरोध करने की चेतावनी दी थी। साथ ही पुलिस प्रशासन से इस और ध्यान आकर्षित करने की मांग की थी।

# दिल्ली बस हादसे में धामपुर के युवक की दर्दनाक मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** दिल्ली के करोल बाग क्षेत्र में आज तड़के हुए दर्दनाक सड़क हादसे ने धामपुर के मौहल्ला नई सराय में शोक की लहर दौड़ा दी। हादसे में क्षेत्र के युवक शाहबाज आलम (30 वर्ष) की मौत हो गई। जिससे पूरे मौहल्ले में गमगीन माहौल है।

प्राप्त समाचार के अनुसार, राजस्थान से दिल्ली आ रही एक स्लीपर टूरिस्ट बस अचानक अनियंत्रित होकर झंडेवालान मंदिर के पास पलट गई। बस में लगभग 30 यात्री सवार थे। दुर्घटना में दो लोगों की जान चली गई। जिनमें धामपुर निवासी शाहबाज आलम भी शामिल हैं, जबकि कई अन्य यात्री घायल हो गए। शाहबाज धामपुर में कपड़ों का व्यवसाय करता था और अपने परिवार का मुख्य सहारा था। हादसे की सूचना मिलते ही उसके घर में चीख-पुकार मच गई। बड़ी संख्या में मौहल्लेवासी उसके घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त कर रहे हैं। पूरे इलाके में गहरा दुख और सन्नाटा पसरा हुआ है। परिजनों ने बताया कि शाहबाज की शादी करीब एक वर्ष पूर्व ही हुई थी। घर में खुशियों का माहौल अभी ठीक से बन भी नहीं पाया था कि यह हादसा सब कुछ छीन ले गया। इससे पहले करीब दो साल पूर्व उसकी मां का भी निधन हो चुका है, जिससे परिवार पहले ही सदमे से गुजर रहा था।



**नई सराय में पसरा मातम**

बताया जा रहा है कि शाहबाज के पिता लंबे समय से बीमार हैं। उनकी हालत को देखते हुए परिजनों ने अभी तक उन्हें इस दुखद घटना की जानकारी नहीं दी है। परिवार के अन्य सदस्य भी इस सदमे को सहन नहीं कर पा रहे हैं।

इधर हादसे में घायल यात्रियों का दिल्ली के विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है। पुलिस ने बस चालक को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# चोरी का आरोपी दबोचा, भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब व नकदी बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** धामपुर पुलिस ने चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए एक आरोपी को चोरी की गई शराब व नगदी सहित गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब और नकद राशि बरामद की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 15 मार्च 2026 को वादी प्रशांत कुमार पुत्र स्व.करनवीर निवासी ग्राम ढक्का कंपाउंड ने थाना धामपुर में तहरीर देकर बताया था कि गायत्री देवी यूरेशिया होटल के पास स्थित उनकी अंग्रेजी शराब की दुकान से अज्ञात चोरों द्वारा विभिन्न ब्रांड की शराब की बोतलें तथा करीब 10 हजार रुपए की नगदी चोरी कर ली गई थी। इस संबंध में थाना धामपुर में मामला दर्ज किया गया था। मामले की विवेचना के दौरान पुलिस को सूचना मिली, जिसके आधार पर आज पुलिस ने आरोपी राजीव कुमार पुत्र मनोहर सिंह निवासी ग्राम ढक्का कंपाउंड को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से चोरी की गई अंग्रेजी शराब तथा पांच हजार रुपए नकद बरामद किए गए। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह शराब की दुकान के पास रेहड़ी लगाने का काम करता था और दुकान की गतिविधियों की जानकारी होने के कारण उसने मौका पाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। आरोपी ने चोरी की शराब को अपने पास छिपाकर रखा था, जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं और उसके आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है।



# एस.टी.एन. स्कूल में रिजल्ट घोषित

**मुजफ्फरनगर।** ईदगाह रोड स्थित एसटीएन पब्लिक स्कूल में बुधवार को नर्सरी क्लास के बच्चों का रिजल्ट घोषित किया गया, इस दौरान टीचर्स ने बच्चों को छोटे-मोटे उपहार भी भेंट किए। नर्सरी क्लास के छात्र इब्राहिम पुत्र मौ. शेर खान, शांतनु, प्राप्ति, यशस्वी, मौ मुस्लिम, अयांश मित्तल, हसनैन, ऐमान, अक्षत, हारिश, काव्या, अवियांश, देवांश, वाणी, परी, नियति, मायरा, सिदरा, शनाया, असकर, उवेस, तनिष्क, रूहेल व टीचर्स में रूपाली, नीति आदि शामिल रहे। प्रधानाध्यिपिका ने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।



# मंदिरों में भक्तों ने की पूजा-अर्चना

**चांदपुर।** प्राचीन महाभारत कालीन देवी मंदिर में मां दुर्गा के सप्तम स्वरूप मां कालरात्रि की पूजा के अवसर पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही श्रद्धालुओं का मंदिर में आना शुरू हो गया, जो देर शाम तक जारी रहेगा। श्रद्धालुओं ने मां कालरात्रि के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि, सुरक्षा और खुशहाली की कामना की।तत्पश्चात भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में महिलाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। भीड़ को देखते हुए मंदिर समिति के सदस्यों द्वारा बेहतर व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष इंतजाम रहे, जिससे श्रद्धालुओं को दर्शन में किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा।

# हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी

**नांगल सोती।** पुलिस ने ग्रामीणों संग चौपाल लगाकर सरकार के मिशन शक्ति फेज 5 अभियान को परवान चढ़ाया। ग्राम गौसपुर में पुलिस ने गांव की महिलाओं के संग चौपाल लगाकर, मिशन शक्ति अभियान की जानकारी साझा की। इस दौरान सशक्त नारी, समृद्ध प्रदेश का नारा लगाते हुए महिलाओं को नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के बारे में विस्तार से बताया। मिशन शक्ति प्रभारी दरोगा उपेंद्र सिंह ने महिलाओ को घेरलू हिंसा, अश्लील मैसेज, मोबाइल पर परेशान करने, छेड़छाड़, मारपीट बारे में तुरंत पुलिस से संपर्क करने की जानकारी साझा करते हुए उनके समाधान के बारे में बताया। महिला आरक्षी ललिता, शिल्पा ने 1090, 1098, 1930, 181, 112, 102 आदि हेल्पलाइन नंबरों के उपयोग और उनके फायदे के बारे में महिलाओं और छात्राओं को विस्तार से बताया। इसके साथ सरकार द्वारा महिला उत्थान के लिए जा रही योजनाओं के लाभ बताए और चौपाल में महिलाओं को उनके अधिकारों के लिए जागरूक किया। इस दौरान गांव की काफी महिलाएं मौजूद रही।

# एलएलएम तृतीय सेमेस्टर का परीक्षाफल

**बिजनौर।** कृष्णा कॉलेज के एलएलएम तृतीय सेमेस्टर का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा। एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली द्वारा एलएलएम द्वितीय सेमेस्टर के घोषित परिणाम में कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ के विद्यार्थियों का परीक्षाफल शतप्रतिशत रहा। विधि विभाग के विभागाध्यक्ष प्रदीप कुमार राठौर ने बताया कि छात्र अजीम परवेज ने प्रथम, आर्यन शर्मा ने द्वितीय तथा शगुफा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय परिवार इन सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करता हैं। प्राचार्य डा. परवेज अहमद खान ने बताया कि कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ, बिजनौर गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद के अंतर्गत एलएलएम की शिक्षा प्रदान करने वाला एकमात्र महाविद्यालय है। पूर्व में भी महविद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। कॉलेज के संस्थापक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कॉलेज प्राचार्य डा. परवेज अहमद खां तथा विधि विभाग के प्रवक्तागणों ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# रामा एफएम टीम ने टीबी मरीजों को वितरित किया पोषाहार



शाह टाइम्स संवाददाता

**किरतपुर।** रामा एफएम 90.0 की टीम ने किरतपुर सामुदायिक केंद्र में टीबी के जरुरतमंद मरीजों को पोषाहार पोटली वितरित की।

यह वितरण स्मार्ट फाउंडेशन द्वारा भारत को टीबी मुक्त करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे 'सेहत सही लाभ कई' अभियान के तहत किया गया। पोषाहार वितरण का उद्देश्य मरीजों के स्वास्थ्य में सुधार लाना और उन्हें आवश्यक पोषण प्रदान करना था।

वितरित की गई पोटली में राजमा, सोयाबीन, मूंगफली दाना, काले चने, गुड़, सरसों का तेल, केले और लौकी जैसे खाद्य पदार्थ शामिल थे। रामा एफएम 90.0 की टीम कोऑर्डिनेटर नीलम वर्मा के नेतृत्व में टीम ने टीबी मरीजों से बातचीत की। इस दौरान उन्हें पोषाहार के महत्व के प्रति जागरुक भी किया गया। पोषाहार पोटली वितरण में सीएमओ डा. कौशलेंद्र, रामा इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन के प्राचार्य डा. डबलेश कुमार, उप प्राचार्य डा. रवीश कुमार, नीलम वर्मा, रचना चौधरी और रुचि शर्मा शामिल रहे।

इस मौके पर जिला क्षय रोग अधिकारी (डीटीओ) डा. अनिल कुमार, डा. राजीव कुमार और डा. अरविंद कुमार भी उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में रचना चौधरी, रुचि शर्मा, अरुण कुमार, योगेश राजपूत और अभिषेक राजपूत का विशेष सहयोग रहा। मीडिया कवरेज मौहम्मद उमर खान द्वारा की गई।

# कालियावाला मंदिर में भक्तों की भीड़

## श्रद्धालुओं ने मांगी सुख-समृद्धि की मन्नत, सुरक्षा को लेकर पुलिस रही तैनात

शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** नगीना मार्ग स्थित प्राचीन सिद्ध पीठ मंदिर कालिया वाला तथा माता बाराही देवी शक्तिपीठ पर आज चैत्र नवरात्रि की सप्तमी का दिन होने के कारण पिछले कई वर्षो से चली आ रही परंपरा के अंतर्गत सप्तमी का विशाल मेला आयोजित किया गया, जिसमें धर्म नगरी धामपुर के विभिन्न भागों के अलावा आसपास के ग्रामों से भी बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

इस दौरान मेले में सजी दुकानों पर जहां माता रानी के भक्तों ने पूजा अर्चना से संबंधित लाल चुनरिया, नारियल, धूप, अगरबत्ती, सुपारी, कमलगट्टे आदि सामग्री की खरीदारी की।

वहीं चाट पकौड़ी, सौंदर्य प्रसाधन आदि दुकानों पर भी पुरुषों महिलाओं और बच्चों द्वारा जमकर खरीदारी होते देखी गई। माता रानी के भक्तों का आज सप्तमी का भी व्रत होने के कारण चाट पकौड़ी की दुकानों पर सेंधा नमक की आलू की टिकिया बनाई गई थी, जिसका भरपूर स्वाद एवं आनंद श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया। आज बुधवार को चैत्र नवरात्रि की सप्तमी का दिन होने के कारण प्रात: 5 बजे से ही श्रद्धालु परिवारों ने प्राचीन सिद्ध पीठ मंदिर कालिया वाला तथा शक्तिपीठ माता बाराही देवी मंदिर पर पहुंचना प्रारंभ कर दिया था। इस दौरान श्रद्धालु परिवारों ने जहां पूजा अर्चना करते हुए माता रानी को नारियल एवं चुनरी भेंट की। वहीं श्रृंगार की वस्तु अर्पित करते हुए माता रानी से सभी सनातन परिवारों में शांति खुशहाली एवं समृद्धि का आशीर्वाद बनाए रखने की कामना की।



इस अवसर पर मंदिर परिसर माता रानी के पारंपरिक भजनों एवं जयकारों से गुंजायमान रहा। सप्तमी के इस मेले में बहुत बड़ी संख्या में श्रद्धालु परिवारों के पहुंचने के कारण सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से पुलिस प्रशासन की ओर से पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडेय तथा कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह के निर्देशन में पुरुष एवं महिला पुलिसकर्मियों को पूरे मेले में तैनात किया गया था। जिन्होंने पूरे मेले की चाक चौबंद व्यवस्था बनाए रखने के साथ ही मंदिर कालिया वाला परिसर स्थित माता रानी के दरबार के सामने पूरी तरह चौकन्ने रहकर अपनी ड्यूटी को अंजाम दिया।

# नवरात्रि पर बार एसो. का फलाहार कार्यक्रम

**धामपुर।** क्षेत्रीय बार एसोसिएशन धामपुर द्वारा नवरात्रि के पावन अवसर पर राधा कृष्ण मंदिर मौहल्ला गुजरातियान में फलाहार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अधिवक्ताओं एवं गणमान्य लोगों ने भाग लिया और मां दुर्गा की आराधना के साथ प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय बार एसोसिएशन धामपुर के संरक्षक अनिल शर्मा एड. और बार अध्यक्ष आरके आर्य एड. ने कहा कि बार के द्वारा रमजान के पवित्र माह में जिस प्रकार रोजा इफ्तारी कराई जाती है उसी प्रकार नवरात्रों के दिनों में फलाहार कार्यक्रम कर अधिवक्ता एकता अखंडता और मजबूत होती। जिस तरह से हमारे क्षेत्रीय बार द्वारा रोजा इफ्तारी में हिंदू और मुस्लिम अधिवक्त साथी मौजूद रहते है, इसी तरह फलाहार कार्यक्रम में भी दोनों अधिवक्ता साथी मौजूद रहते है और हिंदू मुस्लिम नवरात्रि का पर्व शक्ति, भक्ति और सेवा का प्रतीक है, ऐसे धार्मिक आयोजनों से आपसी भाईचारा और संगठन की एकता मजबूत होती है अधिवक्ता हित ही सबसे बड़ा धर्म है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिवक्ताओं एवं अतिथियों ने फलाहार ग्रहण किया और धार्मिक चर्चा भी की गई। इस मौके पर क्षेत्रीय बार एसोसिएशन धामपुर के संरक्षक हितेश भटनागर एड., अनिल शर्मा एड., शाहिद सूरी एड आदि रहे।



**महर्षि दयानंद कॉलेज ऑफ एजुकेशन**
(कॉलेज कोड -176) मां शाकम्भरी विश्वविद्यालय से संबद्धता
'आवश्यकता'
महाविद्यालय में निम्नलिखित विषयों के शिक्षण के लिए असिस्टेंट प्रोफेसर की आवश्यकता है।
1-बी0 कॉम0 - सभी विषय 2- बी0 बी0 ए0
3- बी0 सी0 ए0 4- बी0एस0सी0 -रसायन विज्ञान
**योग्यता**- यू जी सी एंव विश्वविद्यालय के नियमानुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र समस्त प्रमाणपत्रों की सत्यापित प्रतिलिपि एंव 2 फोटो के साथ विज्ञापन प्रकाशन के 15 दिन के अंदर निम्न पते पर भेजें।
**पता- महर्षि दयानंद कॉलेज आफ एजुकेशन
ग्राम-बड़ूली, पोस्ट कोटा, जिला सहारनपुर (यू.पी)**

# आईपीएल शुरू होने से पहले 16 हजार 660 करोड़ रूपये में बिकी RCB

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय और विदेशी व्यापारिक संस्थाओं के एक कंसोर्टियम ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) फ्रेंचाइजी का पूरा मालिकाना हक लगभग 16 हजार 660 करोड़ की राशि में हासिल कर लिया है। यह पूरी तरह से नकद समझौता यूनाइटेड स्पिरिट्स लिमिटेड (यूएसएल) द्वारा घोषित किया गया, जिसके पास डब्ल्यूपीएल और आरपीएल में आरसीबी का मौजूदा मालिकाना हक है।

यूएसएल द्वारा जारी मीडिया रिलीज के अनुसार, उनके बोर्ड ने आदित्य बिड़ला ग्रुप, द टाइम्स ऑफ इंडिया ग्रुप, बोल्ट वेंचर्स और ब्लैकस्टोन की स्थाई निजी इक्विटी रणनीति, बीएक्सपीई वाले कंसोर्टियम को फेंचाइजी की ब्रिकी को मंजूरी दे दी है। इस डील के बाद यूएसएल ने कहा कि आईपीएल और डब्ल्यूपीएल दोनों आरसीबी टीम, जिसका संचालन उनकी सहायक रॉयल चैलेंजर्स स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड कर रही थी, वो अब इस समूह के स्वामित्व

RCB
ROYAL CHALLENGERS BENGALURU

और संचालन में होंगी। यह कितनी बड़ी रकम है इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि यह लखनऊ और अहमदाबाद की फ्रेंचाइजियों की कुल कीमत (12 हजार 715 करोड़ रुपये) से भी अधिक है, जिन्हें 2021 में बीसीसीआई ने बेचा था। संयोग से फरवरी 2026 में यह समूह बना भी नहीं था, जब कम से कम आठ निवेशकों को आरसीबी के लिए चिन्हित किया गया था। पिछले नवम्बर में शराब व पेय पदार्थों की दुनिया की दिग्गज कंपनी डियाजियो, जिसकी भारत में यूएसएल में हिस्सेदारी है, ने सेबी को बताया था कि वह आरसीबी में अपने निवेश की रणनीतिक समीक्षा कर रहा है। डियाजियो ने कहा था कि क्रिकेट कंपनी के लिए व्यापार का मुख्य हिस्सा नहीं है और 31 मार्च तक उसका लक्ष्य इस सौदे को पूरा करना है। अब अगले कदम के रूप में नए समूह को बीसीसीआई और कॉम्पिटिशन कमिशन ऑफ इंडिया (सीसीआई) से इस डील के लिए अनुमति लेनी होगी। 2008 में जब आईपीएल शुरू हुआ था तब आठ टीमों में बेंगलुरु की टीम दूसरी सबसे महंगी टीम थी और उसे विजय माल्या के मालिकाना हक वाले यूनाइटेड ब्रिउरीज लिमिटेड ने 111-6 मिलियन डॉलर में खरीदा था। 2023 में डब्ल्यूपीएल के मालिकों ने आरसीबी के लिए 901 करोड़ रुपये की बोली लगाई जो कि पांच टीमों में तीसरी सबसे महंगी टीम बन गई। अपनी मीडिया रिलीज में मालिकाना हक हासिल करने वाले समूह ने बताया कि आर्यमान बिड़ला, जो कि मध्य प्रदेश के लिए बतौर बल्लेबाज खेल चुके हैं और आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स का हिस्सा भी थे, वह इस नए मालिकाना समूह के अध्यक्ष, जबकि टाइम्स ऑफ इंडिया के सत्यम गजवानी उपाध्यक्ष होंगे। कंसोर्टियम ने जारी एक बयान में कहा कि वे आरसीबी का 'कस्टोडियन' बनने पर गर्व महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आरसीबी की विनिग कल्चर, बेंगलुरु से इसका गहरा जुड़ाव और दुनिया के खेलों में सबसे जुनूनी फैनबेस में से एक इसे एक असाधारण अवसर बनाते हैं। हम आरसीबी को मैदान पर और उसके बाहर नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह कंसोर्टियम खुद अलग-अलग क्षेत्रों में स्थापित निवेशकों का एक गठबंधन है। आदित्य बिड़ला ग्रुप सीमेंट, फैशन और रिटेल का एक प्रसिद्ध व्यापारिक समूह है।

# मार्कस व कूपर पंजाब किंग्स टीम में शामिल हुए

**चंडीगढ़, वार्ता।** पंजाब किंग्स के ऑस्ट्रेलियाई स्टार मार्कस स्टोइनिस और कूपर कोनोली मोहाली में ऑफिशियली टीम में शामिल हो गए हैं। यह जोड़ी आने वाले टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 सीजन की तैयारियों के आखिरी स्टेज में पहुंचने पर टीम के बाकी खिलाड़ियों से जुड़ने के लिए बुधवार को पहले ही पहुंच गई थी।



न्यू चंडीगढ़ के न्यू इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खिलाड़ियों का स्वागत किया गया, जिसमें वे बहुत जोश में दिखे। उनके आने से पंजाब किंग्स लाइनअप में जबरदस्त जोश आ गया है, जिससे कैंप में इंटरनेशनल अनुभव और रोमांचक युवा एनर्जी का एक मजबूत मिक्स आया है। किंग्स, जो पिछले सीजन में रनर-अप रहे थे, पिछले कुछ हफ्तों से कड़ी ट्रेनिंग कर रहे हैं। टीम अब गुजरात जायंट्स के खिलाफ अपने बहुप्रतीक्षित सीजन ओपनर के लिए तैयारी कर रही है।

यह मैच 31 मार्च को उनके घरेलू दर्शकों के सामने खेला जाएगा। पंजाब किंग्स की पूरी टीम: श्रेयस अय्यर (कप्तान), शशांक सिंह, अर्शदीप सिंह, युजवेंद्र चहल, अजमतुल्लाह उमरजई, हरनूर सिंह पन्नू, हरप्रीत बराड़, लॉकी फर्ग्यूसन, मार्को यानसन, मार्कस स्टोइनिस, मिच ओवेन, मुशीर खान, नेहाल वढेरा, प्रभसिमरन सिंह, विष्णु विनोद, प्रियांश आर्य, पायला अविनाश, सूर्यांश शेडगे, विष्णु विनोद, व्यशाक विजयकुमार, जेवियर बार्टलेट, यश ठाकुर, कूपर कोनोली, बेन द्वारशुइस, प्रवीण दुबे।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### अमेलिया वाल्वरडे का अनुबंध नहीं बढ़ाया जाएगा: एफआईएफएफ

**नई दिल्ली, वार्ता।** ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन (एआईएफएफ) ने बुधवार को घोषणा की कि भारतीय महिला फुटबॉल टीम की हेड कोच के तौर पर अमेलिया वाल्वरडे का कॉन्ट्रैक्ट आगे नहीं बढ़ाया जाएगा। 39 साल की कोस्टा रिका की मैनेजर अमेलिया वाल्वरडे को जनवरी में नेशनल टीम की कमान सौंपी गई थी। उनका पहला बड़ा असाइनमेंट 2026 एएफसी महिला एशियन कप इस महीने की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया में हुआ था। दो दशकों से अधिक समय बाद इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट में हिस्सा लेते हुए, भारत का प्रदर्शन ऑस्ट्रेलिया में निराशाजनक रहा और ग्रुप स्टेज में बिना कोई मैच जीते ही टीम टूर्नामेंट से बाहर हो गई। भारतीय टीम को अपने पहले ग्रुप मैच में वियतनाम के हाथों 2-1 से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद उन्हें टूर्नामेंट की चैंपियन बनी जापान के हाथों 11-0 से करारी हार मिली, और फिर चीनी ताइपे के हाथों 3-1 से हार के साथ उनका अभियान खत्म हो गया। लगातार खराब नतीजों के बाद एआईएफएफ ने वाल्वरडे के साथ अपना अनुबंध समाप्त करने का फैसला किया है।

### बेलिडा बेनसिक को हराकर कोको गॉफ मियामी ओपन के सेमीफाइनल में

**मियामी।** अमेरिका की स्टार टेनिस खिलाड़ी कोको गॉफ ने स्विट्जरलैंड की बेलिडा बेनसिक को हराकर मियामी ओपन 2026 के सेमीफाइनल में जगह बना ली हैं। हार्ड रॉक स्टेडियम में कोर्ट गॉफ ने मंगलवारं को खेले गए क्वार्टरफाइनल मुकाबले में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए दूसरे सेट में हारने और तीसरे सेट की शुरुआत में पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी की दो बार की ओलंपिक पदक के खिलाफ 6-3, 1-6, 6-3 से जीत हासिल की। हार के मुंह से जीत छीनते हुए गॉफ ने ने कहा, 'यह एक मुश्किल मैच' था। बेलिडा एक मजबूत खिलाड़ी हैं। जब भी हम खेलते हैं, तो मैच लंबा चलता है। आज मुझे बहुत दौड़ना पड़ा, कुछ बार मैं गिरी भी।

# केकेआर ने आंद्रे रसल के सम्मान में जर्सी नम्बर 12 को किया रिटायर

**कोलकाता, वार्ता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने अपने पूर्व ऑलराउंडर आंद्रे रसल के सम्मान में जर्सी नम्बर 12 को रिटायर करने का फैसला किया है। रसल ने 2017 को छोड़कर 2014 से 2025 तक केकेआर का प्रतिनिधित्व किया। कुल मिलाकर रसल ने अपने 140 में 133 आईपीएल मुकाबले केकेआर के लिए खेला है।

पिछले साल नवम्बर में रसल ने आईपीएल से संन्यास ले लिया था और रसल केकेआर के पावर कोच बन गए थे। रसल ने कोचिग की भूमिका अपनाने पर कहा कि मुझे नहीं लगता इससे मेरे माइंडसेट में बदलाव आया है। मैंने जिनके साथ या जिनके खिलाफ खेला है, मुझे सभी खिलाड़ियों को अब वापस देना है। मुझे ऐसा करने में खुशी महसूस हो रही है। 2014 और 2024 में रसल केकेआर के दोनों खिताबी सीजन का हिस्सा रहे थे। हालांकि उन्होंने 2014 में मात्र दो मुकाबले खेले थे लेकिन 2024 में 15 मुकाबलों के दौरान उन्होंने ऑलराउंड प्रदर्शन कर केकेआर की जीत में अहम भूमिका अदा की थी। उस सीजन रसल ने नौ पारियों में 185 के स्ट्राइक रेट से 222 रन बनाए थे और 15-52 के गें.





दबाजी औसत से 19 विकेट हासिल किए थे। आईपीएल के इतर रसल ने 2014-15 में केकेआर के लिए चैंपियंस लीग में भी खेला था और उस सीजन केकेआर फाइनल तक पहुंची थी। रसल नाइट राइडर्स फ्रेंचाइजी की अन्य टीमों, आईएल टी20 में अबु धाबी नाइट राइडर्स और सीपीएल में त्रिनबागो नाइट राइडर्स का भी प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने दोनों टीमों के लिए चार-चार सीजन खेले हैं।

# रिंकू सिंह बने केकेआर के उपकप्तान

**कोलकाता, वार्ता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने रिंकू सिंह को उपकप्तान बनाया है। मंगलवार को प्री सीजन एक इवेंट के दौरान केकेआर के सीईओ वेंकी मैसूर ने इसकी घोषणा की। रिंकू इस भूमिका में वेंकटेश अय्यर की जगह लेंगे जिन्हें नीलामी से पहले केकेआर ने रिलीज कर दिया था।

रिंकू ने कभी टी20 में कप्तानी नहीं की है लेकिन वह 2018 के डेब्यू सीजन के बाद से ही केकेआर के साथ हैं। वह मध्य क्रम में बल्लेबाजी करने के साथ ही फिनिशर की भूमिका अदा करते रहे हैं। आंद्रे रसल की अनुपस्थिति में रिंकू के कंधों पर अतिरिक्त जम्मिेदारी होगी जो आईपीएल से संन्यास लेने के बाद फ्रेंचाइजी के साथ बतौर




पावर कोच जुड़ चुके हैं। इवेंट के दौरान केकेआर के मुख्य कोच अभिषेक नायर ने कहा कि मुझे लगता है कि यह एक सही फैसला है क्योंकि केकेआर में आने और सपोर्ट स्टाफ का हिस्सा बनने की मेरी पहली याद रिंकू के साथ काम करने की है। इन वर्षों में हमने रिंकू को न सिर्फ एक क्रिकेटर बल्कि एक लीडर के रूप में भी उभरते हुए देखा है। पिछले कुछ वर्षों से जहां उनके प्रदर्शन ने खुद कहानी बयां की है, मैदान के बाहर भी बिना कुछ कहे, वह एक ऐसे इंसान हैं जिनकी बातों को सुनने के लिए टीम बेसब्री से इंतजार करती है। चूंकि हमारे बड़े पावर हिटर (रसल) टीम में नहीं हैं इसलिए हम चाहते थे कि रिंकू थोड़ी और जम्मिेदारी उठाएं।

मुझे लगता है कि विश्व कप विजेता बनने के बाद और टीम संभालने में अजिक्य रहाणे की मदद करने का यह एकदम सही समय है। रिंकू ने केकेआर के लिए 59 मुकाबले खेले हैं और 145-17 के स्ट्राइक रेट से 1099 रन बनाए हैं, वह हाल ही में टी20 विश्व कप जीतने वाले भारतीय दल का हिस्सा थे।

# भारतीय महिला रिकर्व व पुरुष कंपाउंड टीमों ने कांस्य पदक जीते

**बैंकॉक, वार्ता।** भारत की रिकर्व महिला टीम और कंपाउंड पुरुष टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बुधवार को एशिया कप 2026 तीरंदाजी स्टेज एक टूर्नामेंट में कांस्य पदक जीते। आज यहां एसएटी फुटबॉल स्टेडियम में खेलते हुए, भारतीय महिला रिकर्व तीरंदाजी टीम (रूमा बिस्वास, कीर्ति और रिधि) ने कांस्य पदक के मैच में मलेशिया को 5-1 से हराया।

इस तिकड़ी ने इससे पहले क्वालिफाइंग राउंड में कुल 1915 अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया था। रूमा बिस्वास ने 650 अंकों के साथ टीम की अगुवाई की, जबकि कीर्ति और रिधि ने क्रमश: 638 और 627 अंकों का योगदान दिया। महिला रिकर्व टीम स्पर्धा में, भारत ने क्वार्टर-फाइनल में चीनी ताइपे को 6.2 से हराया, लेकिन सेमीफाइनल में चीन से 5.1 से हार गया। वहीं कंपाउंड पुरुष टीम स्पर्धा में, रजत चौहान, उदय कंबोज और दुनिया के चौथे नम्बर के खिलाड़ी ऋषभ यादव ने भी कांस्य पदक जीता। उन्होंने एक कड़े मुकाबले में भूटान को 234-232 से हराया। भारतीय पुरुष कंपाउंड टीम ने क्वार्टर-फाइनल में चीनी ताइपे को 238-228 से हराया था, लेकिन सेमीफाइनल में वियतनाम के हाथों 234-233 से करीबी हार का सामना करना पड़ा। भारत ने इससे पहले कंपाउंड पुरुष क्वालिफाइंग राउंड में भी अपना दबदबा बनाया था और 2126 अंकों के साथ पहला स्थान हासिल किया था। रजत चौहान ने 712 अंकों के साथ सबसे आगे रहे।

# दक्षिण अफ्रीका ने न्यूजीलैंड को 33 रनों से हराया और सीरीज भी जीती

**क्राइस्टचर्च, वार्ता।** कॉनर एस्टरहाउजन (75) और रूबिन हरमन (39) की शानदार पारियों के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने बुधवार को पांचवें टी-20 मुकाबले में न्यूजीलैंड को 33 रनों से शिकस्त दी। इसी के साथ दक्षिण अफ्रीका ने पांच मैचों की सीरीज 3-2 से अपने नाम कर ली। कॉनर एस्टरहाउसजन को बेहतरीन प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' और प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार मिला।

188 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दूसरे ही ओवर में के- क्लार्क (दो) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजी आक्रमण के आगे न्यूजीलैंड के बल्लेबाज खुलकर नहीं खेल सके और विकेट गंवाते रहे। न्यूजीलैंड



की टीम निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 154 रन ही बना सकी और मुकाबला 33 रनों से हार गई। टिम रॉबिनसन 20 गेंदों में (25), डेन क्लीवर 17 गेंदों में (22), बी जैक्बस 19 गेंदों में (36), कप्तान जिमी नीशम (24), निक केली (14) और जॉश क्लार्कसन (13) रन बनाकर आउट हुए। दक्षिण अफ्रीका के लिस गेराल्ड कोएत्जी, वियान मुल्डर और ऑटनील बार्टमैन ने दो-दो विकेट लिए। केशव महाराज ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने चौथे ओवर में टोनी डीजॉर्जी (12) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए रूबिन हरमन ने वियान मुल्डर के साथ दूसरे विकेट के लिए 55 रन जोड़े। 11वें ओवर में जॉश क्लार्कसन ने वियान मुल्डर (31) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए कॉनर एस्टरहाउजन ने रूबिन हरमन के साथ तेजी के साथ रन बटोरे। इसी दौरान बेन सीयर्स ने रूबिन हरमन को आउट कर न्यूजीलैंड को तीसरी सफलता दिलाई। रूबिन हरमन ने 31 गेंदों में चार चौके और एक छक्का उड़ाते हुए 39 रन बनाए। कॉनर एस्टरहाउसजन ने 33 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के लगाते हुए 75 रनों की पारी खेली। उन्होंने पारी के आखिरी ओवर में बेन सीयर्स ने आउट किया। दक्षिण अफ्रीका ने निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट पर 187 रनों का स्कोर बनाया। न्यूजीलैंड के लिए बेन सीयर्स ने दो विकेट लिए। जैकरी फॉक्स और जॉश क्लार्कसन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

### बुमराह वर्कलोड मैनेजमेंट के लिए बीसीसीआई के सीओई को रिपोर्ट करेंगे

**मुंबई, वार्ता।** भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह वर्कलोड मैनेजमेंट के लिए बीसीसीआई के बेंगलुरु में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) को रिपोर्ट करेंगे। ईएसपीएन क्रिकइंफो को पता चला है कि बुमराह मुख्य रूप से स्ट्रेंथ और कंडीशनिग पर काम करने के लिए सीओई में हैं। ऐसा समझा जाता है कि सीओई में बुमराह के काम करने का प्लान बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने जुलाई में इंग्लैंड के भारत के व्हाइट-बॉल टूर पर फोकस करते हुए बनाया है, जहां वे पांच टी20 और तीन वनडे खेलेंगे। समझा जाता है कि बुमराह सीओई में बॉलिग जारी रखेंगे और जल्द ही मुंबई इंडियंस के साथ जुड़ेंगे ताकि वे आईपीएल 2026 का अपना पहला मैच खेलने के लिए तैयार हो सकें, जो 29 मार्च को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ एक होम गेम है।

# जैनिक मियामी के क्वार्टर फाइनल में

**मियामी, वार्ता।** विश्व के नम्बर दो खिलाघी जैनिक सिनर ने मंगलवार को देर से वापसी करते हुए एटीपी मास्टर्स 1000 सेट जीतने की अपनी रिकॉर्ड-तोड़ स्ट्रीक बनाए रखी और साथ ही मियामी ओपन में क्वार्टर-फाइनल में अपनी जगह पक्की की।

सिनर ने हार्ड रॉक स्टेडियम में घरेलू उम्मीद एलेक्स मिशेलसन को 7-5, 7-6(4) से हराया और प्रतिष्ठित 'सनशाइन डबल' को पूरा करने के अपने मिशन को ट्रैक पर रखा। इंडियन वेल्स चैंपियन सिनर ने दूसरे सेट में 2-5 से वापसी करते हुए एक घंटे, 42 मिनट में जीत हासिल की और मास्टर्स 1000 इवेंट्स में लगातार जीते गए सेटों की संख्या को रिकॉर्ड 28 तक पहुंचाया। जीत के बाद सिनर ने कहा कि मुझे लगां कि आज सर्व ने मेरी काफी मदद की, खासकर जरूरी मौकों पर और टाई-ब्रेक में, इसलिए मैं इससे खुश हूं।साथ ही, मुझे पता है कि अगर मुझे इस टूर्नामेंट में आगे जाना है, तो मुझे कोर्ट के पीछे से सुधार करना होगा। कल छुट्टी का दिन है, जिससे मुझे मदद मिलेगी और मैं प्रैक्टिस सेशन में अच्छी रिदम ढूंढने की कोशिश करूंगा। फिर देखते हैं कि चीजें कैसी रहती हैं। कल रात के हालात बिल्कुल अलग हैं, इसलिए मैं खुश हूं कि मैंने कैसे मुकाबला किया। यह बहुत करीबी था। एलेक्स के खिलाफ बहुत करीबी मैच था। वह एक मुश्किल अपोनेंट है, इसलिए मैं बहुत खुश हूं। सिनर ने मिशेलसन के खिलाफ जीत के रास्ते में अपनी पहली सर्व के पीछे 90 परसेंट (38/42) पॉइंट्स जीते। इटैलियन खिलाड़ी गुरुवार को क्वार्टर-फाइनल में 19वीं सीड फांसेस टियाफो से मुकाबला करते समय भी ऐसे ही नंबर्स लाने की उम्मीद करेगा, साथ ही वह अपने गेम के दूसरे एरिया में भी सुधार करने की कोशिश करेगा। टियाफो ने टेरेंस एटमाने को हराकर 2019 के बाद पहली बार मियामी में क्वार्टर-फाइनल में पहुंचे। सोमवार को डिफेंडिग चैंपियन जैकब मेन्सिक को हराने के लिए दो मैच पॉइंट बचाने के बाद, फ्रांसेस टियाफो मंगलवार रात एटमाने के खिलाफ फाइनल सेट में 0/40 से 4-4 से पीछे थे। लेकिन एक बार फिर उस पल में 'मौजूद' रहकर, अमेरिकी खिलाड़ी उस मुश्किल से निकलकर 6-4, 1-6 से आगे हो गए। निर्णायक सेट में 6-4 से जीत के साथ, वह अपने पांचवें एटीपी मास्टर्स 1000 क्वार्टर-फाइनल में पहुंच गए और 2024 में सिनसिनाटी के बाद पहले क्वार्टर-फाइनल में पहुंच गए। नेक्स्ट जेन एटीपी स्टार मार्टिन लैंडाल्यूस ने एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट के क्वार्टर-फाइनल में पहुंचने के लिए घरेलू पसंदीदा सेबेस्टियन कोर्डा पर 2-6, 7-6(6), 6-4 की नाटकीय जीत में एक मैच पॉइंट बचाया। जीत हासिल करने के बाद जब लैंडाल्यूस से पूछा गया कि उनके दिमाग में क्या था।

# लैक्रोस टीमें लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक के क्वालिफाई करने का लक्ष्य रखें: मांडविया

**नई दिल्ली, वार्ता।** केंद्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने बुधवार को रियाद में हुए एशियन लैक्रोस गेम्स में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष और महिला लैक्रोस टीमों को सम्मानित किया। उन्होंने टीमों से कड़ी मेहनत जारी रखने और लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक के लिए क्वालिफाई करके इतिहास रचने का लक्ष्य रखने का आग्रह किया।

आज यहां खिलाड़ियों से बातचीत करते हुए लैक्रोस जैसे उभरते खेलों में दृढ़ संकल्प, अनुभव और लगातार प्रयास के महत्व पर बल देते हुए कहा, ष्लैक्रोस भारत के लिए एक बड़ा उभरता हुआ खेल है। यह आपका पहला बड़ा अंतरराष्ट्रीय अनुभव था और आप पहले ही देश के लिए मेडल जीत लाए हैं। अब आपका ध्यान और कड़ी मेहनत करने, अधिक



अनुभव हासिल करने और लॉस एंजिल्स 2028 के लिए क्वालिफाई करने का लक्ष्य रखकर देश को गौरवान्वित करने पर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार 'खेलो इंडिया' जैसी पहलों के माध्यम खिलाड़ियों को लगातार सहयोग देती रहेगी, लेकिन उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि जुनून और लगन ही सफलता की असली कुंजी हैं। उल्लेखनई है कि इस साल फरवरी में सऊदी अरब के रियाद में हुए एशियन लैक्रोस गेम्स में भारत ने जबरदस्त प्रदर्शन किया।

# आईएसएसएफ वर्ल्ड कप सीरीज का मोरक्को में होगा आगाज, भारत तैयार

**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल शूटिग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) वर्ल्ड कप सीरीज का आगाज हो चुका है और 12 सदस्ईय भारतीय टीम साल के पहले आईएसएसएफ वर्ल्ड कप शॉटगन में हिस्सा लेने के लिए तैयार है,

जो 25 मार्च से 3 अप्रैल 2026 तक मोरक्को के टैंजियर में आयोजित होगा। इस प्रतियोगिता में 43 देशों के 270 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जहां पांच ओलंपिक शॉटगन स्पर्धाओं में पांच स्वर्ण पदकों के लिए मुकाबला होगा। इसमें मौजूदा विश्व और ओलंपिक चैंपियन भी शामिल हैं, जो एक लंबे और महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय सीजन से पहले अपनी तैयारियों को परखने के लिए उत्सुक हैं। पुरुष और महिला स्कीट निशानेबाज सबसे पहले मैदान में उतरेंगे, जहां क्वालिफिकेशन राउंड के पहले 75 शॉट्स शुक्रवार (27 मार्च 2026) को खेले जाएंगे। इसके बाद अगले 50 शॉट्स और फाइनल अगले दिन आयोजित होंगे। प्रतियोगिता का अंतिम फाइनल ट्रैप मिक्स्ड टीम इवेंट होगा, जो 2 अप्रैल 2026 को खेला जाएगा। भारतीय शॉटगन टीम ने पिछली बार पूरी टीम के रूप में पिछले साल एथेंस वर्ल्ड चैंपियनशिप में हिस्सा लिया था, जहां सीनियर खिलाड़ी जोरावर सिंह संधू ने पुरुष ट्रैप में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीता था। टीम सोमवार को ही मोरक्को पहुंच गई थी, जो म्रि के काहिरा होते हुए टैंजियर पहुंची। खिलाड़ियों ने आधिकारिक स्थल टैंजियर शूटिग क्लब रेंज में अनौपचारिक अभ्यास सत्र भी कर लिया है। स्कीट निशानेबाजों के लिए आधिकारिक प्री-इवेंट ट्रेनिग गुरुवार (26 मार्च) को निर्धारित है। स्कीट प्रतियोगिताओं से पहले राष्ट्रीय कोच विक्रम चोपड़ा ने कहा, ष्हम जल्दी इसलिए आए ताकि यहां के माहौल के अनुसार खुद को ढाल सकें और क्योंकि टीम लंबे समय बाद इस स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर रही है। ट्रेनिग कड़ी और सकारात्मक रही है, लेकिन एक महत्वपूर्ण साल की शुरुआत में अपनी तैयारी को परखने के लिए विश्वस्तरीय प्रतियोगिता से बेहतर कुछ नहीं हो सकता। हमें उम्मीद है कि हम मोरक्को में साल की सकारात्मक शुरुआत करेंगे। टैंजियर में पुरुष स्कीट में भारत की उम्मीदों का जिम्मा अनुभवी खिलाड़ी मन सिंह और परम्पाल सिंह गुरोन के कंधों पर होगा, जबकि ज्योतिरादित्य सिंह सिसोदिया टीम को पूरा करेंगे। मन सिंह, जो पूर्व एशियाई चैंपियन हैं, तीन साल बाद टीम में वापसी कर रहे हैं, जबकि परम्पाल ने आखिरी बार 2022 में भारत का प्रतिनिधित्व किया था।

# सुप्रीम कोर्ट अपनी चुप्पी तोड़ेः शाहनवाज

## जस्टिस अतुल श्रीधरन को सिविल मामलों में भेजने पर बोले कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव शाहनवाज आलम ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में रोस्टर में बदलाव करके जस्टिस अतुल श्रीधरन को सिविल मामलों में भेजने को राजनीतिक दबाव में किया गया तबा. दला बताया है। उन्होंने कहा कि यह राज्य सरकार द्वारा इलाहाबाद हाईकोर्ट को राजनैतिक तौर पर नियंत्रित करने का उदाहरण है जिसपर सुप्रीम कोर्ट को अपनी चुप्पी तोड़नी चाहिए।



कांग्रेस नेता शाहनवाज ने कहा यह पहले से अंदेशा था कि जस्टिस अतुल श्रीधरन जिस तरह प्रदेश सरकार के साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण के एजेंडे को बढ़ाने वाले अधिकारियों के संविधान विरोधी हरकतों पर लगाम लगा रहे हैं उनका जल्दी ही क्रिमिनल से सिविल मामलों में तबा. दला कर दिया जाएगा. इसलिए यह तबादला नियमित प्रक्रिया का हिस्सा नहीं है बल्कि अपने अनुकूल 'कम्प्रोमाइज्ड' जजों को रोस्टर में लाकर गैरकानूनी हरकत करने वाले अधिकारियों को बचाने का प्रयास है।

शाहनवाज आलम ने कहा कि इससे यह भी साबित होता है कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा की जा रही संविधान विरोधी कार्रवाइयां 'कंप्रोमाइज्ड' न्यायपालिका के सहयोग पर ही टिकी हैं और जैसे ही कोई जज संविधान और कघनून के हिसाब से काम करने लगता है योगी सरकार अंदर से डर जाती है।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश का पिछड़ा, अतिपिछड़ा और दलित समाज जानता है कि योगी सरकार जिस सनातनी और मनुवादी व्यवस्था को लागू करना चाहती है उसमें जस्टिस अतुल श्रीधरन जैसे जज बाधा हैं. क्योंकि उनका मध्य प्रदेश हाईकोर्ट से इसीलिए तबादला कर दिया गया था कि उन्होंने दमोह के एक मंदिर में एक स्वर्ण व्यक्ति द्वारा पिछड़े समाज के व्यक्ति से अपने पैर धुलवाने और उसे वही पानी पिलाने के वायरल वीडियो पर स्वतः संज्ञान लेते हुए कार्यवायी की थी।

उन्होंने कहा कि यह आश्चर्य की बात है कि लोगों को गीली मारने की धमकी देने वाले भाजपा नेता अनुराग ठाकुर को बरी करने वाले जस्टिस सी डी सिंह, भ्रष्टाचार का आरोप झेल रहे जस्टिस यशवंत वर्मा, सांप्रदायिक टिप्पणी करने वाले जस्टिस शेखर यादव, बलात्कार के आरोपियों के पक्ष में कुतर्क गढ़ने वाले जस्टिस राम मनोहर नारायण मिश्रा, बलात्कार के लिए पीड़िता को ही जिम्मेदार बताने वाले जज संजय कुमार सिंह, ईसाइयों के खलिाफ सां. प्रदायिक टिप्पणी करने वाले जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल और योगी आदित्यनाथ के भक्त जिला जज रवि कुमार दिवाकर की शरणस्थली उत्तर प्रदेश की न्यायपालिका क्यों बनी हुई है।

# फायरिंग कर जानलेवा हमले का आरोपी पकडा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** थाना नकुड़ पुलिस ने दिनदहाड़े फायरिंग कर जानलेवा हमला करने के मामले में एक आरा. ेपी को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा करने का दावा किया है।

बुधवार को कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार सोनकर ने पत्रकारों को बताया कि बीते सोमवार को अंबेहटा के गंगोह रोड स्थित सरकारी अस्पताल के सामने रंजिश के चलते एक फाइनेंस कर्मी पर फायरिंग की गई थी जिससे क्षेत्र में अफरा तफरी मच गई थी। पीड़ित ने मौके से भागकर अपनी जान बचाई थी, जबकि पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए थे। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों का गठन कर लगातार दबिश दी जा रही थी। इसी क्रम में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि अन्य की तलाश जारी है।

# समाज को एकजुट रहना होगाः अभय



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश क्षत्रिय महासभा द्वारा भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत राणा सहित नव मनोनीत पदाधिकारियों का स्वागत किया गया।

संगठन कार्यालय पर आयोजित बैठक में कार्यक्रम की में भाजपा नेता ठाकुर अजीत राणा सहित अन्य पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। वक्ताओं ने संगठन की एकजुटता पर जोर देते हुए समाज के उत्थान और संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। भाजपा के युवा नेता अभय राणा ने जिलाध्यक्ष अजीत राणा व अन्य पदाधिकारियों को बधाई दी और कहा कि समाज को एकजुट रहना होगा। समारोह में जिला एवं महानगर स्तर के कई पदाधिकारी मौजूद रहे, जिनमें चन्द्रपाल राणा, अशोक राणा, संजय राणा, प्रवीण राणा, कृष्णोजी, जितेन्द्र राणा, सत्यपाल प्रधान, विजेन्द्र राणा, रणवीर राणा समेत अन्य गणमान्य लोग शामिल रहे।

अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर कानसिंह राणा व संचालन जिलाध्यक्ष ठाकुर ज्ञानेन्द्र राणा द्वारा किया गया।

# सील हुआ पैलेस फिर चर्चा में, बड़ी कार्रवाई की तैयारी में एसडीए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** शहर में एक बार फिर एक चर्चित पैलेस प्रशासनिक कार्रवाई को लेकर सुर्खियों में आ गया है। सहारनपुर विकास प्राधिकरण द्वारा पूर्व में इस पैलेस पर सील लगाने की कार्रवाई की गई थी, लेकिन बाद में दिए गए एक हलफनामे के आधार पर अस्थायी राहत दी गई थी।

बताया जा रहा है कि हलफनामे में यह स्पष्ट उल्लेख किया गया था कि निर्धारित कार्यक्रम संपन्न होने के बाद पैलेस को पुनः सील कर दिया जाएगा। साथ ही, माननीय स्तर पर हस्तक्षेप के बाद संचालक को लगभग एक सप्ताह का समय आवश्यक कागजात एकत्र करने के लिए भी दिया गया था। हालांकि, तय समयावधि बीत जाने के बाद भी न तो आवश्यक दस्तावेज पूरे किए जा सके और न हीं ैक। को कोई राजस्व प्राप्त हुआ। ऐसे में अब यह मामला फिर से प्रशासन के रडार पर आ गया है और विभाग द्वारा दोबारा सख्त कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है। सूत्रों के अनुसार यदि पैलेस संचालन से जुड़े वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किए जाते हैं, तो न केवल ैक। द्वारा पुनः सीलिंग की कार्रवाई की जा सकती है, बल्कि सराय एक्ट के तहत भी कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जा सकती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिना पूर्ण अनुमति और सुरक्षा मानकों के इस तरह के बड़े आयोजनों से आम जनता की जान-माल को खतरा बना रहता है। ऐसे में प्रशासन की जिम्मेदारी बनती है कि वह समय रहते सख्त कदम उठाए और संभावित हादसों को रोका जाए। अब देखना यह होगा कि एसडीए इस मामले में कितनी तेजी से कार्रवाई करता है और क्या संबंधित पैलेस संचालक नियमों का पालन कर पाते हैं या नहीं।

❑**गंगोह।** उत्तम शुगर मिल शेरमऊ ने 22 से 26 फरवरी 2026 तक का समस्त गन्ना मूल्य भुगतान किसानों को कर दिया है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा. सुखविन्दर जीत सिंह ने बताया है कि बारह करोड़ सत्ताइस लाख इक्कीस हजार पाँच सौ तिरासी रूपये का भुगतान गन्ना समितियों सहारनपुर, सरसावा, नानौता, ऊन व बेहट के माध्यम से किसानों के खातों में करा दिया गया है।

# डीएसओ से मिला सपा का डेलीगेशन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** इनकम टैक्स रिर्टन का हवाला देकर पात्र लोगों के राशन कार्ड काटे जाने को लेकर पार्षदों का डेलीगेशन जिला पूर्ति अधिकारी से मिला।

वरिष्ठ सपा नेता और पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा के नेतृत्व में प्रतिमंडल ने जिला पूर्ति अधिकारी से मिलकर आपत्ति दर्ज कराई। टिंकू अरोड़ा ने कहा कि कोई भी गरीब या पात्र व्यक्ति रिटर्न सिर्फ इसलिए भरता है कि अपने बच्चों की शिक्षा के लिए या बेटी के विवाह के लिए या अन्य छोटा-मोटा कारोबार करने के लिए ऋण लेना पड़ता है और उसके लिए रिटर्न की आवश्यकता पड़ती है बीते वित्तीय वर्ष में 7 लाख रुपए तक रिटर्न बनने पर कोई भी टैक्स नहीं देना था और वित्तीय वर्ष 2025, 2026 में 1200000 तक की छूट है गरीब व्यापार लोगों के राशन कार्ड काटने का दर्द दिखाकर राशन डिपो होल्डर उन्हें राशन भी नहीं दे रहे हैं।तत्काल राशन डिपो होल्डरों को आदेश जारी किया जाए किसी का भी राशन कार्ड को मत काटा जाए। नगर में कुछ गैस एजेंसी द्वारा उपभोक्ताओं को



गैस न देकर परेशान किया जा रहा है और बड़ी संख्या में गैस ब्लैक की जा रही है गोपनीय तरीके से उन लोगों के नाम बता कर उन पर भी कार्रवाई करने के लिए पत्र दिया।

इस मौके पर पार्षद हाजी गुलशेर, पार्षद अहमद मलिक, पार्षद राजीव अन्नू, पार्षद नितिन जाटव, पार्षद नदीम अंसारी, पार्षद डॉ एहतेशाम, पार्षद हाजी नूरआलम, पार्षद इमरान सैफी, पार्षद डॉ मोहतसिन, पार्षद फराज अंसारी आदि लोग मौजूद रहे

# कुट्टू के आटे की पकौड़ी से परिवार बीमार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** मोहल्ला मोहम्मद गौरी में कुट्टू के आटे से बनी पूड़ी-पकौडी खाने के बाद एक ही परिवार के कई सदस्य अचानक बीमार पड़ गए। सभी को उपचार के लिए निजी चिकित्सक के पास ले जाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद उनकी हालत में सुधार बताया जा रहा है।

विजय कुमार ने बताया कि वह एक दिन पूर्व बाजार से कुट्टू का आटा खरीदकर लाए थे। रात में उसी आटे से बनी पूड़ी और पकौड़ी खाने के कुछ ही समय बाद उनकी पत्नी राखी देवी, पुत्र यशपाल, बेटियां अनन्या व इशानी तथा छोटे भाई सौरभ को जी मिचलाना, चक्कर आना और अत्यधिक कमजोरी जैसी शिकायतें होने लगीं। परिजनों के अनुसार रात में ही सभी की हालत बिगड़ने पर उन्हें एक निजी क्लिनिक में भर्ती कराया गया।

# किरयाना की दुकान के ताले तोड़कर की चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** लखनौती के मेन बाजार मे चोरों ने किरयाना की दुकान के ताले तोड़कर नकदी चुरा ली।

पीड़ित दुकानदार मनीष कुमार ने बताया कि वह मंगलवार की रात करीब 10:30 बजे वह अपनी दुकान बंद करके घर चला गया था। बुधवार सुबह आसपास के दुकानदारों ने उसे सूचना दी कि उनकी दुकान का शटर खुला पड़ा है। मौके पर जाकर देखा तो दुकान के ताले टूटे हुए मिले। अंदर गल्ला देखा तो उसमें रखे 5-6 हजार रुपये गायब थे। आसपास की दुकान मे लगे सीसीटीवी फुटेज में एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे रहा है जिसकी पहचान भी की जा चुकी है। पीड़ित ने थाने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# हमारा लक्ष्य विकास की ओरः डा.अजय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार ने आज वार्ड 33 में नगर निगम निधि से निर्मित होने वाली सड़क के निर्माण कार्य का वेदमंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया। सड़क निर्माण पर लगभग 15 लाख रुपये की लागत आयेगी।

आज सुबह महापौर डॉ. अजय कुमार वार्ड 33 में प्रेमनगर स्टेट बैंक कॉलोनी पहुंचे तो क्षेत्र के लोगों ने महापौर का स्वागत करते हुए उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया। महापौर ने क्षेत्र के लोगों की मांग को पूरा करते हुए उक्त गली में वेद मंत्रोच्चार के बीच सड़क पर गेंती चलाकर सड़ध्क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।



इस अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए महापौर डॉ. अजय कुमार ने कहा कि सड़कों और नालियों का निर्माण किसी भी क्षेत्र के बुनियादी ढांचे की रीढ़ होता है, जो समग्र विकास, स्वास्थ्य और आर्थिक समृद्धि के दरवाजे खोलता है। ''हमारा लक्ष्य एक कदम विकास की ओर, अंधेरी ठहराव से प्रकाश की ओर'' उक्ति को अमलीजामा पहनाते हुए नगर निगम लगातार महानगर में सड़कों, नालियों व पुलियाओं का निर्माण कार्य करा रहा है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष जो. गिंदर लाला, मंडल महामंत्री जयवीर खटाना, पार्षद प्रतिनिधि संदीप चौधरी सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# ग्लोकल विश्वविद्यालय में गेस्ट लेक्चर का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ग्लोकल विश्व. विद्यालय में तृतीय इंटरनेशनल गेस्ट लेक्चर के अंतर्गत "थ्राइविंग इन द जेन जी एरा: मेंटल हेल्थ, रेजिलिएंस एंड सक्सेस इन यूनिवर्सिटी लाइफ" विषय पर अंतरराष्ट्रीय अतिथि व्याख्यान का सफल आयोजन किया गया।



कार्यक्रम विश्वविद्यालय के एडिशनल प्रो-चांसलर वित्त सैयद निजामुद्दीन, एडिशनल प्रो-चांसलर शैक्षणिक प्रोफेसर डॉ. ओम कुमार हर्ष, कुलपति डॉ. मंजू गुप्ता, प्रो-वाइस-चांसलर प्रोफेसर डॉ. जॉन फिनबे तथा कुलसचिव डॉ. शिवानी तिवारी के मार्गदर्शन में टेक्नोलॉजी ब्लॉक में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ साइंस एंड टेक्नोलॉजी विभाग की लेक्चरर सुश्री फातिमा परवीन आकिल के उद्घाटन संबोधन से हुआ। इसके पश्चात एडिशनल प्रो-चांसलर शैक्षणिक प्रोफेसर डॉ. ओम कुमार हर्ष ने स्वागत संबोधन एवं कार्यक्रम का संक्षिप्त परिचय दिया। स्कूल ऑफ आर्ट्स एंड ह्यूमैनिटीज की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. नाजिया खान ने अतिथि विशेषज्ञ का स्वागत किया। कार्यक्रम में डॉ. किम्बर्ली एस. कैंटिलेरो, प्रोफेसर, मेंटल हेल्थ एडवोकेट, शोधकर्ता, लेखिका एवं साइकोसा. ेशल सपोर्ट विशेषज्ञ ने मुख्य व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने अपने व्याख्यान में जेन-जी के सामने आने वाली मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों, तनाव प्रबंधन, आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच और जीवन में सफलता प्राप्त करने के प्रभावी तरीकों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में संत. ुलन बनाए रखने, आत्म-देखभाल को प्राथमिकता देने तथा कठिन परिस्थितियों में धैर्य और दृढ़ता बनाए रखने की प्रेरणा दी। व्याख्यान के पश्चात प्रश्न-उत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए मानसिक स्वास्थ्य और करियर से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछे।

कार्यक्रम के अंत में कुलसचिव डॉ. शिवानी तिवारी ने अपने उद्‌बोधन में विद्यार्थियों को जीवन में सकारात्मक सोच अपनाने और मान. सिक रूप से मजबूत बनने की सलाह दी।

# पूरा देश एक परिवार की तरहः निम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** विधायक देवेंद्र निम ने कहा कि त्यौहार मिलजुल मनाने से त्यौहार की खुशियां बढ़ जाती हैं और भाईचारा बढ़ता है।

भाजपा विधायक देवेंद्र निम ने मौहल्ला कायस्थान स्थित ताहिर मलिक के निवास पर पहुँच कर ईद उल फितर की शुभकामनाएं दीं।विधायक देवेंद्र निम ने कहा कि सभी भारतवासी एक परिवार की तरह हैं।भारत की सोच ही वसुधैव कुटुम्ब की है।उन्होंने कहा कि सभी को मिलजुलकर त्यौहार मनाने चाहिएं।इससे त्यौहार की खुशियां बढ़ती हैं और अपनापन भी बढ़ता है।



देवेंद्र निम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सभी वर्गों के कल्याण के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चला रहे हैं जिनका सभी को समान लाभ मिल रहा है।

इस दौरान अक्षय पँवार, हाजी मोहम्मद अय्यूब,अमन मलिक,अम्बर मलिक आदि मौजूद रहे।

# धरना स्थल पर पेंशनभोगियों ने मनाया काला दिवस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति उत्तर प्रदेश के आह्वान पर पेंशनभोगियों ने केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) वैधता अधिनियम-2025 के विरोध में काला दिवस मनाकर प्रदर्शन कर धरना दिया।

प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर आज हकीकत नगर के रामलीला मैदान पर काला दिवस मनाया। सभा में वक्ताओं ने कहा कि अधिनियम में सेवानिवृत्ति तिथि के आधार पर पेंशनभोगियों के बीच वर्गीकरण कर भेदभाव किया गया है, जो संविधान के अनुच्छेद-14 के विरुद्ध है। साथ ही 3 नवम्बर 2025 को गठित 8वें वेतन आयोग में पेंशनभोगियों की अनदेखी किए जाने पर भी नाराजगी जताई गई।पेंशनभोगियों ने काली टोपी ओर काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी सहारनपुर को सौंपा गया। सभा को संबोधित करते हुए जनपद



सचिव शिवराज सिंह, प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य एवं कोषाध्यक्ष के.डी.गौतम, आर.सी. शर्मा, रामकुमार शर्मा ने कहा कि सरकार के वेतन व पेंशन संबंधी निर्णयों का प्रभाव राज्यों के कर्मचारियों व पेंशनभोगियों पर भी पड़ता है। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिनियम को भूतलक्षी प्रभाव से लागू कर पेंशनभोगियों के अधिकारों का हनन किया गया है। कार्यक्रम में विभिन्न संगठनों के पेंशनभोगी बड़ी संख्या में मौजूद रहे और अधिनियम को वापस लेने की मांग की।

धरने पर सुरेंद्र कुमार, शिवराम शर्मा, मूलचंद आनंद, योगेंद्र कुमार, डी. पी.उपाध्याय, वी.के.शर्मा, राजबीर सिंह, योगेश त्यागी, सुरेश चंद, तेजवीर पुंडीर, डा.काशीराम शर्मा, भोपाल सिंह यादव, मौ.आफताब, रामपाल सिंह, ठा. अमर सिंह, ज्योति प्रसाद, गजा सिंह, महेंद्र सिंह, सुरेश दत्त शर्मा, नेत्रपाल चौहान, इसम सिंह, अजब सिंह, डा.डी. के.शर्मा, देशपाल शर्मा, राजकुमार, के. पी.सिंह, सुरेंद्र कुमार, नरेश सैनी, वीरा देवी, उर्मिला देवी, पुष्पा सचदेवा, कमला गुप्ता, कृष्णा देवी, महेंद्र सिंह सैनी, जहीर अहमद, चंद्रपाल, करम सिंह, अक्षय रमन, विजयपाल सिंह, रामकुमार गुप्ता, हिम्मत सिंह रावत, सुभाष चंद जेन, सी. पी.त्रिपाठी, मौ.याकूब आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता जनेश्वर प्रसाद तथा संचालन राजेश्वर प्रसाद ने किया।

# गैस किल्लत के खिलाफ भाकियू नई क्रांति का ज्ञापन

### प्रशासन के खिलाफ जताई कड़ी नाराजगी, आंदोलन की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** रसोई गैस की किल्लत को लेकर भारतीय किसान यूनियन नई क्रांति ने प्रशासन के खिलाफ गहरी नाराजगी जताते हुए एक ज्ञापन सौंपते हुए जल्द ही समाधान की मांग की।

बुधवार को यहां राष्ट्रीय महासि. चव चौधरी कुलबीर सिंह के नेतृत्व में पहुंचे क्षेत्रीय किसानों का नेतृत्व करते हुए चौधरी कुलवीर सिंह ने कहा कि इस समय गैस एजेंसियों की लाप. रवाही के चलते क्षेत्र के उपभोक्ताओं को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। कहा कि बुकिंग के 5 दिन बाद भी सिलेंडर की डिलीवरी नहीं हो रही है जिससे खासतौर पर गृहिणियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने मांग करते हुए कहा कि सप्लाई इंस्पेक्टर व एजेंसी स्टाफ मिलकर उपभोक्ताओं की समस्याओं का तुरंत समाधान कर समय पर गैस उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने चेतावनी भरे शब्दों में कहा कि यदि जल्द व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो किसानों को मजबूरन धरना प्रदर्शन का रास्ता अपनाना पड़ेगा जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

इस दौरान मुकेश चौधरी, चौधरी महिपाल सिंह, विजयपाल सिंह खटाना, चौधरी संजय खटाना, फुरकान निजामी, प्रताप कुमार, सादिक समेत कई किसान भारी संख्या में मौजूद रहे।

# पाइन हिल्स व यूनिक किड्स के वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पाइन हिल्स एकेडमी एवं यूनिक किडस स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित कर सर्वोच्च स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

पाइन हिल्स में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंध निद. ेशक डॉक्टर खालिद अंसारी ने बच्चों के परीक्षा परिणाम की सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षक व शिक्षिकाओं को देते हुए कहा कि उनके अच्छे मार्गदर्शन में बच्चों ने सफलता अर्जित की है निश्चित रूप से विद्यालय के अच्छे शैक्षणिक शिक्षा के बल पर निरंतर प्रगति हासिल कर रहा है।

विद्यालय अध्यक्ष साउद खान ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि बच्चों को अच्छी शिक्षा देना ही विद्यालय का






मुख्य उद्देश्य है। विद्यालय प्रधानाचार्य सैयद मोहम्मद समीर ने वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया। बच्चों की पूरे साल के अलग अलग प्रदर्शन के आधार पर कॉन्सोलेशन प्राइस दिए गए। सभी बच्चों को प्रोत्साहन देने के लिए मेडल्स दिए गए।

कार्यक्रम का संचालन उरूज व रयान खुर्शीद ने किया। तैयब खान, साद खान एवं सभी अध्यापिकाओं का योगदान रहा।

वहीं ज्वाला नगर स्थित नेशनल पब्लिक स्कूल के प्रांगण में यूनिक किड्स स्कूल के वार्षिक परीक्षा परिणाम कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जेल सुपरिटेन्डेट सहारनपुर सत्यप्रकाश, विद्यालय के प्रबन्धक सुरेन्द्र चौहान, डायरेक्टर मनु चौहान, प्रधानाचार्या हरसिमरत कौर एवं नेशनल पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या सिम्पल मकानी ने संयुक्त रूप से माँ सरस्वतीश के प्रतिमास्वरूप के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

मुख्य अतिथि जेल सुपरिंटेंडेंट सत्यप्रकाश ने कहा कि यूनिक किड्स स्कूल गत सात वर्षो से बच्चों को उत्तम शिक्षा प्रदान कर रहा है, इसके लिए विद्यालय के डायरेक्टर मनु चौहान, प्रधानाचार्या हरघसिमरत कौर व सिम्पल मकानी, संस्थापक सुरेन्द्र चौहान साधुबाद के पात्र हैं। तत्पश्चात जेल अधीक्षक सत्यप्रकाश, वरिष्ठ पत्रकार सुरेन्द्र चौहान, प्रधानाचार्या हरसिमरत कौर, प्रबन्धक मनु चौहान व प्रधानाचार्या सिंपल मकानी ने संयुक्त रूप से मेधावी छात्र छात्राओं को ट्राफी एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।कार्यक्रम के अन्त में विद्यालय संस्थापक सुरेन्द्र चौहान ने सभी अभिभावकों का आभार प्रकट किया व पुरस्कार प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं व उनके अभिभावकों को बधाई दी।

इस अवसर पर दीपिका, नन्दिनी, चाहत, रीना, आकांक्षा, पलक, इन्दु मेहंदीरत्ता, विम्मी आदि एवं नेशनल पब्लिक स्कूल का समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रियंका एवं मनस्वी सेतिया ने किया।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# विश्वास की कमी

बुधवार को खबर आई कि पाकिस्तान की मार्फत ईरान को अमेरिका की तरफ से युद्ध समाप्त करने को लेकर 15 शर्तीय पैगाम पहुंचाया गया। उसमें क्या शर्तें थी यह तो सामने नहीं आया, लेकिन ईरान की तरफ से जो जवाब आया है उससे साफ है कि ईरान इस समय अमेरिका की तरफ से आ रहे किसी भी शांति प्रस्ताव को लेकर गंभीर नहीं है। ईरान की तरफ से कहा गया है कि अगर अमेरिका उसकी पांच शर्तों को मानेगा, तो युद्ध विराम पर विचार किया जा सकता है। सबसे बड़ी शर्त तो उसकी यही है कि युद्ध में अब तक जो ईरान का नुकसान हो रहा है, अमेरिका उसका मुआवजा दे। दूसरे वह कुछ सप्ताह या महीने के युद्ध विराम पर सहमत नहीं हो सकता, उसके लिए जरूरी है कि ऐसा वादा किया जाए, जिससे युद्ध हमेशा के लिए खत्म हो। तीसरे ईरान चाहता है कि होर्मुज पर उस पर इंटरनेशनल अथॉरिटी की तरफ से उसको पूरी तरह कंट्रोल हासिल हो। ऐसी दो अन्य शर्तें भी हैं। जाहिर है, आज के संदर्भ में इस तरह की गारंटी कोई भी देश लेने को शायद ही कोई तैयार होगा। इसलिए जो शांति के प्रयास इस समय चल रहे हैं वे कुछ उम्मीद तो जगाते हैं, लेकिन साथ ही भ्रमित भी करते हैं कि वास्तव में दोनों ही पक्ष युद्ध रोकने के लिए गंभीर हैं भी या नहीं। असल में इस समय जो देखने में आ रहा है वह यह है कि दोनों ही पक्षों के बीच में अविश्वास की खाई इतनी गहरी हो चुकी है कि इसको पाटना अभी बेहद मुश्किल दिखाई दे रहा है और किसी भी सकारात्मक नतीजे पर पहुंचने के लिए यह खाई पाटना बेहद जरूरी होता है। इसमें कोई दोराय नहीं है कि इस अनिश्चितता के लिए अगर इस समय कोई देश सबसे ज्यादा जिम्मेदार है तो वह अमेरिका और इस्राईल ही है। जिन्होंने बिना किसी उकसावे के न सिर्फ ईरान पर हमला किया, बल्कि उसके टॉप लीडर्स व अधिकारियों को मार गिराया और यह क्रम अभी भी जारी है। दोनों ही पक्ष एक-दूसरे के शहरों पर लगातार अभी भी बमबारी कर रहे हैं। कोई भी समझ सकता है कि बमबारी और शांति की वार्ता साथ-साथ नहीं चल सकते। उसके लिए पहले वार्ता का माहौल बनाना बेहद जरूरी होता है, जो बनता दिखाई नहीं दे रहा। जहां तक बात भारत की है, भारत में इस समय एलपीजी व डीजल, पेट्रोल की किल्लत स्पष्ट दिखाई दे रही है, भले ही सरकार कहे कि उसके पास ऊर्जा संसाधनों की कोई कमी नहीं है, जैसीकि उसने बुधवार को होने वाली सर्वदलीय बैठक के बाद भी कहा, लेकिन आम जनता की बात तो छोड़िए विपक्षी दल ही सरकार के आश्वासनों से सहमति जताते दिखाई नहीं दे रहे हैं और इस संकट के लिए पीएम मोदी को सीधे जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। राहुल गांधी पहले ही कह चुके हैं कि विदेश नीति मोदी की निजी विदेश नीति में बदल गई है। इसमें कोई दोराय नहीं है कि विदेश नीति को हम इस समय पटरी से उतरते देख रहे हैं।

## यू-टर्न उस्ताद पीएम मोदी ने बदला मन



नए संसद भवन में नारी वंदन अधिनियम, 2023 ऐतिहासिक कानून को पारित किया गया था, इस कानून के जरिए संविधान में संशोधन करके लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक-तिहाई आरक्षण का प्रावधान किया गया था, इस कानून में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित सीटों के भीतर भी एक-तिहाई आरक्षण का प्रावधान शामिल था, इन आरक्षणों को लागू करने का काम स्पष्ट तौर पर परिसीमन और जनगणना की प्रक्रिया पूरी होने से जोड़ा गया था, कांग्रेस ने 2024 के लोकसभा चुनावों से ही इसे तुरंत लागू करने की जोरदार मांग की थी, तब मोदी सरकार ने यह तर्क दिया था कि परिसीमन और जनगणना का काम पहले पूरा किए बिना ऐसा करना संभव नहीं है, अब यू-टर्न उस्ताद पीएम मोदी ने 30 महीने बाद अचानक अपना मन बदल लिया है।

**-जयराम रमेश, वरिष्ठ कांग्रेस नेता**

# बढ़ती गर्मी से कीटों पर बढ़ता संकट

**अध्ययन से पता चला कि गर्म और निचले इलाकों में रहने वाले कीट आम तौर पर ठंडे और ऊंचे इलाकों के कीटों की तुलना में ज्यादा तापमान सहन कर सकते हैं। लेकिन इसके साथ एक बड़ी समस्या भी है। निचले इलाकों का वातावरण पहले ही उस अधिकतम तापमान के बहुत निकट है, जिसे वहां रहने वाले कीट सह सकते हैं। इसलिए अगर तापमान थोड़ा भी बढ़ता है, तो वे जल्दी ही अपनी सहनशीलता की सीमा पार कर सकते हैं।**



उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों के गर्म और निचले स्थानों में रहने वाले कीट अत्यधिक गर्मी में भी जीवित रहने की क्षमता के लिए जाने जाते हैं, लेकिन एक बड़े अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन से पता चला है कि इनमें से कई कीट पहले ही अपनी सहनशक्ति के तापमान की सीमा के करीब रह रहे हैं। ऐसे में अगर पृथ्वी का तापमान और बढ़ता है, तो इन प्रजातियों के लिए बड़ा खतरा पैदा हो सकता है। नेचर पत्रिका में प्रकाशित इस शोध में यह देखा गया कि अलग-अलग कीट प्रजातियां गर्मी पर किस तरह प्रतिक्रिया देती हैं ताकि यह समझा जा सके कि जलवायु परिवर्तन उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में कीटों की विविधता को कैसे प्रभावित कर सकता है।

गौरतलब है कि स्तनधारियों के विपरीत, कीट अपने शरीर का तापमान खुद नियंत्रित नहीं कर सकते। उनके शरीर का तापमान लगभग पूरी तरह आसपास के वातावरण पर निर्भर करता है। इसलिए अधिक गर्मी से बचने के लिए वे छांव में चले जाना, मिट्टी में दुबक जाना या ठंडक के समय में ही सक्रिय रहना जैसे तरीके अपनाते हैं। उनके शरीर में कुछ खास प्रकार के प्रोटीन भी बनते हैं, जो अधिक तापमान से कोशिकाओं को नुकसान से बचाने में मदद करते हैं। इन्हें 'हीट शॉक प्रोटीन' कहा जाता है। लेकिन इस सुरक्षा की भी एक सीमा है। जब तापमान एक हद से ऊपर चला जाता है, तो कीट हिलना-डुलना बंद कर देते हैं और अंततरू मर जाते हैं।

कीटों की अधिकतम ऊष्मा-सहनशीलता सीमा को समझने के लिए वैज्ञानिकों ने लगभग 2300 प्रजातियों पर एक बड़ा फील्ड अध्ययन किया। यह काम पर्यावरण वैज्ञानिक किम ली होल्जमैन के शोध से शुरू हुआ था। उन्होंने पेरू के एंडीज पर्वत क्षेत्र में अलग-अलग ऊंचाइयों से कई मौसमों के दौरान कीट इकट्ठा किए। हर कीट को एक छोटी ट्यूब में रखकर धीरे-धीरे बढ़ती गर्मी के संपर्क में लाया गया। वैज्ञानिक यह देखते रहे कि किस तापमान पर कीट हिलना-डुलना बंद कर देता है, क्योंकि यही उसकी गर्मी सहने की अधिकतम सीमा मानी जाती है। बाद में इसी तरह का प्रयोग केन्या के एक अन्य उष्णकटिबंधीय पर्वतीय क्षेत्र में भी किया गया।

अध्ययन से पता चला कि गर्म और निचले इलाकों में रहने वाले कीट आम तौर पर ठंडे और ऊंचे इलाकों के कीटों की तुलना में ज्यादा तापमान सहन कर सकते हैं। लेकिन इसके साथ एक बड़ी समस्या भी है। निचले इलाकों का वातावरण पहले ही उस अधिकतम तापमान के बहुत निकट है, जिसे वहां रहने वाले कीट सह सकते हैं। इसलिए अगर तापमान थोड़ा भी बढ़ता है, तो वे जल्दी ही अपनी सहनशीलता की सीमा पार कर सकते हैं। अध्ययन में यह भी पाया गया कि अलग-अलग कीट समूहों की गर्मी सहने की क्षमता अलग होती है। उदाहरण के लिए, मक्खियां सबसे ज्यादा संवेदनशील हैं और औसतन लगभग 39 डिग्री सेल्सियस पर ही उनकी गतिविधि रुकने लगती है। भृंग (बीटल) थोड़े मजबूत होते हैं और करीब 41 डिग्री सेल्सियस तक गर्मी सह सकते हैं। मधुमक्खियां और अन्य कॉलोनी बनाकर रहने वाले कीट इससे थोड़ी अधिक गर्मी झेल सकते हैं। टिड्डे और उनसे मिलती-जुलती प्रजातियां सबसे ज्यादा सहनशील पाई गईं, जो लगभग 44 डिग्री सेल्सियस तक का तापमान सह सकती हैं।

इन समूहों के अंतर को समझने के लिए वैज्ञानिकों ने सैकड़ों कीट प्रजातियों के जेनेटिक डैटा का अध्ययन किया। कंप्यूटर मॉडल की मदद से उन्होंने देखा कि कीटों के शरीर में मौजूद हीट शॉक प्रोटीन की संरचना किस तापमान पर बिखरने लगती है। नतीजे प्रयोगों से मिले परिणामों से मेल खाते थेय जिन प्रजातियों के प्रोटीन अधिक स्थिर थे, वे अधिक गर्मी सहन कर पाए। इससे संकेत मिलता है कि गर्मी सहने की यह सीमा कीटों की जैविक बनावट से जुड़ी है। और जैविक बनावट सहस्राब्दियों में बदलती है। अर्थात इन कीट प्रजातियों की स्थिति कमोबेश स्थिर रहेगी। यह अध्ययन चिंताजनक है। जलवायु मॉडल बताते हैं कि इस सदी के अंत तक उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों का तापमान इतना बढ़ सकता है कि लगभग आधी कीट आबादियां कुछ घंटों तक भविष्य की गर्मी झेलने के बाद बेहोशी जैसी स्थिति में पहुंच सकती हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि इतनी चरम स्थिति आने से पहले ही कीटों की संख्या घटने लग सकती है, क्योंकि लंबे समय तक गर्मी का दबाव उनके जीवित रहने और प्रजनन की क्षमता को कम कर देता है।

कीट पर्यावरण में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। परागण, जैविक कचरे का विघटन करके वे खाद्य संजाल का एक जरूरी हिस्सा होते हैं। अगर उनकी संख्या घटती है, तो इसका असर पूरे पारिस्थितिकी तंत्र पर पड़ सकता है। शोधकर्ता कहते हैं कि यह पूरी तरह स्पष्ट नहीं है कि उष्णकटिबंधीय कीट बदलते मौसम के साथ कैसे तालमेल बिठाएंगे। लेकिन अध्ययन दर्शाता है कि दुनिया के सबसे गर्म इलाकों में तापमान में थोड़ी-सी बढ़ोतरी भी कई कीट प्रजातियों की सहनशीलता को परास्त कर सकती है।

**-स्रोत फीचर्स**

## उड़ते समय भौंरे खुद को ठंडा कैसे रखते हैं


**स्रोत फीचर्स**

भौंरे जबर्दस्त उड़ाके होते हैं। वे लगभग 22 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उड़ सकते हैं। इतनी तेज उड़ान के दौरान उनकी मांसपेशियां फड़फड़ाकर काफी गर्मी पैदा करती हैं। तो उड़ते समय भौंरे का शरीर बहुत गर्म हो सकता है। जैसे कार का इंजन, जिसे ठंडा न किया जाए तो खूब गर्म हो सकता है। तो भौंरे उड़ान के दौरान गर्म होकर झुलस क्यों नहीं जाते?

नए शोध से पता चला है कि वे अपने पंखों की तेज फड़फड़ाहट से बहने वाली हवा के जरिए खुद को ठंडा रखते हैं, जब भौंरा हवा में एक जगह ठहरकर उड़ता है, तो उसके पंखों से नीचे की ओर बहती हवा उसके शरीर का तापमान लगभग 5 डिग्री सेल्सियस तक कम कर देती है। इतने छोटे कीट के लिए यह बहुत बड़ी राहत है। उड़ान के दौरान भौंरों की मांसपेशियां बहुत ज्यादा गर्मी पैदा करती हैं। ठंड में तो यह गर्मी उड़ान के लिए वार्मअप में काम आ जाती है। लेकिन गर्मियों में यह खतरनाक साबित होती है। अतिरिक्त गर्मी से निपटने के उनके कुछ तरीके तो पहले से मालूम हैं। वे अपने वक्षस्थल (जहां उड़ान की मांसपेशियां होती हैं) से गर्मी को शरीर के पिछले हिस्से तक एक खास द्रव के जरिए पहुंचा सकते हैं। वैज्ञानिक यह भी देखते रहे हैं कि धूप उन्हें कितना गर्म करती है और पसीने जैसी प्रक्रिया से उन्हें कितनी ठंडक मिलती है। इन सबको मिलाकर वैज्ञानिक 'ऊष्मा संतुलन मॉडल' कहते हैं। लेकिन अब तक एक बात स्पष्ट नहीं थीरू क्या उनके पंखों से पैदा होने वाला वायु प्रवाह भी उन्हें ठंडा करने में मदद करता है। इसे समझने के लिए वैज्ञानिकों ने भौंरों को एक खास प्रयोगशाला कक्ष में रखा, जहां हवा की गति मापने वाले उपकरण लगे थे। जब भौंरे नकली फूलों के ऊपर मंडरा रहे थे, तब शोधकर्ताओं ने देखा कि उनके आसपास हवा लगभग 0.25 से 2 मीटर प्रति सेकंड की रफ्तार से बह रही थी। धुंध जैसी हल्की फुहार का इस्तेमाल करके उन्होंने यह भी देखा कि हवा उनके शरीर के चारों ओर कैसे फैलती है। यह जानने के लिए कि यह हवा उन्हें कितनी ठंडक देती है, वैज्ञानिकों ने और भी परीक्षण किए। उन्होंने भौंरों के शरीर में बहुत छोटे तापमापी लगाए और हवा की वही स्थिति बनाई। तापमान में बदलाव की तुलना करके उन्होंने पाया कि अगर पंखों से पैदा होने वाली यह ठंडक न मिले, तो भौंरा दो मिनट से भी कम समय में तपकर टपक सकता है। यानी भौंरों के पंखों से पैदा होने वाला हवा का बहाव एक तरह का प्राकृतिक कूलिंग सिस्टम है। हालांकि वैज्ञानिक अभी पूरी तरह नहीं समझ पाए हैं कि जब भौंरे उड़ते-उड़ते आगे बढ़ते हैं, तब यह प्रक्रिया कैसे काम करती है।

# चंद्रमा के प्राचीन चुंबकीय क्षेत्र का रहस्य

**यह भी स्पष्ट हुआ कि दोनों तरह की चट्टानें चुंबकीय जानकारी सहेजकर रखने में समान रूप से सक्षम थीं। यानी फर्क चट्टानों की चुंबकीय सूचना को सहेजने की क्षमता में नहीं, बल्कि इस बात में था कि उनकी चुंबकीय क्षेत्रा पैदा करने की क्षमता में अंतर था। शोधकर्ताओं का अनुमान है कि अरबों साल पहले चंद्रमा के अंदर, मेंटल की गहराई में मौजूद टाइटेनियम-समृद्ध चट्टानें समय-समय पर पिघलती थीं। जिसके लिए गर्मी कोर तथा आसपास के पदार्थ से मिलती था। इससे कुछ समय के लिए कोर में मंथन शुरू हो जाता और एक शक्तिशाली चुंबकीय क्षेत्र बन जाता था।**



लगभग पचास वर्ष पूर्व अपोलो मिशन से लाई गई चंद्रमा की चट्टानों में मौजूद खनिज बताते हैं कि करीब 3.5 अरब साल पूर्व चंद्रमा पर बहुत शक्तिशाली चुंबकीय क्षेत्र था, जो लाखों साल तक बना रहा। लेकिन इतनी ताकतवर चुंबकीय शक्ति के लिए चंद्रमा के भीतर पिघला और गतिशील कोर होना जरूरी है। वैज्ञानिकों का मानना था कि चांद का अपेक्षाकृत छोटी साइज का कोर जल्दी ठंडा हो गया होगा। लेकिन उसी समय की कुछ अन्य चट्टानें संकेत दे रही थीं कि चंद्रमा का चुंबकीय क्षेत्र कमजोर था। इन दोनों अवलोकनों के कारण रहस्य पैदा हुआ।

अब एक नए अध्ययन से राह खुली है। नेचर जियोसाइंस में प्रकाशित शोध के अनुसार, चंद्रमा पर लगातार शक्तिशाली चुंबकीय क्षेत्र नहीं था। बल्कि 4 अरब से 3.5 अरब साल पूर्व के दरम्यान बार-बार सीमित समय के लिए लेकिन बहुत शक्तिशाली चुंबकीय क्षेत्र बनता था। अपोलो मिशन द्वारा लाई गई कुछ ज्वालामुखीय चट्टानों की ध्यानपूर्वक जांच से पता चला कि उनमें कम टाइटेनियम वाली चट्टानों की तुलना में अधिक टाइटेनियम वाली चट्टानों में चुंबकीय शक्ति अधिक थी। यह भी स्पष्ट हुआ कि दोनों तरह की चट्टानें चुंबकीय जानकारी सहेजकर रखने में समान रूप से सक्षम थीं। यानी फर्क चट्टानों की चुंबकीय सूचना को सहेजने की क्षमता में नहीं, बल्कि इस बात में था कि उनकी चुंबकीय क्षेत्र पैदा करने की क्षमता में अंतर था। शोधकर्ताओं का अनुमान है कि अरबों साल पहले चंद्रमा के अंदर, मेंटल की गहराई में मौजूद टाइटेनियम-समृद्ध चट्टानें समय-समय पर पिघलती थीं। जिसके लिए गर्मी कोर तथा आसपास के पदार्थ से मिलती था। इससे कुछ समय के लिए कोर में मंथन शुरू हो जाता और एक शक्तिशाली चुंबकीय क्षेत्र बन जाता था। जब यह पिघला हुआ मैग्मा सतह पर ठंडा होकर ठोस बन जाता, तो उस समय का चुंबकीय असर उसके भीतर दर्ज रह जाता था। इस नए विचार के अनुसार, चंद्रमा पर लगातार और लंबे समय तक बना रहने वाला चुंबकीय क्षेत्र नहीं था। बल्कि वहां बार-बार बहुत शक्तिशाली चुंबकीय क्षेत्र थोड़े-थोड़े समय (5,000 साल से भी कम के समय) के लिए बनता था। शेष लंबे समय तक कमजोर चुंबकीय क्षेत्र रहता था। यही वजह हो सकती है कि कुछ चट्टानों में शक्तिशाली चुंबकीय गुण दिखता है, जबकि उसी समय की अन्य चट्टानों में नहीं। यह अंतर शायद नमूने इकट्ठा करने की जगह के कारण हो सकता है। अपोलो मिशन ज्यादातर ज्वालामुखीय मैदानों में उतरे थे, जहां बार-बार लावा बहा था। संभव है कि वहां ऐसी चट्टानें ज्यादा मिली हों जो विस्फोटों के दौरान बनी थीं, जिससे ऐसा लगा कि चुंबकीय क्षेत्र लंबे समय तक लगातार शक्तिशाली था। कुछ विशेषज्ञों का मत है कि यह नया विचार चंद्रमा के पूरे चुंबकीय इतिहास को नहीं समझा पाता। फिर भी यह जांच के लिए एक नई दिशा जरूर देता है। आगे की प्रगति नए मिशनों से लाए जाने वाले नमूनों की मदद से आगे बढ़ेगी, जैसे चीन के चंद्रमिशन के नमूनों के अध्ययन से।

**-स्रोत फीचर्स**

# चंडीगढ़ : नाम बड़े मगर दर्शन छोटे

भारत में वर्तमान में 8 केंद्र शासित प्रदेशों में चंडीगढ़ अकेला है जिसे सिटी ब्यूटीफुल कहा जाता है। इसकी सबसे बड़ी और अनोखी विशेषता यह है कि यह देश का एकमात्र केंद्र शासित प्रदेश है जो देश के पंजाब और हरियाणा जैसे दो समृद्ध राज्यों की संयुक्त राजधानी है। इसके अतिरिक्त चंडीगढ़ न केवल एक शहर है, बल्कि यह एक स्वतंत्र केंद्र शासित प्रदेश भी है, जो सीधे केंद्र सरकार के अधीन आता है। इसकी स्थापना की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि यह है कि 1947 के भारत विभाजन के बाद जब पूर्वी पंजाब की पुरानी राजधानी लाहौर पाकिस्तान में चली गई तो भारतीय पंजाब को एक नई राजधानी की जरूरत महसूस हुई। उसी समय 1950 के दशक में तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की दूरदर्शिता के परिणाम स्वरूप चंडीगढ़ को आधुनिक भारत के पहले व पूर्णत: नियोजित शहर के रूप में पंजाब की नई राजधानी के तौर पर इसे बनाया गया। इसे विश्व प्रसिद्ध स्विस-फ्रेंच वास्तुकार ले कोर्बुजिए ने डिजाइन किया था। बाद में जब 1 नवंबर 1966 को पंजाब राज्य को भाषाई आधार पर विभाजित कर हरियाणा बनाया गया उस समय चंडीगढ़ को दोनों राज्यों के बीच विवाद से बचने के लिए केंद्र शासित प्रदेश घोषित कर दिया गया और इसे दोनों राज्यों की संयुक्त राजधानी बना दिया गया। आज भी दोनों प्रदेशों की राजधानी होने के बावजूद चंडीगढ़ न तो पूरी तरह पंजाब का है और न हरियाणा का बल्कि यह पूरी तरह केंद्र सरकार द्वारा प्रशासित है।

लगभग 50 आयताकार सेक्टरों में बांटा गए इस चंडीगढ़ में चौड़ी सड़कें, हरियाली, पार्क और आधु. निक इमारतें हैं। यहां कैपिटल कॉम्प्लेक्स के रूप में विधानसभा, सचिवालय व उच्च न्यायालय हैं। यहां विद्युत ,जल निकासी,नाले नालियां सभी भूमिगत हैं। यह शहर यूनेस्को की भी विश्व धरोहर है।यहां स्थित रॉक गार्डन, सुखना झील, रोज गार्डन आदि जगहें इसे पर्यटन स्थल के रूप में पहचान देती हैं। भारत के अन्य शहरों की तुलना में यहां जनघनत्व कम, सड़कें व्यवस्थित और प्रदूषण नियंत्रित होने का दावा किया जाता है। यह भारत में मानव विकास सूचकांक और जीवन की गुणवत्ता में भी शीर्ष पर है। यह ह्पेंशनर्स पैराडाइजह्न भी कहलाता है क्योंकि यहां शांत वातावरण, अच्छी सुविधाएं और उच्च जीवन स्तर है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में यह दूसरे नंबर पर था। आवासीय क्षेत्र, बाजार , जल निकासी और सार्वजनिक शौचालयों के मामले में भी यह सबसे साफ केंद्र शासित प्रदेश गिना जाता है परन्तु इसी चमचमाते चंडीगढ़ का एक दूसरा पहलू भी है जो कि अत्यंत दुखद,शर्मनाक व चंडीगढ़ जैसे सुनियोजित शहर की सुंदरता व इस पर लगे सिटी ब्यूटीफुल के लेबल पर सवाल खड़ा करने वाला है। मिसाल के तौर पर निश्चित रूप से यहां के अधिकांश मुख्य मार्ग साफ सुथरे हैं परन्तु जब आप चंडीगढ़ के घनी आबादी वाले रिहाइशी इलाकों से गुजरें तो आप को पता चलेगा कि चंडीगढ़ की एक बड़ी मध्यम व निम्न मध्यम वर्गीय आबादी किस तरह रहती है। उदाहरण के तौर पर चंडीगढ़ में हेलो माजरा,राम दरबार कालोनी व डड्डू माजरा जैसे अनेक इलाके ऐसे हैं जहां सड़कें खस्ता हाल हैं। गड्ढे हैं ,जगह जगह कूड़ों का ढेर है। गाएं व सांडों का झुण्ड जगह जगह घूमता व चौक चौराहों पर डेरा जमाए नजर आता है। राम दरबार कॉलोनी की टूटी-फूटी सड़कों, गंदगी, जाम नालियों और खराब सफाई घ्प्रबंधन के कारण अपेक्षाकृत चंडीगढ़ के उपेक्षित इलाकों में गिने जाते हैं। ह्राम दरबार वॉर्ड19 की एक बड़ी आबादी वाली बस्ती है, जिसकी मूल सुविधाओं की हालत लगातार घटती जा रही है और समस्याएं दोनोंदिन बढ़ती जा रही हैं।

इसी राम दरबार की शान है एक प्राचीन सूफी स्थल दरबार, माता राम बाई जी,अम्मी हुजूर। चंडीगढ़ को पहचान देने वाला यह अकेला ऐसा स्थान है जो सर्व धर्म समभाव का मुख्य केंद्र है। इससे सटा हुआ एक सार्वजनिक शौचालय है जोकि चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा निर्मित व संचालित है परन्तु आश्चर्य की बात यह है कि इस शौचालय भवन में बिजली का कनेक्शन कटा हुआ है। इसलिए शौचालय के कर्मचारी गैरकानूनी तरीके से इधर उधर से बिजली का तार जोड़कर अपनी जरूरतें पूरी करते हैं। इसी शौचालय के कर्मचारी यह भी बताते हैं कि उन्हें ठेकेदार कई कई महीने तक तनख्वाह नहीं देता और हद तो यह है कि चंडीगढ़ के इसी सार्वजनिक शौचालय ने गंदिगी,बीमारी व प्रदूषण फैलाने की वह इबारत लिखी है जिसकी दूसरी मिसाल शायद ही कहीं देखने को मिले। लाखों रूपये खर्च कर किए गए इस निर्माण में शौचालय की सीवेरज प्रणाली शायद जाम हो गई है। लिहाजा यहां के कर्मचारियों ने शौचालय के पीछे व पवित्र दरबार भवन की दिशा में लगभग 20 फुट लंबा एक गहरा व खुला गड्ढा खोद




कर उसी से सीवेरज को जोड़ दिया है। परिणामस्वरूप शौचालय की सारी गंदिगी आगे बढ़ने के बजाए उसी गड्ढे में हर वक्त भरी रहती है और दुर्गन्ध फैलती रहती है।

इसी जगह के पास प्रत्येक वृहस्पतिवार को एक विशाल मंडी भी लगती है जिसमें हजारों लोग आते जाते हैं। इसी जगह पर कूड़ों का ढेर भी पड़ा रहता है जो आम दिनों में प्रदूषण फैलाता है। परन्तु इंतेहा तो तब हो जाती है जब इन्हीं कूड़े के ढेरों में आग लग जाती है। कई बार अग्निशामक दस्ते के लोगों को आकर यह आग बुझानी पड़ी है। 1 जून 2025 को ददुमाजरा लैंडफिल साइट जोकि 45 एकड़ में फैला कूड़ा का पहाड़ है यहां पर भयानक आग लग गई थी। यह आग तेज हवाओं के कारण तेजी से बड़े क्षेत्र में फैल गई थी। इस आग से निकलने वाले घने काले धुएं ने आसपास के रिहायशी इलाकों को घेर लिया था। लोगों में दहशत फैल गई थी लोगों का दम घुटने लगा था और सांस की तकलीफ और स्वास्थ्य समस्याएं पैदा हो गई थीं। उस समय आग बुझाने के लिए सेक्टर 38, 17, 32, रामद. रबार और मनीमाजरा से एक दर्जन से ज्यादा फायर ब्रिगेड गाड़ियां लगाई गई थीं। यही स्थिति राम दरबार के सामने खुले मैदान पर पड़े कूड़े के ढेर पर कई बार हो चुकी हैं। चंडीगढ़ के सिटी ब्यूटीफुल होने के तमाम सरकारी दावों के बावजूद अभी भी यहां की बड़ी व घनी आबादी जिन समस्याओं का शिकार है उन्हें देखकर तो यही कहा जा सकता है कि चंडीगढ़ के नाम तो बड़े हैं परन्तु दर्शन छोटे हैं।

**-निर्मल रानी**



प्रयागराज। आपूर्ति संकट के बीच खाली एलपीजी के गैस सिलेंडरों के साथ कतार में खड़े होकर रिफिल किए हुए सिलेंडर प्राप्त करने का इंतजार करते हुए लोग।

## अमेरिका को होर्मुज की नाकाबंदी करनी चाहिए: जॉन बोल्टन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व एनएसए जान बोल्टन ने एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका को ईरान के तेल राजस्व को खत्म करने के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकाबंदी करनी चाहिए। जान बोल्टन ने आकलन किया कि पीएम मोदी और राष्ट्रपति ट्रम्प की बातचीत में क्षेत्रीय संघर्ष और ईरानी ऊर्जा पर भारत की निर्भरता पर बात हुई होगी। जान बोल्टन ने कहा कि मुझे लगता है कि पीएम मोदी की सोच साफ है कि वे ईरान से तेल खरीदने के इच्छुक हैं। आज सुबह दो भारतीय जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य से निकले भी हैं। हालांकि इस लेन-देन का असर भू-राजनीति पर पड़ता है।

# ट्रम्प के लिए होर्मुज स्ट्रेट खुलवाना मुश्किल!

### ईरान संकरे रास्ते का फायदा उठा रहा, यहां अमेरिकी वॉरशिप भी सुरक्षित नहीं, सैकड़ों तेल टैंकर दोनों तरफ खड़े हैं और नहीं बढ़ पा रहे

वाशिंगटन। ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच चल रहा युद्ध अब इतना बढ़ गया है कि होर्मुज स्ट्रेट लगभग बंद हो गया है। इस वजह से सैकड़ों तेल टैंकर दोनों तरफ खड़े हैं और आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं। इससे तेल की कीमतें 100 डालर प्रति बैरल को पार कर चुकी हैं। इसका असर पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था पर असर पड़ रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा है कि वह इस समुद्री रास्ते को 'किसी भी तरह' फिर से खोलेंगे। लेकिन एक्सपर्ट्स का कहना है कि यह काम इतना आसान नहीं है।

अगर ईरान से कोई समझौता नहीं होता या अमेरिका कोई बड़ा मिलिट्री एक्शन नहीं लेता, तो इस रास्ते पर पूरी तरह से आवाजाही बहाल करना मुश्किल होगा। ईरान की मजबूती की सबसे बड़ी वजह इस इलाके की भौगोलिक स्थिति है। होर्मुज स्ट्रेट बहुत संकरा और उथला है। यहां से गुजरने वाले जहाजों को ईरान के पहाड़ी तट के बहुत करीब से गुजरना पड़ता है। यही वजह है कि ईरान इस इलाके का फायदा उठाकर दुश्मनों पर हमले



■ ईरान की मजबूती की सबसे बड़ी वजह इस इलाके की भौगोलिक स्थिति है होर्मुज स्ट्रेट बहुत संकरा और उथला है

करता है। ईरान के पास ऐसे हथियार हैं जो छोटे होते हैं, आसानी से छिपाए जा सकते हैं और अचानक इस्तेमाल किए जा सकते हैं। ये हथियार पहाड़ों, गुफाओं और सुरंगों में छिपे होते हैं। जरूरत पड़ने पर इन्हें तट के पास से ही लान्च किया जा सकता है। इस वजह से जहाजों को हमला होने पर प्रतिक्रिया देने के लिए बहुत कम समय मिलता है। जैसे ही मिसाइल या ड्रोन दिखाई देता है, उसके बाद कार्रवाई के लिए सिर्फ कुछ मिनट ही होते हैं। ट्रम्प ने इस रास्ते को खोलने के लिए कई बार अलग-अलग दावे कर चुके हैं। एक बार तो उन्होंने यह भी कहा कि वह ईरान के सुप्रीम लीडर के साथ मिलकर इस रास्ते को कंट्रोल कर सकते हैं। लेकिन असल में अमेरिका जिन विकल्पों पर विचार कर रहा है, उनमें ज्यादातर सैन्य कार्रवाई ही शामिल है। अगर अमेरिका सैन्य ताकत से इस रास्ते को खोलना चाहता है, तो सबसे पहले उसे ईरान की हमले की क्षमता खत्म करनी होगी। यानी उसे मिसाइल सिस्टम, ड्रोन और उन ठिकानों को नष्ट करना होगा जहां से ईरान जहाजों पर हमला कर सकता है, लेकिन अब तक अमेरिका और इजरायल के हजारों हमलों के बावजूद ईरान की यह क्षमता पूरी तरह खत्म नहीं हुई है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि ईरान के पास कई जगहों पर मिसाइल बैटरी हो सकती हैं और वे मोबाइल भी होती हैं, यानी उन्हें जल्दी-जल्दी एक जगह से दूसरी जगह ले जाया जा सकता है। इसलिए उन्हें ढूंढना और खत्म करना बहुत मुश्किल है। ट्रम्प ने यह भी कहा है कि जहाजों को सुरक्षित निकालने के लिए नौसेना के जहाज उनके साथ चल सकते हैं। इसे एस्कार्ट ऑपरेशन कहा जाता है। इसमें वारशिप टैंकरों के साथ चलेंगे, ऊपर से विमान निगरानी करेंगे, ड्रोन को मार गिराएंगे और तट पर मौजूद मिसाइल ठिकानों पर हमला करेंगे। इसके साथ ही समुद्र में अगर बारूदी सुरंगें (माइंस) बिछाई गई हैं, तो उन्हें हटाने के लिए माइंसवीपर जहाजों को लगाया जाएगा। लेकिन यह सब करना बहुत बड़ा और जटिल सैन्य अभियान होगा। इसमें काफी समय, संसाधन और जोखिम शामिल होंगे। वारशिप खुद भी इस इलाके में पूरी तरह सुरक्षित नहीं हैं। एक्सपर्ट्स का कहना है कि होर्मुज जैसे संकरे इलाके में जहाजों को चारों तरफ से खतरा रहता है। ड्रोन और मिसाइल से बचाव करना यहां और मुश्किल हो जाता है। सबसे बड़ा खतरा समुद्र में बिछाई गई माइंस से है।

## ट्रम्प को ईरान ने भेजा महंगा तोहफा!

**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में लगातार बढ़ते तनाव और संघर्ष के बीच डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के साथ चल रही बातचीत और शांति प्रयासों को लेकर बड़ा बयान दिया है। ट्रम्प का कहना है कि दोनों पक्ष इस समय गंभीर बातचीत में हैं और समझौते की संभावना बनी हुई है। ट्रम्प ने खुलासा किया कि अमेरिका एक विशाल बिजली उत्पादन संयंत्र को निशाना बनाने वाला था, लेकिन बातचीत को ध्यान में रखते हुए यह कदम फिलहाल टाल दिया गया। उनका कहना है कि ईरान की अधिकांश मिसाइलें और एंटी-एयरक्राफ्ट सिस्टम पहले ही निष्क्रिय हो चुके हैं। उनका कहना है कि अमेरिकी विमान सीधे तेहरान और अन्य हिस्सों में उड़ान भर रहे हैं और ईरान कुछ कर पाने में असमर्थ है। उन्होंने कहा वे पूरी तरह से हार चुके हैं। सैन्य रूप से वे निष्प्रभावी हैं। शांति के प्रयासों को लेकर उन्होंने कहा कि उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि ईरान के पास कभी परमाणु हथियार न हों। ईरान ने भी इस बात का आश्वासन दिया है कि वे कभी परमाणु हथियार नहीं बनाएंगे। जहां तक ईरान में किससे बातचीत हो रही है, ट्रम्प ने बताया कि पहले अमेरिकी कार्रवाई में ईरान के कई नेता समाप्त कर दिए गए। अब सामने एक नया नेतृत्व है, जो पहले के नेताओं से पूरी तरह अलग है और इस बदलाव से शासन और रणनीति में महत्वपूर्ण अंतर आया है।

# तेहरान ने वाशिंगटन से बातचीत को किया इन्कार

### अमेरिका ने ईरान को युद्ध समाप्त करने के लिए भेजा था 15 सूत्री योजना प्रस्ताव

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष को समाप्त करने के उद्देश्य से ईरान को 15 सूत्री प्रस्ताव दिया है जो 28 फरवरी को युद्ध शुरू होने के बाद से सबसे महत्वपूर्ण राजनयिक पहल हो सकती है। हालांकि ईरान ने किसी भी प्रकार की बातचीत होने से स्पष्ट इन्कार किया है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने अधिकारियों के हवाले से बताया कि यह प्रस्ताव पाकिस्तान में मध्यस्थों के माध्यम से भेजा गया था।

समाचार एजेंसी रॉयटर्स ने भी इस मामले से परिचित सूत्रों के हवाले से इस योजना की पुष्टि की है। लगभग चार सप्ताह पहले 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' के अंतर्गत अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर किए गए संयुक्त हमलों के बाद बढ़ते संघर्ष के बीच यह राजनयिक प्रयास किया जा रहा है। इसके जवाब में, ईरान ने इजरायली शहरों पर लगातार मिसाइल और ड्रोन हमले किए हैं, क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है और होर्मुज जलडमरूमध्य से पश्चिमी देशों से जुड़े जहाजों के आवागमन को प्रभावी रूप से प्रतिबंधित किया है। इस बीच, ईरान और लेबनान पर इजरायल के हमले जारी हैं और तेल अवीव के चैनल 12 ने प्रस्ताव के प्रमुख बिंदुओं की रिपोर्ट दी, जिसमें अमेरिकी मांगों और संभावित रियायतों दोनों की रूपरेखा दी गई है, हालांकि किसी भी सरकार ने आधिकारिक रूप से पूरा दस्तावेज जारी नहीं किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि

■ यह प्रस्ताव पाक में मध्यस्थों के माध्यम से भेजा गया था

वाशिंगटन ईरान में सही लोगों से बातचीत कर रहा है और दावा किया कि तेहरान समझौते पर पहुंचने के लिए उत्सुक है। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष 15 बिदुओं पर सहमत हुए हैं जिनमें ईरान द्वारा परमाणु हथियार हासिल न करने की प्रतिबद्धता भी शामिल है।

ट्रम्प ने यह भी सुझाव दिया कि अगर कोई समझौता हो जाता है तो होर्मुज जलडमरूमध्य जल्द ही फिर से खुल सकता है और संकेत दिया कि इस तरह की व्यवस्था के तहत ईरान के समृद्ध यूरेनियम भंडार को अमेरिका द्वारा अपने कब्जे में लिया जा सकता है। ईरानी अधिकारियों ने इन दावों को सिरे से खारिज कर दिया है। ईरानी विदेश मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि वाशिंगटन के साथ कोई बातचीत नहीं हो रही है, जबकि संसद अध्यक्ष मोहम्मद बगेर ग़ालिबाफ़ ने इन रिपोर्टों को वैश्विक वित्तीय और तेल बाजारों को प्रभावित करने के उद्देश्य से फैलाई गई फर्जी खबर करार दिया। उन्होंने आगे कहा कि ईरान में जनता की भावना आक्रमणकारियों के खिलाफ कड़ी प्रतिक्रिया देने की है। दोनों पक्षों द्वारा बिल्कुल अलग-अलग दृष्टिकोण प्रस्तुत किए जाने के बाद, संघर्ष को कम करने के लिए बढ़ते अंतर्राष्ट्रीय दबाव के बावजूद बातचीत के माध्यम से समाधान की संभावना अनिश्चित बनी हुई है।

## ईरान की अमेरिका को दो टूक चेतावनी

**तेहरान।** पश्चिम एशिया में जारी संकट गहराता जा रहा है। इस बीच, ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कार्प्स (आईआरजीसी) ने बुधवार को एक बार फिर अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा कि जारी संघर्ष में हो रहे घटनाक्रम को कूटनीतिक कामयाबी के रूप में पेश न किया जाए। उन्होंने कहा, अपनी हार को समझौता न कहो।

जब वह नहीं चाहेंगे, तब तक कोई भी पुरानी स्थिति बहाल नहीं हो पाएगी। आईआरजीसी के खातम अल-अनबिया केंद्रीय मुख्यालय (केएसीएचक्यू) के प्रवक्ता ने अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा, अपनी हार को समझौता मत कहो। उन्होंने कहा, अब क्षेत्र में आपके निवेश की कोई खबर नहीं होगी और न ही आपको उर्जा व तेल के पहले जैसे दाम देखने को मिलेंगे। उन्होंने आगे कहा, जब तक हम नहीं चाहेंगे, तब तक कोई भी स्थिति अपने पुराने हाल में वापस नहीं लौटेगी। यह बयान ऐसे समय में आया है, जब ईरान, अमेरिका और इजरायल के बीच टकराव लगातार बढ़ रहा है। एक ओर सैन्य गतिविधियां तेज हो रही हैं। वहीं, दूसरी ओर कूटनीतिक बातचीत की संभावनाओं की खबरें सामने आ रही हैं, जो पूरे क्षेत्र की स्थिति को प्रभावित कर रही हैं। आईआरजीसी के प्रवक्ता ने क्षेत्र के देशों से अपील की कि वे अमेरिका, यहूदी राष्ट्रवादी

■ कहा: जब तक हम नहीं चाहेंगे पुरानी स्थिति बहाल नहीं होगी पश्चिम एशिया में जारी संकट गहराता जा रहा

(जायनिस्ट) शासन के खिलाफ एकजुट हों। उन्होंने अमेरिकी की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुए कहा, हमें किसी दूर बैठे ऐसे देश की जरूरत नहीं, जो इजरायल को प्राथमिकता देता है और आपको जानवरों की तरह समझता है।

उन्होंने यह भी सवाल किया कि क्या अमेरिका वास्तव में क्षेत्र के देशों की सुरक्षा के लिए आगे आएगा। उन्होंने कहा, क्या अमेरिकी आपकी रक्षा में एक भी गोली चलाएंगे? केएसीएचक्यू सीधे ईरान के सर्वोच्च नेता के अधीन है और यह इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कार्प्स (आईजीसी) व ईरानी सेना के बीच परिचालन में तालमेल बनाने व नियंत्रण का काम करता है। आईआरजीसी के प्रवक्ता की ये टिप्पणियां ईरान की व्यापक रणनीति को दर्शाती हैं, जिसमें वह इस टकराव को बड़े भू-राजनीतिक संघर्ष के रूप में पेश कर रहा है और इस्लामी देशों से एकजुट होने की अपील कर रहा है। ईरान ने अमेरिका से बातचीत से इन्कार किया है। ईरान ने सार्वजनिक रूप से अमेरिका के साथ किसी भी तरह की बातचीत के दावों को खारिज किया है।

## मेटा पर लगाया 3100 करोड़ का जुर्माना

**न्यू मैक्सिको।** अमेरिका के न्यू मैक्सिको में एक जूरी ने मेटा को बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने और अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स पर बाल यौन शोषण से जुड़े खतरों को छिपाने का दोषी ठहराया। करीब सात हफ्ते चले इस ट्रायल के बाद आए इस फैसले को टेक कंपनियों के खिलाफ सख्ती के बढ़ते रुझान के रूप में देखा जा रहा है।

जूरी ने राज्य के अभियोजकों के पक्ष में फैसला सुनाते हुए कहा कि मेटा (इंस्टाग्राम, फेसबुक और व्हाट्सएप का मालिक) ने सुरक्षा से ज्यादा मुनाफे को प्राथमिकता दी। जूरी ने माना कि कंपनी ने बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य और यौन शोषण के खतरों को लेकर भ्रामक जानकारी दी और अनुचित व्यापारिक तरीकों का इस्तेमाल किया। जूरी ने पाया कि हजारों उल्लंघन हुए हैं, जिनके आधार पर 375 मिलियन डालर यानी करीब 3100 करोड़ भारतीय रुपये का जुर्माना तय किया गया, जो अभियोजन पक्ष की मांग से काफी कम है। हालांकि, कंपनी का बाजार मूल्य लगभग 1.5 ट्रिलियन डालर है और फैसले के बाद उसके शेयरों में करीब 5 प्रतिशत की बढ़त देखी गई। फिलहाल मेटा को तुरंत अपने कामकाज में



■ कोर्ट ने बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने का ठहराया दोषी

बदलाव करने के लिए बाध्य नहीं किया गया है। अब यह तय करना एक जज के ऊपर होगा कि क्या मेटा के प्लेटफार्म्स सार्वजनिक नुकसान का कारण बने और क्या कंपनी को इससे जुड़े नुकसान की भरपाई करनी होगी। इस मामले की अगली सुनवाई मई में होगी। मेटा के प्रवक्ता ने फैसले से असहमति जताते हुए कहा कि कंपनी इसके खिलाफ अपील करेगी। उन्होंने कहा कि मेटा अपने प्लेटफार्म्स पर लोगों को सुरक्षित रखने के लिए लगातार काम करती है और हानिकारक कंटेंट को हटाने की कोशिश करती है। यह मामला सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स के खिलाफ बढ़ते कानूनी मामलों में से एक है।

## डेनमार्क में पीएम फ्रेडरिक्सन की पार्टी बहुमत से 6 सीट दूर

**डेनमार्क।** डेनमार्क में हुए आम चुनाव में प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन को बड़ा झटका लगा है। उनकी पार्टी बहुमत के आंकड़े से 6 सीट दूर रह गई, जिससे सरकार बनाना अब मुश्किल हो गया है। फ्रेडरिक्सन की सोशल डेमोक्रेट पार्टी और उनके सहयोगी दल मिलकर 84 सीटें ही हासिल कर सके, जबकि बहुमत के लिए 90 सीटों की जरूरत होती है।

इस चुनाव में फ्रेडरिक्सन ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ ग्रीनलैंड को लेकर हुए विवाद को बड़ा मुद्दा बनाया था। माना जा रहा था कि इस कड़े रुख से उन्हें चुनावी फायदा मिलेगा, लेकिन नतीजों में इसका असर नहीं दिखा। चुनाव में घरेलू मुद्दे जैसे महंगाई, अर्थव्यवस्था और



■ ट्रम्प से ग्रीनलैंड विवाद का फायदा नहीं मिला

वेलफेयर ज्यादा हावी रहे। हालांकि फ्रेडरिक्सन की पार्टी अब भी सबसे बड़ी पार्टी है और उन्होंने सरकार बनाने की इच्छा जताई है, लेकिन इसके लिए उन्हें अन्य दलों का समर्थन जुटाना होगा। इस बीच, 14 सीटों वाली माडरेट्स पार्टी किंगमेकर की भूमिका में आ गई है, जो तय करेगी कि अगली सरकार किसकी बनेगी।

## 48 साल बाद जगन्नाथ मंदिर के रत्नों की गिनती शुरू

**पुरी।** पुरी के जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार (खजाने) की गिनती और लिस्ट बनाने की प्रक्रिया 48 साल बाद बुधवार से शुरू हो गई। 'रत्न भंडार' भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा के कीमती आभूषणों का खजाना है। जगन्नाथ मंदिर प्रशासन के अनुसार यह काम तय शुभ समय (दोपहर 12:09 से 1:45 बजे के बीच) में शुरू किया गया। इसमें केवल अधिकृत लोगों को ही प्रवेश दिया गया। इस प्रक्रिया से मंदिर की हर दिन की पूजा-पाठ पर कोई असर नहीं पड़ेगा। श्रद्धालुओं को बाहर के बैरिकेड (बाहर कथा) से दर्शन की अनुमति है, जबकि अंदर वाले हिस्से (भीतर कथा) में इस दौरान प्रवेश बंद रखा गया है।

# ईरान के साथ शांति वार्ता पर असमंजस

### यूएन में बोले इजरायली राजदूत: कोई बातचीत नहीं, ऑपरेशन जारी

**न्यूयार्क।** ईरान और अमेरिका की शांति वार्ता पर असमंजस की स्थिति बरकरार है। अमेरिकी राष्ट्रपति दावा कर रहे हैं कि ईरान के साथ बातचीत जारी है, जबकि ईरान की सेना ने इससे इन्कार किया है। अब इजरायल ने कहा है कि उन्हें ईरान के साथ बातचीत की कोई जानकारी नहीं है और उनका ऑपरेशन जारी है।

अमेरिका और ईरान की शांति वार्ता को लेकर असमंजस जारी है। अब संयुक्त राष्ट्र में इजरायल के राजदूत डैनी डैनन ने भी ईरान के साथ संभावित शांति वार्ता में किसी भी भागीदारी से इन्कार किया है। संयुक्त राष्ट्र में मीडिया से बातचीत करते हुए डैनन ने कहा कि मुझे किसी भी बातचीत में हमारी भागीदारी की जानकारी नहीं है। हम अपना ऑपरेशन जारी

■ इजरायल और अमेरिका मिलकर ईरान के सैन्य ठिकानों को निशाना बना रहे हैं: डैनी डैनन



रखे हुए हैं। उन्होंने साफ किया कि इजरायल और अमेरिका मिलकर ईरान के सैन्य ठिकानों को निशाना बना रहे हैं और यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

डैनन ने कहा कि किसी भी सैन्य अभियान के बाद कूटनीति जरूरी होती है, लेकिन इजरायल यह सुनिश्चित करेगा कि ईरान न तो परमाणु क्षमता हासिल कर सके और न ही बैलिस्टिक मिसाइल क्षमता विकसित कर पाए। मुझे लगता है कि हमने बहुत कुछ हासिल कर लिया है, लेकिन ईरान इसे मानने को तैयार नहीं है। हमने ईरानी शासन को कमजोर कर दिया है, लेकिन हम ये सुनिश्चित करेंगे कि ऐसे हालात न बनने पाएं कि ईरान को फिर से मजबूत होने का मौका मिले। इजरायली राजदूत ने दावा किया कि इजरायल क्षेत्र में शांति और स्थिरता का पक्षधर है, जबकि ईरान का रुख इसके विपरीत है। डैनन ने आरोप लगाया कि ईरान क्षेत्र में अस्थिरता फैलाने के लिए जिम्मेदार है। इजरायली राजनयिक ने कहा कि हर देश को अपने आप से पूछना चाहिए कि कौन शांति ला रहा है और कौन अराजकता? इजरायल क्षेत्र में स्थिरता लाने की कोशिश कर रहा है और ईरान इसका उल्टा कर रहा है। ईरान ने एक महीने में 13 देशों पर हमले किए हैं। इजरायल ने अपने 77 साल के इतिहास में कभी भी 13 देशों से लड़ाई नहीं की। इससे समझ सकते हैं कि ईरान अस्थिरता के लिए जिम्मेदार है। इससे पहले संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में संबोधन के दौरान भी डैनन ने ईरान पर हमास जैसे संगठनों को समर्थन देने का आरोप लगाया।

## 1971 हत्याकांड था सुनियोजित कत्लेआम: तारिक रहमान

**ढाका।** बांग्लादेश में 25 मार्च को मनाए जाने वाले नरसंहार दिवस पर प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने 1971 के हत्याकांड को सुनियोजित नरसंहार बताते हुए शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि 25 मार्च 1971 का दिन बांग्लादेश के इतिहास में सबसे काले और क्रूर दिनों में से एक है, जब पाकिस्तानी सेना ने 'ऑपरेशन सर्चलाइट' के नाम पर निहत्थे नागरिकों पर हमला किया। प्रधानमंत्री ने बताया कि उस रात ढाका विश्वविद्यालय, पिलखाना और राजारबाग पुलिस लाइंस समेत कई जगहों पर शिक्षकों, बुद्धिजीवियों और आम नागरिकों को निशाना बनाकर अंधाधुंध गोलियां चलाई गईं। इस हमले में बड़ी संख्या में लोगों की मौत हुई।

# पीएम शेख हसीना ने यूनुस पर साधा निशाना

### बोलीं: बांग्लादेश में अंतरिम सरकार ने किया बलिदानियों के खून का अपमान

**ढाका।** बांग्लादेश में 25 मार्च को शनरसंहार दिवसश के रूप में मनाया जा रहा है। हालांकि, इस बीच देश की राजनीति में उबाल आ गया है। दरअसल, पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने यूनुस पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

हसीना ने कहा है कि जिस देश को लाखों शहीदों के खून से सींचा गया, वहां 1971 के नरसंहार के दोषियों को पुनर्वासित करने की साजिश रची जा रही है। अवामी लीग के सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर शेख हसीना ने एक संदेश जारी किया है। उन्होंने 1971 की उस खौफनाक रात को याद किया। उन्होंने कहा कि 25 मार्च 1971 की रात बांग्लादेशी लोगों के जीवन की सबसे भयावह रात थी। इसी रात पाकिस्तानी सेना ने 'आपरेशन सर्चलाइट' शुरू किया था। इस आपरेशन का मकसद बंगाली



■ महज 9 महीनों के भीतर 30 लाख से ज्यादा लोगों को मौत के घाट उतार दिया गया
■ बर्बरता इतनी चरम पर थी कि बंगाली इतिहास में इसके लिए कोई शब्द तक नहीं था: हसीना

समुदाय का नामोनिशान मिटाना था। हसीना ने कहा कि महज 9 महीनों के भीतर 30 लाख से ज्यादा लोगों को मौत के घाट उतार दिया गया। उन्होंने कहा कि यह बर्बरता इतनी चरम पर थी कि बंगाली इतिहास में इसके लिए कोई शब्द तक नहीं था। इसीलिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इसे नरसंहार का नाम दिया गया। इतना ही नहीं, बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने मोहम्मद यूनुस को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय दबाव के बावजूद अपराधियों को सजा दिलाने का काम किया था। हसीना ने कहा कि यूनुस सरकार के कार्यकाल में न केवल ट्रायल को रोक दिया गया है, बल्कि सजायाफ्ता युद्ध अपराधियों को रिहा किया गया। हद तो तब हो गई जब मौत की सजा पाए एक युद्ध अपराधी को संसद का सदस्य तक बना दिया गया। यह उन लाखों शहीदों के बलिदान का अपमान है। पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश में एक चलन शुरू हो गया है। अब शहीदों की यादों को मिटाने और इतिहास को तोड़ने-मरोड़ने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी विचारधारा को फिर से बांग्लादेश में थोपा जा रहा है। यह मुक्ति संग्राम की भावना पर सीधा हमला है। हसीना ने देश की जनता से अपील की है। उन्होंने कहा कि सभी लोग एकजुट हों और उन ताकतों का विरोध करें जो हत्यारों का पुनर्वास कर रही हैं। हसीना के इस बयान ने बांग्लादेश की आंतरिक राजनीति में एक नई बहस छेड़ दी है, खासकर ऐसे समय में जब देश अपनी आजादी के इतिहास को सहेजने और भविष्य की दिशा तय करने के बीच खड़ा है।

## 30 हजार फीट पर फ्लाइट में हंगामा

**जयपुर।** हवा में 30 हजार फीट की ऊंचाई पर मौत का खौफ और सिरफिरे उपद्रवियों का तांडव...यह किसी फिल्म का सीन नहीं, बल्कि इंडिगो की गुवाहाटी-दिल्ली फ्लाइट में घटी वो हकीकत है जिसने यात्रियों की सांसें अटका दी थीं।

घटना 8 मार्च की है। रात के करीब 8:30 बजे थे। इंडिगो की फ्लाइट ने गुवाहाटी से दिल्ली के लिए उड़ान भरी ही थी। तभी फ्लाइट में सवार तीन युवकों ने अचानक चीखना-चिल्लाना शुरू कर दिया-प्लेन क्रैश होने वाला है। इस अफवाह ने पूरे केबिन में दहशत फैला दी। सफर कर रहे बच्चे-महिलाएं डर के मारे रोने लगीं। जब एयर होस्टेस और क्रू मेंबर्स ने इन उपद्रवियों को समझाने

■ आईपीएस ने किया कंट्रोल, तीन युवक नशे में चिल्लाने लगे-प्लेन क्रैश होने वाला है, रोने लगे थे बच्चे-महिलाएं

की कोशिश की, तो वे उनसे भी उलझ गए। राजस्थान कैडर के आईपीएस पंकज चौधरी भी उसी फ्लाइट में सफर कर रहे थे। हंगामा बढ़ता देख पंकज चौधरी आरोपियों के पास पहुंचे। उन्होंने न केवल उपद्रवी युवकों को कंट्रोल किया, बल्कि फ्लाइट लैंड होते ही सीआईएसएफ बुलाकर उनके हवाले किया। पंकज चौधरी ने ने कहा कि यह कुछ विशेष घटना है। मैं पिछले 15-20 साल से हवाई यात्रा कर रहा हूं। फ्लाइट में ऐसी घटना मैंने कभी नहीं देखी।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108